| मौसम | | |
|---|---|---|
| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
| धनबाद | 31.2 | 24.0 |
| जमशेदपुर | 31.9 | 24.5 |
| डालटनगंज | 33.7 | 23.2 |

तापमान डिग्री सेल्सियस में.


*

धनबाद, रांची एवं पटना से प्रकाशित

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

www.lagatar.in | रांची, शनिवार 19 अक्टूबर 2024 ● कार्तिक कृष्ण पक्ष 02, संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ ~~6~~ ● वर्ष : 2, अंक : 189 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र


## सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 72,900 |
| चांदी (किलो) | 97,000 |

## ब्रीफ खबरें

### विराट कोहली ने पूरे किए अपने 9000 रन

**बेंगलुरु।** भारतीय टीम के बल्लेबाज विराट कोहली ने न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टेस्ट में एक जबरदस्त रिकॉर्ड लिस्ट में अपनी जगह बनाई. वह टेस्ट में 9 हजार रन पूरा करने वाले भारत के चौथे बल्लेबाज बन गए हैं. उनसे पहले इस मुकाम तक महान सुनील गावस्कर, सचिन तेंदुलकर और राहुल द्रविड़ ही पहुंच सके. बेंगलुरु टेस्ट के तीसरे दिन दूसरी पारी में विराट कोहली ने हाफ सेंचुरी जड़ी. इस दौरान 42वें ओवर की चौथी गेंद पर सिंगल लेते हुए टेस्ट करियर में 9 हजार रन पूरे किए.- **खेल पेज भी देखें**

### शीर्ष कोर्ट की सुनवाई का होगा सीधा प्रसारण

**नयी दिल्ली।** एक अहम कदम उठाते हुए सुप्रीम कोर्ट ने सभी मामलों की सुनवाई का सीधा प्रसारण करने का फैसला किया है. शीर्ष अदालत की सभी बेंचों की लाइव-स्ट्रीमिंग की सुविधा देनेवाला एक ऐप परीक्षण के अंतिम चरण में है. इससे पहले यानी अब तक सिर्फ संविधान पीठ के समक्ष मामलों की सुनवाई का ही सीधा प्रसारण होता था, लेकिन चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की पहल पर इसे सभी बेंच तक विस्तारित करने का फैसला किया गया है. यह पहला मौका है जब हर रोज की सुनवाई का नियमित सीधा प्रसारण करने का फैसला किया गया है.

### मोदी ब्रिक्स सम्मेलन में भाग लेने रूस जाएंगे

**नयी दिल्ली।** पीएम नरेंद्र मोदी ब्रिक्स सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए रूस जाएंगे. विदेश मंत्रालय के मुताबिक पीएम मोदी कज़ान में आयोजित हो रहे 16वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के निमंत्रण पर रूस की यात्रा करेंगे. पीएम मोदी 22-23 अक्टूबर तक रूस के दौरे पर रहेंगे. अपनी यात्रा के दौरान पीएम के कज़ान में ब्रिक्स सदस्य देशों के अपने समकक्षों और आमंत्रित नेताओं के साथ द्विपक्षीय बैठकें करेंगे. इस वर्ष के सम्मेलन का विषय न्यायसंगत वैश्विक विकास और सुरक्षा के लिए बहुपक्षवाद को मजबूत करना है.

### आप नेता सत्येंद्र जैन को मिली जमानत

**नयी दिल्ली।** दिल्ली सरकार के पूर्व मंत्री और आम आदमी पार्टी के नेता सत्येंद्र जैन को दिल्ली हाईकोर्ट ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में जमानत दे दी है. कोर्ट ने उन्हें सशर्त जमानत दी है, वह देश से बाहर नहीं जा सकेंगे. कोर्ट ने कहा कि सत्येंद्र जैन ने करीब 18 महीने तक जेल में बंद रहकर सजा काटी है. हालांकि ईडी ने सत्येंद्र जैन की जमानत का विरोध किया. लेकिन कोर्ट ने कहा कि उन्होंने जेल में लंबी सजा काटी है. कोर्ट ने कहा कि सत्येंद्र जैन की जमानत अर्जी मंजूर की जाती है, उन्हें 50,000 रुपए का निजी मुचलके पर बेल दी जाती है.

**झारखंड विस चुनाव : एनडीए में सीटों के बंटवारे पर लगी मुहर**

# आजसू 10, जदयू दो लोजपा को 1 सीट

**बाकी 68 सीटों पर भाजपा उतारेगी प्रत्याशी, जल्द जारी होगी पहली सूची**

**शुभम किशोर। रांची**

झारखंड विधानसभा चुनाव को लेकर एनडीए में सीटों का बंटवारा हो गया है. आजसू 10 सीटों पर लड़ेगी, जबकि जदयू को 2 सीट दी गई है. वहीं चिराग पासवान की पार्टी एलजेपी को चतरा की एक सीट दी गई है, बाकी 68 सीटों पर भाजपा चुनाव लड़ेगी. केंद्रीय कृषि मंत्री और झारखंड के लिए भाजपा के चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान ने कहा, झारखंड में भाजपा, ऑल झारखंड स्टूडेंट्स यूनियन (आजसू), जनता दल यूनाइटेड और लोक जनशक्ति पार्टी (आर) मिलकर चुनाव लड़ेंगे. सीट बंटवारे पर भी सहमति बन गई है और जल्द ही उम्मीदवारों की घोषणा की जाएगी.

असम के मुख्यमंत्री और झारखंड भाजपा चुनाव सह प्रभारी हिमंता विस्वा सरमा ने कहा कि चुनाव पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लड़ा जाएगा. भाजपा 68 सीटों पर चुनाव लड़ेगी और आजसू को 10 सीटें दी गई हैं. शुक्रवार को रांची के हरमू स्थित झारखंड भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित साझा प्रेस कॉन्फ्रेंस में भाजपा और आजसू के नेताओं ने सीट शेयरिंग का ऐलान किया. हिमंता विस्वा सरमा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि सीटों के बंटवारे की घोषणा सभी पार्टियों से बातचीत के बाद की गई है. हालांकि एक-दो सीटों में आपसी सहमति से बदलाव की संभावना है. उन्होंने कहा कि एनडीए पूरी मजबूती के साथ चुनावी मैदान में उतरेगा. हमें पूरा विश्वास है कि हम राज्य में बहुमत की सरकार बनाएंगे.

प्रेस कॉन्फ्रेंस में केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान, आजसू पार्टी के अध्यक्ष सुदेश महतो और चंद्रप्रकाश चौधरी भी मौजूद रहे. इस मौके पर आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो ने कहा कि झारखंड के मौजूदा हालातों को लेकर जनता को आगाह करने का काम करेंगे. यह चुनाव पीएम मोदी के मार्गदर्शन में लड़ा जाएगा. उन्होंने भरोसा जताया कि राज्य में एनडीए की सरकार बनेगी. चुनाव में हम पूरी जान लगा देंगे.

**समय के हिसाब से सीट शेयरिंग में हो सकता है परिवर्तन**

*हिमंता विस्वा सरमा ने कहा कि यह चुनाव हम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए के साथ लड़ेंगे. झारखंड में एनडीए के प्रमुख घटक दल आजसू, जदयू और लोजपा हैं. सीट पर चर्चा आगे भी चलेगी और समय के हिसाब से परिवर्तन भी होगा. हिमंता ने कहा कि बाकी सीट पर बीजेपी चुनाव लड़ेगी. हालांकि एक-दो सीट पर चर्चा चल रही है.*




**आजसू इन 10 सीटों पर चुनाव लड़ेगी**

1- सिल्ली
2- रामगढ़
3- गोमिया
4- ईचागढ़
5- मांडू
6- जुगसलाई
7- डुमरी
8- पाकुड़
9- लोहरदगा
10- मनोहरपुर

**2 सीटों पर जदयू**

1-जमशेदपुर पश्चिम
2- तमाड़

**एक सीट चतरा पर लोजपा लड़ेगी**

### रीजनल और नेशनल सब्जेक्ट को साथ लेकर चलेंगे : सुदेश

आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो ने कहा कि हमने झारखंड विधानसभा चुनाव संयुक्त रूप से लड़ने की घोषणा की है. राज्य की जनता दोनों दलों को एक साथ देखना चाहती है. हेमंत सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि 2019 में जिन्होंने कमान संभाला, हर लोग इस तकलीफ से निजात चाहता है. जनता का समीकरण तैयार हो रहा है. कहा कि निजी हित और स्वार्थ में शासन और विकास विलुप्त है. राजनीतिक जवाबदेही के रूप में हम मिलकर नया जनादेश देने की तैयारी कर चुके हैं. हम रीजनल और नेशनल सब्जेक्ट को साथ लेकर चलेंगे. राज्य को तरक्की के पैमाने पर खड़ा करना हमारी प्राथमिकता है. उन्होंने कहा कि कुछ सीट को लेकर चर्चा चल रही है. जो भी करेंगे, मिलकर करेंगे. हमारी कोशिश है कि एनडीए की बड़ी जीत हो.

### झारखंड सरकार ने जनता को जमकर ठगने का किया है काम : बाबूलाल मरांडी

बाबूलाल मरांडी ने कहा कि इंडिया गठबंधन ने पांच वर्षों में झारखंड की जनता को सिर्फ छला है. जनता ठगा महसूस कर रही है. एनडीए जनता को इस तकलीफ से निकलना चाहती है. झारखंड सरकार ने राज्य के नौजवानों को भी ठगने का काम किया है. कहा कि हेमंत सोरेन ने अपने पिताजी का कसम खाकर कहा था कि अगर पांच लाख नौकरी नहीं मिलेगी तो हम संन्यास ले लेंगे. लेकिन उन्होंने ऐसा नहीं किया. उन्होंने विधानसभा में खड़े होकर बेरोजगारी भत्ता देने की बात कही थी. लेकिन आज तक नहीं मिला. हेमंत सोरेन लड़कियों को भी सुरक्षा भी नही दे पाये. 2022 में दुष्कर्म के मामले में पूरे देश में झारखंड प्रथम स्थान पर रहा. आदिवासियों की जमीन का फर्जी कागजात बना कर बेच डाला. आज झारखंड की डेमोग्राफी भी बदल गयी है. संथाल में आदिवासियों की संख्या 44 से घटकर 28 फीसदी पहुंच गयी है. आदिवासी आज चिंतित है. लेकिन झारखंड मुक्ति मोर्चा को किसी बात की चिंता नहीं है. क्योंकि वह वोट बैंक की राजनीति कर रही है. कहा कि झारखंड की डेमोग्राफी को भी हमें ठीक करना है. सारे मुद्दों को लेकर जनता के बीच जायेंगे. कहा कि आज या कल बीजेपी की पहली सूची जारी हो सकती है.

**पूर्व मंत्री रजक चंदनकियारी और केदार हाजरा जमुआ से हो सकते हैं झामुमो के प्रत्याशी**

**हेमंत ने कहा :** भाजपा को सभी 81 सीटों पर इस बार डिब्बे में बंद करने का काम करेगी जनता



शुक्रवार को रजक और हाजरा को झामुमो में शामिल करते सीएम हेमंत सोरेन व कल्पना.

# आजसू के उपाध्यक्ष उमाकांत रजक व जमुआ के भाजपा विधायक झामुमो में शामिल

**कौशल आनंद। रांची**

झारखंड विधानसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा के साथ ही टिकटों को लेकर नेताओं में मारामारी तेज हो गई है. राजनेताओं में एक-दूसरी पार्टी में शामिल होने की होड़ लगने लगी है. शुक्रवार को एक तरफ भाजपा प्रदेश मुख्यालय में एनडीए के नेता सीट शेयरिंग को लेकर प्रेस कॉन्फ्रेंस में व्यस्त थे, वहीं भाजपा और आजसू के दो नेता झारखंड मुक्ति मोर्चा के पाले में चले गए. जमुआ विधानसभा सीट से बीजेपी विधायक केदार हाजरा और चंदनकियारी विधानसभा सीट से पूर्व विधायक उमाकांत रजक अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ जेएमएम में शामिल हुए.

इस मौके पर सीएम हेमंत सोरेन और विधायक कल्पना सोरेन ने दोनों नेताओं का पार्टी में स्वागत किया. वहीं, सीएम हेमंत सोरेन ने बीजेपी पर निशाना साधते हुए कहा कि इस चुनाव में राज्य की सभी 81 विधानसभा सीट से बीजेपी को डिब्बे में बंद कर देंगे. जनता खुद फैसला करेगी. साथ ही कहा कि सब कुछ तय सीमा पर हो जाएगा, चिंता ना करें. जानकारी के अनुसार झामुमो केदार हाजरा को जमुआ और उमाकांत रजक को चंदनकियारी से महासमर में उतारेगा.

**बाहरी नेता आकर झारखंड का माहौल खराब कर रहे - रजक :** झामुमो की सदस्यता ग्रहण करने के बाद उमाकांत रजक ने कहा कि वह घर वापसी कर रहे हैं. भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि बाहरी नेता आकर झारखंड का माहौल खराब करने का साजिश रच रहे हैं. ऐसे लोगों को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में रोकने का काम किया जाएगा. उन्होंने कहा कि बड़ी संख्या में चंदनकियारी से नौजवान काम के सिलसिले में प्रवास कर गए हैं. वह चंदनकियारी की तस्वीर बदलेंगे. उन्होंने सवाल उठाया कि चुनाव के समय ही भाजपा को घुसपैठ क्यों नजर आ रहा है? इससे पहले रघुवर दास की सरकार में घुसपैठ क्यों नजर नहीं आया. यह एक गलत धारणा बनाने का भाजपा का षड़यंत्र है जिसे जनता समझ चुकी है. -शेष पेज 07 पर

### सामंती सोचवाले झारखंड के विकास की बात कर रहे : सीएम

हेमंत सोरेन ने अपने आवासीय कार्यालय में आयोजित मिलन समारोह में दोनों नेताओं को झामुमो की सदस्यता दिलाने के बाद कहा कि केदार हाजरा और उमाकांत रजक का पार्टी में स्वागत है. मेरे बड़े भाई दुर्गा सोरेन के साथ लड़ने वाले और झारखंड आंदोलनकारी की भूमिका में रहने वाले उमाकांत रजक भी पार्टी में आशा के साथ हमसे जुड़े. कई वीर शहीदों और आंदोलनकारियों की बदौलत ही झामुमो आज भी झारखंडी हित में काम कर रहा है. इसी का परिणाम है कि सवा तीन करोड़ जनता सुख की नींद सो रही है. हेमंत ने भाजपा पर हमला बोलते हुए कहा कि सामंती सोच वाले आज राज्य के विकास की बात करते हैं. कितने संघर्षों के बाद राज्य में आदिवासी-मूलवासी की सरकार बनी है. संवैधानिक संस्थाओं को कैसे निष्क्रिय कर दिया गया, यह किसी से छिपा नहीं है. लेकिन, झारखंड के लोग न कभी झुकें हैं ना कभी टूट सकते हैं. आज जरूरत है कि इस राज्य के आदिवासी दलित ताकत को एकजुट होकर साथ खड़े रहें, तभी हम अपना अधिकार और हक को बचा पाएंगे. मिलन समारोह में विधायक कल्पना सोरेन, भूषण बाड़ा, महासचिव विनोद पांडेय, सुप्रियो भट्टाचार्य सहित कई नेता शामिल रहे.

**सुप्रीम कोर्ट का अहम फैसला :** कानून में कुछ खामियां, इसे दूर करने की जरूरत

# बाल विवाह वाले कानून पर असर नहीं डाल सकता कोई पर्सनल लॉ

**एजेंसियां। नयी दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को देश में बढ़ते बाल विवाह के मामलों से जुड़ी याचिका पर फैसला सुनाया. 10 जुलाई की सुनवाई के बाद कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया था. यह याचिका सोसाइटी फॉर एनलाइटनमेंट एंड वॉलेंटरी एक्शन ने 2017 में लगाई थी. सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि बाल विवाह रोकथाम अधिनियम जरूरी है. इसमें किसी भी मजहब का पर्सनल लॉ आड़े नहीं आ सकता.

अदालत ने कहा कि बाल विवाह गलत है और इससे किसी के भी मनपसंद जीवनसाथी चुनने का अधिकार प्रभावित होता है. कोर्ट ने कहा कि बचपन में कराए गए विवाह अपनी पसंद का जीवन साथी चुनने का विकल्प छीन लेते हैं. सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़, जेबी पारदीवाला और मनोज मिश्रा की पीठ ने देश में बाल विवाह रोकथाम कानून के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए कई दिशा-निर्देश भी जारी किए. प्रधान न्यायाधीश ने फैसला पढ़ते हुए कहा कि बाल विवाह की रोकथाम के कानून को पर्सनल लॉ के जरिए प्रभावित नहीं किया जा सकता. उन्होंने कहा कि इस तरह की शादियां नाबालिगों की जीवन साथी चुनने की स्वतंत्र इच्छा का उल्लंघन हैं. पीठ ने कहा कि अधिकारियों को बाल विवाह की रोकथाम और नाबालिगों की सुरक्षा पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए और उल्लंघनकर्ताओं को अंतिम उपाय के रूप में दंडित करना चाहिए. पीठ ने यह भी कहा कि बाल विवाह निषेध कानून में कुछ खामियां हैं. इसे दूर करने की जरूरत है.जागरूकता और शिक्षा की जरूरत बाल विवाह निषेध अधिनियम, 2006 बाल विवाह को रोकने और इसका उन्मूलन सुनिश्चित करने के लिए लागू किया गया था. -शेष पेज 07 पर

**नियंत्रण को लेकर क्या है आदेश**

- बाल विवाह रोकने से जुड़े सभी विभागों के लोगों के लिए विशेष ट्रेनिंग की जरूरत
- **हर समुदाय के लिए अलग अलग तरीके अपनाए जाएं**
- हर मामले में दंडात्मक तरीके से सफलता नहीं मिलती
- **समाज की स्थिति को समझ कर ही रणनीति बनाएं**



**शीर्ष कोर्ट की टिप्पणी**

बाल विवाह निषेध कानून को पर्सनल लॉ से ऊपर रखने का मसला संसदीय कमेटी के पास लंबित है. इसलिए कोर्ट उस पर टिप्पणी नहीं कर रहा, लेकिन यह सच है कि कम उम्र में शादी लोगों को अपने पसंद का जीवनसाथी चुनने के अधिकार से वंचित कर देती है.

### देश के नए चीफ जस्टिस संजीव खन्ना होंगे

**नयी दिल्ली।** चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ 10 नवंबर को रिटायर होंगे. उन्होंने अपने उत्तराधिकारी के तौर पर जस्टिस संजीव खन्ना के नाम की सिफारिश केंद्र सरकार को भेजी है. जस्टिस खन्ना का नाम



प्रस्तावित करते हुए सीजेआई ने पीएम नरेंद्र मोदी को पत्र लिखा है, जिसमें उन्हें देश का अगला चीफ जस्टिस बनाने का अनुरोध किया है. जस्टिस संजीव खन्ना का जन्म 14 मई 1960 को हुआ था. उन्होंने डीयू के कैंपस लॉ सेंटर से कानून की पढ़ाई की और 1983 में दिल्ली बार काउंसिल में वकील के रूप में अपना पंजीकरण कराया. अपने करियर के शुरुआती दिनों में उन्होंने तीस हजारी कोर्ट में प्रैक्टिस की और बाद में दिल्ली हाईकोर्ट में कार्य किया. उन्हें 18 जनवरी 2019 को सुप्रीम कोर्ट में पदोन्नत किया गया.

# मधु कोड़ा के चुनाव लड़ने की उम्मीदों पर फिरा पानी

**दिल्ली हाईकोर्ट ने खारिज की सजा को निलंबित करनेवाली याचिका**

**विधि संवाददाता। रांची/ दिल्ली**

दिल्ली हाई कोर्ट से झारखंड के पूर्व सीएम मधु कोड़ा को झटका लगा है. कोर्ट ने पूर्व सीएम की उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें उन्होंने आगामी चुनाव लड़ने के लिए कोयला घोटाला मामले में अपनी सजा पर रोक लगाने की मांग की थी. जस्टिस नीना बंसल कृष्णा ने कहा, आवेदन खारिज कर दिया गया है.

मधु कोड़ा, पूर्व कोयला सचिव एचसी गुप्ता, झारखंड के पूर्व मुख्य सचिव एके बसु और कोड़ा के करीबी सहयोगी विजय जोशी को भ्रष्टाचार में लिप्त होने के लिए एक निचली अदालत ने तीन साल की जेल की सजा सुनाई थी. कोर्ट की एकल न्यायाधीश पीठ ने याचिका को खारिज करते हुए कहा, अपीलकर्ता को किसी भी सार्वजनिक पद पर चुनाव लड़ने की सुविधा देना उचित नहीं होगा, जब तक कि वह पूरी तरह बरी न हो जाए. कोर्ट ने कहा कि कोड़ा पर प्रथम दृष्टया मामला बनता है. लेकिन अदालत यह मानने को राजी नहीं है कि सिर्फ इसी आधार पर उनकी सजा पर रोक लगाई जा सकती है. अदालत ने कहा, मुकदमे के बाद ही अपीलकर्ता को अपराध के लिए दोषी ठहराया गया है.

बता दें कि कोलकाता स्थित कंपनी, विनी आयरन एंड स्टील उद्योग लिमिटेड (वीआईएसयूएल) को राज्य में राजहरा नॉर्थ कोल ब्लॉक के आवंटन में आपराधिक साजिश रचने और यूपीए राज के कोयला घोटाले में क्रमशः वीआईएसयूएल, कोड़ा और गुप्ता पर 50 लाख रुपए, 25 लाख रुपए और 1 लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया गया था. वहीं, एके बसु पर भी 1 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया.



### पहले हाईकोर्ट ने फैसला रख लिया था सुरक्षित

इससे पहले दिल्ली हाईकोर्ट ने 3 सितंबर को झारखंड के पूर्व सीएम मधु कोड़ा की ओर से अपनी सजा के खिलाफ दायर याचिका पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था. इसमें उन्होंने 4,000 करोड़ रुपए के कोयला घोटाले में अपनी दोषसिद्धि को निलंबित करने की मांग की. इस दौरान सीबीआई ने कोड़ा की याचिका की स्वीकार्यता पर सवाल खड़े किए थे. जांच एजेंसी ने कहा था कि दोषसिद्धि को निलंबित करने की मांग वाली इसी तरह की याचिका को पहले भी खारिज किया जा चुका है. इसके साथ ही ये भी कहा था कि चूंकि 2020 के दिल्ली हाईकोर्ट के फैसले ने अंतिम रूप ले लिया है, इसलिए नई याचिका दायर करके इस मुद्दे को फिर से नहीं उठाया जा सकता. बता दें कि पूर्व सीएम मधु कोड़ा को कोयला घोटाले में दोषी पाया गया था. उन्हें 16 दिसंबर, 2017 को पटियाला हाउस कोर्ट परिसर में एक स्पेशल सीबीआई कोर्ट ने उन्हें भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत तीन साल जेल की सजा सुनाई थी और 25 लाख रुपए का जुर्माना ठोंका गया था.

दोषियों को उनकी अपील के लंबित रहने के दौरान जमानत दे दी गई थी.

**चिंताजनक हालात** देश में महंगाई ने त्योहारों के उत्साह को किया फीका, लोगों के चेहरे भी लटके

# इलेक्ट्रॉनिक आइटम्स और दूसरी महंगी चीजों की शॉपिंग टाल रहे लोग!

**लगातार न्यूज नेटवर्क**

प्याज और टमाटर समेत खाने के तेल की कीमतों में उछाल ने उपभोक्ताओं के बजट को बिगाड़ कर रख दिया है. ये महंगाई तब आई है जब त्योहारी सीजन चल रहा है. अक्टूबर के आखिर में धनतरेस, दिवाली और नवंबर महीने के पहले हफ्ते में छठ महापर्व है. ऐसे में खाद्य वस्तुओं की महंगाई ने लोगों को अपने दूसरे खर्चों में कटौती करने को मजबूर कर दिया है.

इस त्योहारी सीजन में कमरतोड़ महंगाई के चलते भारतीय उपभोक्ता इलेक्टॉनिक्स आइटम्स जैसी महंगी खरीदारों को कम रहे हैं या फिर उसे टाल रहे हैं. बता दें कि अक्टूबर महीने से नवरात्रि के साथ त्योहारी सीजन की शुरुआत हो चुकी है, जो नवंबर महीने के मध्य तक जारी रहेगा. फेस्टिव सीजन की शुरुआत बेहद फीकी रही है. रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक इस फेस्टिव सीजन में इलेक्ट्रॉनिक्स और होम अप्लायंसेस के सेल्स की रफ्तार बेहद धीमी रही है. बाजार विशेषज्ञों के मुताबिक इस वर्ष अक्टूबर में इलेक्ट्रॉनिक्स और होम अप्लायंसेस के सेल्स में बीते साल के मुकाबले केवल 5.7 फीसदी की बढ़ोतरी आई है. जबकि 8-10 फीसदी सेल्स में बढ़ोतरी का अनुमान था. हालांकि उन्होंने उम्मीद जाहिर करते हुए कहा कि सेल्स आने वाले दिनों में रफ्तार पकड़ सकती है.




**अर्थव्यवस्था में सुस्ती के संकेत**

ग्रामीण इलाकों में डिमांड और खपत में उछाल की बदौलत भारतीय रिजर्व बैंक ने वित्त वर्ष 2025-25 के लिए आर्थिक विकास दर के 7.2 फीसदी के दर से बढ़ने का अनुमान जताया है. लेकिन ऑटो सेल्स और मैन्युफैक्चरिंग, पर्चेजिंग मैनेजर्स इंडेक्स जैसे हाई इंडीकेटर्स और जीएसटी कलेक्शन के आंकड़े अर्थव्यवस्ता में कमजोरी के संकेत दे रहे. उसपर से आसमान छूती महंगाई कोढ़ में खाज का काम कर रही है. खाद्य वस्तुओं और खासतौर से सब्जियों की कीमतों में उछाल के चलते सितंबर 2024 में खुदरा महंगाई दर 5.49 फीसदी पर जा पहुंची है को खाद्य महंगाई दर 9.24 फीसदी रही है. साग-सब्जियों की महंगाई दर 36 फीसदी रही है. सीएआईटी के नेशनल प्रेसीडेंट बी सी भारतिया ने कहा कि प्याज और दूसरी खाद्य वस्तुओं की कीमतों में उछाल का लोगों की खरीदारी पर असर पड़ा है. ट्रेंडर्स की संस्था सीएआईटी ने इस वर्ष त्योहारी सीजन में 4.25 लाख करोड़ रुपए के सेल्स का अनुमान जताया है जो पिछले साल के मुकाबले 13 फीसदी ज्यादा है.

**ऑनलाइन सेल्स में छाई सुस्ती**

ऑनलाइन सेल्स की रफ्तार भी धीमी है जिसकी इस दौरान कुल सेल्स में 15 फीसदी हिस्सेदारी है. क्रिसिल मार्केट इंटेलीजेंस एंड एनलटिक्स ते डायरेक्ट रिसर्च पुषाण शर्मा ने कहा कि एंट्री लेवल के मोबाइल फोन की सेल्स में कमजोरी नजर आ रही है. हालांकि प्रीमियम मॉडल्स की सेल्स बेहतर है. कंसलटेंसी फर्म रेडसीयर ने मौजूदा फेस्टिव सीजन में 1 से 1.2 ट्रिलियन डॉलर के सेल्स का अनुमान जताया है जो पिछले साल से 13 फीसदी ज्यादा है. हालांकि कस्टमर्स को लुभाने के लिए रिलायंस रिटेल अमेजन और फ्लिपकार्ट जैसी ई-कॉमर्स कंपनियां भारी डिस्काउंट ऑफर कर रही हैं. रिलायंस रिटेल के सीनियर एग्जीक्यूटिव दिनेश तलुजा ने एनालिस्ट्स को बताया कि जुलाई से सितंबर के दौरान फैशन कैटगरी में कमजोर सेल्स देखने को मिली थी लेकिन अब तेजी आ रही है.



# विधानसभा चुनाव : पहले चरण की 43 सीटों पर चुनाव की अधिसूचना जारी, नॉमिनेशन शुरू

संवाददाता। रांची

झारखंड विधानसभा चुनाव का बिगुल बज चुका है. राज्य की 81 सीटों पर दो चरणों में मतदान होगा. पहले चरण का चुनाव 13 नवंबर और दूसरे चरण का 20 नवंबर को होगा. वहीं 23 नवंबर को चुनाव के नतीजे आयेंगे. झारखंड में पहले चरण के तहत 43 विधानसभा सीटों पर चुनाव की अधिसूचना जारी कर दी गयी. इसके साथ ही शुक्रवार से झारखंड की 43 विधासभा सीटों पर प्रत्याशियों के नॉमिनेशन की प्रक्रिया शुरू हो गयी. रांची, कांके व जमशेदपुर प. सीट से एक-एक नॉमिनेशन भरा गया. इस बार नामांकन पत्र ऑफलाइन और ऑनलाइन दोनों मोड में भरे जा सकेंगे. रिटर्निंग ऑफिसर के कार्यालयों में प्रत्याशी सुबह 11 बजे से 3 बजे तक नॉमिनेशन करा सकते हैं. प्रत्येक प्रत्याशी के साथ अधिकतम चार व्यक्ति आरओ चैंबर के अंदर प्रवेश कर पायेंगे. उम्मीदवार अगर रजिस्टर्ड पार्टी का है तो उसके लिए एक मतदाता प्रस्तावक होगा. वहीं निर्दलीय व गैर मान्यता प्राप्त राजनीतिक पार्टी के प्रत्याशी के साथ दस प्रस्तावक होने चाहिए. आरओ कार्यालय से 100 मीटर की दूरी तक प्रत्याशी तीन से अधिक वाहन नहीं ला सकते हैं. उम्मीदवार के लिए प्रदेश की किसी भी विधानसभा मतदाता सूची में नाम होना जरूरी है.



### एक प्रत्याशी चुनाव में कर सकता है 40 लाख खर्च

उम्मीदवार अपने नये बैंक अकाउंट से चुनाव के सभी लेन-देन का काम करेंगे. चुनाव का हिसाब-किताब रखने के लिए एक खर्च रजिस्टर उम्मीदवार के पास और एक निर्वाचन कार्यालय में रखा जायेगा. एक प्रत्याशी 40 लाख रुपये इस चुनाव में खर्च कर सकता है. नामांकन के लिए सामान्य (जनरल) उम्मीदवार को दस हजार रुपये और अनुसूचित वर्ग के उम्मीदवार को पांच हजार फीस जमा करवानी होगी.

### 30 अक्टूबर तक नाम वापस ले सकते हैं प्रत्याशी

पहले चरण में जिन सीटों पर आज से चुनावी प्रक्रिया शुरू हो गयी है, उनमें कोडरमा, बरकट्ठा, बरही, बड़कागांव, हजारीबाग, सिमरिया, चतरा, बहरागोड़ा, घाटशिला, पोटका, जुगसलाई, जमशेदपुर पूर्वी, जमशेदपुर पश्चिमी, ईचागढ़, सरायकेला, चाईबासा, मझगांव, जगन्नाथपुर, मनोहरपुर, चक्रधरपुर, खरसावां, तमाड़, तोरपा, खूंटी, रांची, हटिया, कांके, मांडर, सिसई, गुमला, बिशुनपुर, सिमडेगा, कोलेबिरा, लोहरदगा, मनिका, लातेहार, पांकी, डालटनगंज, विश्रामपुर, छतरपुर, हुसैनाबाद, गढ़वा और भवनाथपुर विधानसभा सीट शामिल है. 25 अक्टूबर को पहले चरण के नॉमिनेशन करने की अंतिम तारीख होगी. 28 अक्टूबर को नॉमिनेशन की स्क्रूटनि की जायेगी. वहीं 30 अक्टूबर को प्रत्याशियों के नॉमिनेशन वापस लेने का अंतिम दिन होगा. 13 नवंबर को पहले चरण का मतदान होगा.

### सुविधा ऐप के जरिये ऑनलाइन भी नामांकन पत्र भर सकते हैं उम्मीदवार




चुनाव आयोग की ओर से जारी सुविधा ऐप के जरिए भी इच्छुक उम्मीदवार इस बार नामांकन पत्र ऑनलाइन भर सकेंगे. नामांकन फार्म भरते समय उम्मीदवार को अपनी तीन लेटेस्ट पासपोर्ट साइज फोटो, शैक्षणिक योग्यता के प्रमाण पत्र की फोटो कॉपी, चुनाव के लिए खुलवाये गये नये बैंक अकाउंट की कॉपी और एक एफिडेविट देना होगा, जिसे फॉर्म 26 कहा जाता है. इस शपथ पत्र में उम्मीदवार को अपनी चल-अचल संपत्ति, ऋण, देनदारी, आपराधिक रिकॉर्ड का पूरा विवरण देना है.

---

### विस चुनाव 2024 : पुलिस महनिरीक्षक ने कानून व्यवस्था बनाए रखने का दिया निर्देश

# हिस्ट्रीशीटर्स, सक्रिय अपराधकर्मियों, उपद्रवियों को चिह्नित कर कार्रवाई की जाए : आईजी

संवाददाता। रांची

विधानसभा चुनाव 2024 की तैयारियों को लेकर पुलिस महनिरीक्षक सह- राज्य पुलिस नोड्ल पदाधिकारी अमोल वेनुकांत होमकर की अध्यक्षता में शुक्रवार को राज्य में अपराध नियंत्रण एवं विधि-व्यवस्था बनाये रखने को लेकर की गयी तैयारियों की समीक्षा की गयी.

बैठक में पुलिस महानिरीक्षक ने लंबित वारंट, कुर्की जब्ती आदेश के निष्पादन की स्थिति, निरोधात्मक कार्रवाई, हिस्ट्रीशीटर्स और सक्रिय अपराधकर्मियों सहित अन्य उपद्रवियों को चिह्नित कर उनके विरूद्ध की जा रही कार्रवाई की जानकारी ली. अन्तरराज्यीय चेक पोस्ट को सक्रिय करने, शराब सहित अवैध मादक पदार्थों, अवैध हथियार और अन्य प्रतिबंधित वस्तुओं के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान की



जानकारी ली.

**नक्सल अभियान की स्थिति पर चर्चा की गयी :** विधानसभा आम चुनाव के दौरान प्रतिनियुक्ति किये जाने वाले सीएपीएफ/ सैप सहित अन्य केंद्रीय बलों के आवासन व परिवहन की पर्याप्त/ वैकल्पिक व्यवस्था, उग्रवादियों के विरूद्ध लगातार चलाये जा रहे नक्सल अभियान की स्थिति, नक्सल आसूचना व आपराधिक आसूचना के आदान-प्रदान की स्थिति पर चर्चा की गयी. इसके साख ही नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में सुरक्षा संबंधी एसओपी के अनुपालन की स्थिति, एरिया सैनेटाइजेशन प्लान, सोशळ मीडिया मॉनिटरिंग सेल की स्थिति, चुनाव संबंधी प्रशिक्षण की स्थिति और पूर्व के चुनावों से संबंधित लंबित कांडों की वर्तमान स्थिति के संबंध में विस्तार से चर्चा की गयी.

### आचार संहिता का अक्षरशः अनुपालन कराया जाए

पुलिस महानिरीक्षक एवी होमकर ने सोशल मीडिया की मॉनिटिरंग के लिए सभी जिलों में अफवाह फैलाये जाने केमामलों को लेकर विशेष निगरानी रखने सहित चुनाव पर्यवेक्षक/ महत्वपूर्ण व्यक्तियों/उम्मीदवारों को पर्याप्त सुरक्षा देने के साथ आगामी विधानसभा चुनाव- के मद्देनजर आदर्श चुनाव आचार संहिता का अक्षरशः अनुपालन कराने के संबंध में भी चर्चा की गयी. बैठक में आईजी एवी होमकर, पुलिस महानिरीक्षक अभियान प्रभात कुमार, पुलिस महानिरीक्षक, विशेष शाखा सह-नोड्ल पदाधिकारी वीआईपी मॉनिटरिंग अन्नेपु विजयालक्ष्मी, पुलिस महानिरीक्षक प्रशिक्षण सह-नोड्ल पदाधिकारी प्रशिक्षण इंद्रजीत महथा, पुलिस उप-महानिरीक्षक झारखंड जगुआर धनन्जय कुमार सिंह, पुलिस उप-महानिरीक्षक जे.वा.के. स्कूल, नेतरहाट अश्विनी कुमार सिन्हा, पुलिस उप-महानिरीक्षक संचार एवं तकनीकी सेवाएं कार्तिक एस सहित पुलिस उप-महानिरीक्षक, विशेष शाखा सहित अन्य पदाधिकारियों ने भाग लिया.

---

# प्रदेश कांग्रेस ने नेशनल मैनिफेस्टो कमेटी के कोऑर्डिनेटर को सौंपा घोषणा पत्र का प्रारूप

संवाददाता। रांची

प्रदेश कांग्रेस मैनिफेस्टो कमेटी द्वारा तैयार पार्टी का चुनावी घोषणा पत्र का प्रारूप (ड्रॉफ्ट) नेशनल मेनिफेस्टो कमेटी के कोऑर्डिनेटर अमिताभ दुबे को सौंपा गया. प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में आयोजित पत्रकार सम्मेलन के दौरान प्रदेश कांग्रेस मैनिफेस्टो कमेटी के अध्यक्ष बंधु तिर्की सहित अन्य सदस्यों ने अमिताभ दुबे को प्रारूप दिया. मौके पर अमिताभ दुबे ने बताया कि बहुत सारी पार्टियां एजेंसी द्वारा तैयार मैनिफेस्टो जारी करती है. मगर कांग्रेस में ऐसा नहीं है. कांग्रेस जमीनी स्तर पर उतरकर जनता से बात करके उनके सुझावों को समाहित कर घोषणा पत्र तैयार करती है. कहा कि कांग्रेस का घोषणा पत्र पूरी तरह रियलिटी पर आधारित होगा. पार्टी कोई भी खोखला दावा नहीं करेगी. वही वादा करेगी, जो कांग्रेस सरकार गठन के बाद कर सकती है या अपनी सरकार में उसे करवा सकती है. इस ड्राफ्ट को कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी, सोनिया गांधी और अन्य राष्ट्रीय नेताओं के समक्ष रखा जायेगा. सभी बिंदुओं पर विचार करने और केंद्रीय नेताओं के सुझाव को इस घोषणा पत्र में समाहित करने के बाद इसे जारी किया जायेगा.

- **सभी बिंदुओं पर विचार कर पहले चरण के चुनाव से पहले कांग्रेस जारी करेगी घोषणा पत्र**



### 2019 के घोषणा पत्र का 95% काम, हमारी सरकार ने पूरा किया : बंधु तिर्की

इस मौके पर प्रदेश मैनिफेस्टो कमेटी के अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा कि हमारा घोषणा पत्र झारखंड के जल जंगल जमीन, भाषा संस्कृति, किसान, ग्रामीण बेरोजगारों और महिलाओं को केंद्र बिंदु में रखकर तैयार किया गया है. इसके साथ ही इस प्रदेश में रहने वाले दूसरे प्रदेश के लोगों के हितों की अनदेखी न हो इसका भी समावेश किया गया है. उन्होंने एक सवाल के जवाब में कहा कि पिछले चुनावी घोषणा पत्र का 95% वादा हमारी सरकार ने पूरा कर दिया है. आगे जो भी घोषणा पत्र जारी होगा, उसका हर छह माह में सोशल ऑडिट कराया जायेगा. इस मौके पर ड्राफ्ट कमेटी के सदस्य विधायक प्रदीप यादव, नेहा शिल्पी तिर्की, उमाशंकर अकेला, पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर, अशोक चौधरी, लाल किशन नाथ शाहदेव, राजेश गुप्ता छोटू सहित कई उपस्थित रहे

---

### नीतीश एनडीए तो तेजस्वी इंडिया ब्लॉक से भरेंगे हुंकार

# राजद और जदयू को झारखंड चुनाव में खोई जमीन तलाशने की चुनौती

संवाददाता। रांची

बिहार में ताकतवर मानी जाने वाली पार्टियां राजद और जदयू झारखंड में होने वाले विधानसभा चुनाव में उतरने को लेकर तैयार हैं. ये दोनों पार्टियां पहले भी झारखंड के चुनावी समर में उतरती रही हैं लेकिन इनकी ताकत लगातार कमजोर होती रही है. इस चुनाव में एक बार फिर ये दोनों पार्टियां अपनी धमक दिखाने के लिए आतुर हैं. ऐसा नहीं कि बिहार की पार्टियां कोई पहली बार झारखंड के चुनावी समर में ताल ठोकने को तैयार हैं. बिहार से झारखंड के अलग होने के बाद से ही बिहार की पार्टियां झारखंड में अपनी उपस्थिति दर्ज कराती रही हैं. शुरुआती दौर में जदयू और राजद ने झारखंड में अपनी ताकत का एहसास भी कराया था. हालांकि, बाद में इनका वोट बैंक खिसकता चला गया. झारखंड अलग राज्य बनने के बाद विधानसभा चुनाव 2005 में हुआ. इसके बाद हुए चुनावों में राजद और जदयू की उपस्थिति



लगातार कमजोर होती गई. झारखंड राज्य बनने के बाद हुए पहले चुनाव में जदयू के 16 उम्मीदवार चुनावी मैदान में उतरे जिसमें से छह विजयी हुए. उस चुनाव में जदयू को चार प्रतिशत वोट मिले थे. इसके बाद जदयू के विधायकों की संख्या 2009 के विधानसभा चुनाव में घटकर दो रह गई. 2014 में हुए विधानसभा चुनाव में जदयू ने 19 उम्मीदवार चुनावी मैदान में उतारे, लेकिन एक भी प्रत्याशी विधानसभा तक नहीं पहुंच सका. 2019 में भी जदयू को एक भी सीट नहीं मिली. इस बार एनडीए फोल्डर में जदयू को दो सीटें जमशेदपुर पश्चिम और तमाड़ दी गई हैं. देखना है कि रिजल्ट क्या आता है. बिहार की मुख्य विपक्षी पार्टी राजद की स्थिति भी कमोबेश जदयू की तरह है. 2005 के विधानसभा चुनाव में राजद ने 51 प्रत्याशी चुनावी मैदान में उतारे और सात उम्मीदवार चुनाव जीतकर विधानसभा भी पहुंचे. लेकिन, इसके बाद 2009 के चुनाव में उनके विधायकों की संख्या घटकर पांच हो गई. वर्ष 2014 में हुए विधानसभा चुनाव में राजद ने सात सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारे लेकिन एक भी प्रत्याशी चुनाव नहीं जीत सके. 2019 में राजद के सात उम्मीदवार चुनावी मैदान में उतरे और एक प्रत्याशी की जीत हुई. एक बार फिर राजद झारखंड मुक्ति मोर्चा के साथ चुनावी मैदान में उतरने की तैयारी में है. लोगों का मानना है कि जदयू और राजद झारखंड में होने वाले विधानसभा चुनाव में अपने सहयोगी दलों के साथ चुनावी मैदान में उतर कर अपने ग्राफ को बढ़ाने की कोशिश करेंगे.

---

### समर्थकों संग पहुंचे झामुमो के रांची केंद्रीय कार्यालय, 51 हजार की पर्ची कटाई

# दशरथ गागराई के भाई डॉ विजय ने चक्रधरपुर सीट से पेश की दावेदारी

शंभू कुमार। चक्रधरपुर

झारखंड मुक्ति मोर्चा के सक्रिय सदस्य सह पीपुल्स वेलफेयर एसोसिएशन के सचिव व खरसावां विधायक दशरथ गागराई के छोटे भाई डॉ विजय सिंह गागराई चक्रधरपुर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र से ताल ठोंकने की तैयारी में जुट गए हैं. डॉ विजय शुक्रवार को भारी संख्या में समर्थकों के साथ रांची गए और चक्रधरपुर सीट से बतौर झामुमो उम्मीदवार अपनी दावेदारी प्रस्तुत की. उन्होंने झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय कार्यालय में आवेदन पत्र जमाकर 51 हजार रुपये की पर्ची कटाई. बता दें कि झारखंड मुक्ति मोर्चा में जिन प्रत्याशियों को टिकट की चाह होती है, उन्हें सबसे पहले पार्टी कार्यालय में एक निर्धारित फॉर्म भरकर आवेदन देना पड़ता है. आवेदन जमा करने के साथ ही 51 हजार रुपये की फीस भी पार्टी फंड में जमा करनी पड़ती है.



अपने समर्थकों के साथ डॉ विजय सिंह गागराई

### पार्टी का निर्णय सर्वमान्य होगा : डॉ विजय सिंह गागराई

दावेदारी पेश करने के बाद डॉ विजय सिंह गागराई ने कहा कि लोकतंत्र में चुनाव लड़ने का सबको समान अधिकार है. चक्रधरपुर से अपना आवेदन पार्टी कार्यालय में दे दिया है. पार्टी का निर्णय सर्वमान्य होगा. उन्होंने कहा झामुमो पार्टी मुझे टिकट देती है तो जीत सुनिश्चित करेंगे. उन्होंने कहा कि उन्हें चक्रधरपुर विधानसभा के मुखिया, मानकी, मुंडा, पंचायत प्रतिनिधि तथा ग्रामीणों का समर्थन प्राप्त है. सभी लोगों की मांग पर वह चक्रधरपुर का विकास व बदलाव को लेकर चुनाव लड़ना चाहते हैं. पार्टी मुझे एक बार मौका दे, उसे निराश नहीं होना पड़ेगा. उन्होंने कहा कि पिछले लोकसभा चुनाव में भी सांसद जोबा माझी को जिताने के लिए काफी संघर्ष किया था. जिसका परिणाम है कि आज जोबा मांझी सांसद बनीं हैं. पार्टी को टिकट देने पर जरूर विचार करना चाहिए. इस मौके पर बड़ी संख्या में झामुमो कार्यकर्ता, मुखिया, मुंडा, मानकी व ग्रामीण उनके साथ उपस्थित थे.

---

### मनोहरपुर विधानसभा सीट आजसू के खाते में गई

# भाजपा नेता गुरुचरण नायक बोले हर हाल में मनोहरपुर से लड़ेंगे चुनाव

संवाददाता। चक्रधरपुर

एनडीए गठबंधन के तहत मनोहरपुर विधानसभा सीट आजसू के खाते में जाने के बाद मनोहरपुर के पूर्व विधायक सह वरिष्ठ भाजपा नेता गुरुचरण नायक ने बागी तेवर अपना लिया है. उन्होंने शुक्रवार को चक्रधरपुर प्रखंड कार्यालय के समीप पत्रकारों से कहा कि उन्होंने भाजपा के एक सच्चे सिपाही की तरह तन, मन व धन से काम किया. इसके बावजूद भाजपा ने उन्हें प्रत्याशी न बनाकर मनोहरपुर विधानसभा सीट आजसू के हवाले कर दिया. उनके समर्थकों में रोष है. वे इस बार चुनाव अवश्य लड़ेंगे. हालांकि अभी यह तय नहीं हुआ है कि वे किसी पार्टी के सिंबल से चुनाव लड़ेंगे या निर्दलीय खड़े होंगे.

# डॉ. अजय पर आचार संहिता उल्लंघन का आरोप, आयोग से शिकायत

**जमशेदपुर।** चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन कर डॉ अजय कुमार स्पोर्ट्स किट, बैकपैक, जूता एवं अन्य सामग्री वितरित कर रहे थे. वोटरों को प्रलोभन देने का आरोप लगाकर भाजपा के पूर्व जिला प्रवक्ता अंकित आनंद ने इस मामले में केंद्रीय चुनाव आयोग, राज्य चुनाव आयोग और जिला निर्वाचन पदाधिकारी को ईमेल द्वारा पत्र भेजकर संज्ञान लेने और कठोर कार्रवाई करने का आग्रह किया है. मामले में केंद्रीय चुनाव आयोग ने संज्ञान लिया है और झारखंड राज्य चुनाव आयोग को मामले में आगे की कार्रवाई को कहा है.




---

# बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ेगा गैंगस्टर अमन साहू

आशीष टैगोर। लातेहार

गैंगस्टर अमन साहू ने बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ने की घोषणा की है. साहू द्वारा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, लातेहार मनोज कुमार सिंह की अदालत में शुक्रवार को एक याचिका एमसीए संख्या 677/ 2024 दाखिल की गई है. दाखिल याचिका में अपीलार्थी ने बालूमाथ थाना कांड संख्या 152/20 में हुई सजा को स्टे करने की मांग की है. पूछे जाने पर प्रार्थी के अधिवक्ता सुनील कुमार ने बताया कि अमन साहू को अनुमंडलीय न्यायिक दंडाधिकारी प्रणव कुमार की अदालत ने तीन साल के कारावास और पांच हजार रुपये जुर्माना की सजा गत 27 जून को सुनाई थी. प्रार्थी ने उक्त आदेश को प्रधान सत्र न्यायाधीश की अदालत में क्रिमिनल अपील संख्या 40/ 2024 गत 20 जुलाई 2024 को दायर की थी. अदालत ने उस अपील की सुनवाई करते हुए गत 26 जुलाई 2024 को एडमिट कर लिया था. अधिवक्ता ने बताया कि साहू विधानसभा चुनाव में प्रत्याशी होने की इच्छा रखते हैं, लेकिन इस कांड में सजा हो जाने से उन्हें परेशानी हो सकती है. इसलिए सजा को फाइनल हियरिंग तक स्टे करने की अपील गत 18 अक्टूबर को सेशन कोर्ट में याचिका दाखिल कर की गई है.



---

**ऐलान**

### पिता के मान-सम्मान को चोट नहीं पहुंचने दूंगा, जनता का साथ चाहिए : प्रकाश लाल सिंह

# माधव लाल सिंह ने लिया संन्यास, बेटे प्रकाश संभालेंगे विरासत

संवाददाता। गोमिया

करीब आधा दर्जन बार के विधायक, संयुक्त बिहार सरकार में पूर्व मंत्री रहे माधव लाल सिंह ने राजनीति से संन्यास लेने की घोषणा कर दी है. उन्होंने अपनी विरासत अपने बेटे प्रकाश सिंह को सौंपने की घोषणा भी की. यह ऐलान उन्होंने अपने समर्थकों के साथ आहुत बैठक में किया. उन्होंने साफ कहा कि अब आगे की राजनीतिक विरासत वो अपने बेटे प्रकाश लाल सिंह को सौंप रहे. यहां की जनता 1985 से लेकर लगातार चुनाव में मदद करते आयी है. मुझे आशा है कि वही प्यार और अपनापन और विश्वास जनता मेरे पुत्र के साथ भी कायम रखेगी. उन्होंने कहा कि जिस प्रकार से गोमिया की जनता मुझे वोट देकर चुनाव जिताती रही है, उसी प्रकार से आज मेरे पुत्र को जनता ने पुरजोर समर्थन और आर्थिक सहयोग देकर अपना इरादा साफ कर दिया है. उससे यह तय है कि गोमिया की जनता मेरे पुत्र को सहर्ष स्वीकार कर विधायक के रूप में देखना चाहती है.



**प्रकाश ने कहा- पिता ने अपने कार्यों से गोमिया की जनता के दिलों में जो जगह बनाई और जो मान-सम्मान और प्रतिष्ठा पायी, उसे बरकरार रखूंगा.**

प्रकाश लाल सिंह ने कहा कि पिताजी ने जो अपने कार्यों से गोमिया की जनता के दिलों में जो जगह बनाई है और जो मान-सम्मान इज्जत और प्रतिष्ठा पायी है. हमारा प्रयास रहेगा कि उस प्रतिष्ठा और मान सम्मान पर कभी भी आंच नहीं आने दूं. जनता के सुख-दुख में हमेशा साथ रहूंगा चाहे वो बेरोजगारी की समस्या हो या विकास या फिर किसी भी काम को ईमानदारी से करने का. इस बैठक के दौरान मौके पर महुआटांड़ मुखिया पति फूलचंद केवट, पूर्व पंचायत समिति लोधी एनुल अंसारी, समाजसेवी अमर सोनी, प्रमोद सिंह, बासुदेव यादव, बबलू यादव, ललित यादव, रोहित यादव, भुनेश्वर यादव, कैस्टो यादव, प्रदीप रवानी, आदित्य पांडे, राजेंद्र अग्रवाल, गोकुल सोनकर, चिदरी पंचायत समिति सरजू रविदास, पूर्व जिला परिषद गुल शरीफ, अंसारी, चैता मियां, बलराम पासवान, द्वारका रवानी, अंकुश भंडारी, धर्मेंद्र सिंह, चंद्रमा यादव, मुन्ना सिंह, बिट्टू प्रसाद सहित अन्य मौजूद थे.

राज्यभर की खबरों के लिए स्कैन करें

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार




www.lagatar.in

धनबाद, शनिवार 19 अक्टूबर 2024 ● कार्तिक कृष्ण पक्ष 02, संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ ~~6~~ ● वर्ष : 2, अंक : 189

आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र

## ब्रीफ खबरें

### बीसीसीएल मुख्यालय में केंद्रीय अनुवाद ब्यूरो कार्यक्रम

**धनबाद।** केंद्रीय अनुवाद ब्यूरो नई दिल्ली के सहयोग से बीसीसीएल में आयोजित पांच दिवसीय अनुवाद प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न हुआ.प्रशिक्षण कार्यक्रम में कुल 35 प्रतिभागी ने भाग लिया. समापन कार्यक्रम में मुख्य रूप से मौजूद बीसीसीएल के निदेशक कार्मिक मुरली कृष्णा रमैया ने विजय प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र दिया. इसके साथ उन्होंने कहा कि कंपनी अपने कर्मचारियों की दक्षता को बढ़ाने के लिए हमेशा आगे बढ़कर कार्य करता है. मौके पर केंद्रीय अनुवाद ब्यूरो की ओर से लेखा सरीन,अरुण कुमार ,दिलीप कुमार,कुमार मनोज सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारी मौजूद थे.

### भू-अर्जन कार्यालय के शिविर में उमड़ी भीड़

**पथरगामा :** गोड्डा से महगामा तक नई रेल लाइन बिछाने के लिए किए जा रहे भूमि अधिग्रहण को लेकर प्रखंड कार्यालय में शिविर का आयोजन किया गया. शुक्रवार को जिला भू अर्जन कार्यालय द्वारा आयोजित किए गए इस शिविर में काफी संख्या में मूल रैयत के वारिशन पहुंचे हुए थे. मुआवजा की राशि मूल रैयतों के वारिशानों को ही दिया जाना है. इसके लिए वैसे वरिशान जो गांव छोड़कर बाहर के शहरों में बस गए हैं. दूर दराज से सभी पहुंचे हुए थे. इसी बहाने बरसों बाद भाई-भाई आमने सामने हुए थे. शिविर में लोगों ने अधिगृहित किए जाने वाले भूमि के बदले मिलने वाले मुआवजा को लेकर जानकारी प्राप्त किया. प्रथम चरण में पथरगामा प्रखंड के मौजा बंदनवार, लखनपहाड़ी और अंबा संग्राम जैसे प्रमुख स्थलों का किया गया. इस शिविर में स्थानीय निवासियों में बड़ी संख्या ने भाग लिया. अंचल अधिकारी कोकिला कुमारी ने खुद शिविर का संचालन किया और सभी आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराया. उन्होंने उपस्थित रैयतों को रेलवे लाइन के निर्माण से संबंधित प्रक्रियाओं और लाभों के बारे में विस्तार से बताया. शिविर का मुख्य उद्देश्य भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया को सरल और पारदर्शी बनाना था ताकि स्थानीय लोगों को उनकी भूमि के लिए मिलने वाले उचित मुआवजे की जानकारी मिल सके. इस पहल से लोगों में सकारात्मक भाव देखने को मिला.

**यात्रा :** पांच सितारा सुविधाओं से लैस क्रूज से 3200 किलोमीटर का सफर होगा तय

# 'गंगा विलास' से दुनिया के लंबे सफर पर निकलेंगे 30 पर्यटक

**संवाददाता। साहिबगंज**

गंगा में राष्ट्रीय जलमार्ग-एक (हल्दिया से प्रयागराज) के रास्ते कई देशों के 30 पर्यटक दिसंबर-जनवरी में दुनिया के सबसे लंबे सफर पर निकलेंगे. यह मुसाफिर गंगा विलास क्रूज पर कोलकाता से रवाना होंगे, पहले वह बनारस आएंगे. फिर यहीं से पांच सितारा सुविधाओं से लैस यही क्रूज कोलकाता वापस लौटेगा और बांग्लादेश होते हुए असम के डिब्रूगढ़ तक जाएगा. इस यात्रा के लिए भारतीय अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण ने रूट फाइनल कर दिया है. करीब 3200 किलोमीटर की यात्रा के दौरान क्रूज 27 नदी प्रणालियों से गुजरेगा, इसमें तीन डेक और 18 सुईट उपलब्ध हैं. करीब 51 दिनों में

1. 27 नदी प्रणालियों से गुजरेगा क्रूज
2. बांग्लादेश की दूरी भी जाएगी मापी
3. 51 दिनों में पूरी होगी यात्रा
4. खर्च करने पड़ेंगे 26 .50 लाख



यात्रा पूर्ण होगी, इसके लिए पर्यटकों को करीब साढ़े 25 लाख रुपये खर्च करने होंगे. 24 घंटे के लिए 50 हजार रुपये (प्रति सूईट) किराया निर्धारित हुआ है. बुकिंग फुल हो चुकी है. हालांकि वर्ष 2023 में किराया 25 हजार रुपये (24 घंटे) था, लेकिन इस बार किराये में दोगुना वृद्धि हो गई है. यात्रा कार्यक्रम में पटना, साहिबगंज, बनारस, कोलकाता, ढाका और गुवाहाटी जैसे प्रमुख शहरों के लिए विश्व धरोहर स्थल, राष्ट्रीय उद्यान और नदी घाट को शामिल किया गया है.

यह क्रूज 12 मीटर चौड़ा और 62 मीटर लंबा है. यही क्रूज कोलकाता से सिर्फ बनारस तक यात्रा के लिए एक अक्टूबर को निकल चुका है, वह 24 अक्टूबर तक काशी पहुंचेगा. बुधवार को मुंगेर तक सफर पूरा हो चुका था. 20 को पटना पहुंच जाएगा, इसमें आस्ट्रेलिया, स्विट्जरलैंड, बेल्जियम और संयुक्त राज्य अमेरिका के कुल 14 पर्यटक सवार हैं. तीन दिन घूमने-फिरने के बाद पर्यटक 27 अक्टूबर को वापस कोलकाता के लिए रवाना हो जाएंगे. रिवर क्रूज के मालिक राज सिंह ने बताया कि गंगा विलास के दोनों ट्रिप की बुकिंग हो चुकी है. यात्रा के जरूरी इंतजाम हो रहे हैं. कोलकाता से 16 विदेशी पर्यटकों को लेकर बंगाल गंगा क्रूज गुरुवार को बनारस पहुंचेगा. वह एक अक्टूबर को रवाना हुआ था. बुधवार को उसने गाजीपुर क्रास कर लिया है. अप्रैल 2025 तक अब इस शाही क्रूज का बेस बनारस ही होगा, यहीं से पूर्वांचल और अवध क्षेत्र के विशेष स्थलों की सैर की सुविधा मिलेगी.देव दीपावली और प्रयाग में कुंभ के लिए खास बुकिंग शुरू हुई है. यहीं से क्रूज का संचालन होगा. बनारस से गाजीपुर-बक्सर-बलिया और बनारस से मीरजापुर-प्रयागराज तक पर्यटकों को सफर का आनंद मिलेगा. 24 घंटे के लिए प्रति सूईट का किराया करीब 30 हजार रुपये निर्धारित किया गया है. 20 कमरों में 40 लोग सफर कर सकेंगे, इसके लिए ऑनलाइन बुकिंग शुरू कर दी गई है.

### अवैध कोयला डीपो में छापेमारी, 45 टन कोयला जब्त

**कतरास।** बीसीसीएल एरिया पांच अंतर्गत मोदीडीह कोलियरी क्षेत्र के श्याम बाजार ओबी डंप के किनारे संचालित अवैध कोयला डीपो में बीसीसीएल अधिकारियों के निर्देश पर सीआईएसएफ ने शुक्रवार को छापामारी कर 45 टन कोयला बरामद किया. हालांकि छापामारी की भनक पाकर कोयला तस्कर वहां से कार्रवाई से पूर्व ही भाग निकले थे. सीआईएसएफ ने कोयले को जब्त कर बीसीसीएल को सुपूर्द कर दिया. मामले को लेकर बीसीसीएल अधिकारी मैनेजर दशरथ सिंह ने बताया कि अवैध कोयला कारोबार को लेकर कोयले का भंडारण किया जा रहा था. जिसकी सूचना मिलने पर छापेमारी कर करीब 45 टन कोयला बरामद किया गया है. सीआईएसएफ की त्वरित कार्रवाई से अवैध कारोबार करने वाले लोगों में हड़कंप मचा हुआ है.

# कांग्रेस चुनाव समिति ने किया 81 सीटों पर तीन-तीन नाम तय

## अब केंद्रीय नेतृत्व लेगा निर्णय, दिन भर रही कांग्रेस भवन में गहमा-गहमी




**विशेष संवाददाता। रांची**

प्रदेश कांग्रेस चुनाव समिति की बैठक शुक्रवार को प्रदेश कांग्रेस भवन में हुई. बैठक की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने की. बैठक में मुख्य अतिथि के तौर पर प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर शामिल हुए. बैठक में सभी 81 सीटों पर उम्मीदवारों के नाम पर चर्चा हुई. समिति के सदस्यों द्वारा प्रत्येक विधानसभा के लिए तीन-तीन नामों की अनुशंसा की. यह रिपोर्ट केंद्रीय नेतृत्व को सौंप दी गयी. अब इसमें केंद्रीय नेतृत्व सीट शेयरिंग और प्रत्याशियों के चयन के लिए अधिकृत किया गया. इससे पूर्व बैठक में शामिल सदस्यों ने विधानसभा वार सीटों के संदर्भ में गठबंधन पर समीकरणों के साथ चर्चा की साथ ही शीर्ष नेतृत्व द्वारा घोषित उम्मीदवार की जीत के लिए एकजुट होकर कार्य करने पर बल दिया गया. बैठक में सह प्रभारी सप्तगिरि शंकर उल्का, सीरीबेला प्रसाद श्री राजेश ठाकुर, प्रदीप कुमार बालमुचू, सुबोधकांत सहाय, कालीचरण मुंडा, सुखदेव भगत, प्रणव झा, बन्ना गुप्ता, दीपिका पांडे सिंह, प्रदीप यादव, रामचंद्र सिंह, भूषण बाड़ा, विक्सल कोनगाड़ी, सोनाराम सिंकू, उमाशंकर अकेला, शिल्पी नेहा तिर्की,बंधु तिर्की,अंबा प्रसाद, धीरज प्रसाद साहू, फुरकान अंसारी, चंद्रशेखर दुबे, संजय लाल पासवान, जलेश्वर महतो, जयशंकर पाठक, रविंद्र सिंह, शहजादा अनवर, मानस सिन्हा, अमूल्य नीरज खलको, रमा खलको, भीम कुमार, अशोक चौधरी, सुल्तान अहमद, आलोक दुबे, मणिशंकर, अभिजीत राज, गुंजन सिंह, विनय होरो, नेली नाथन उपस्थित थे.

- बड़े नेताओं को अपना नाम प्रस्तावित करने का करते रहे निवेदन
- मांडू और पौड़याहाट सीट ग्रास रूट कांग्रेसियों को देने की गुहार
- मांडू पर झामुमो के दावे से जेपी पटेल दिखे व्याकुल

### जेपी पटेल दिखे टेंशन में

बैठक को लेकर आज दिन भर कांग्रेस भवन में दावेदारों की गहमा-गहमी रही. बैठक के बाहर दावेदार बड़े नेताओं को अपना नाम लिखकर देते हुए दिखे. निवेदन करते रहे कि सर, मेरा नाम आप जरूर प्रस्तावित कीजिएगा. दावेदारों में बैचनी भी दिखी. प्रदीप यादव की सीट पौड़याहाट और जेपी पटेल की सीट मांडू को लेकर महौल गर्म रहा. इन सीटों पर कांग्रेस के ग्रास रूट कांग्रेस को ही टिकट देने की मांग उठी. वहीं मांडू सीट पर झामुमो की दावेदारी से जेपी पटेल बचैन और व्याकुल दिखे. बतातें चलें कि निलंबित सीटिंग विधायक जेपी पटेल भाजपा के टिकट पर लड़े थे मगर लोकसभा चुनाव में वे कांग्रेस में शामिल हो गए, इस कारण कांग्रेस मांडू सीट झामुमो से मांग रही है. मगर फिलहाल झामुमो इस सीट को छोड़ने के मूड में नहीं दिख रहा है. इससे जेपी पटेल की टेंशन बढ़ी हुई है. रांची के बदले कांग्रेस सिल्ली सीट छोड़ने का दबाव बन रही है. इस सीट से रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष और पूर्व आजसू नेता राकेश किरण महतो जोर अजमाईश कर रहे हैं.

# झारखंड में लूट के लिए बना नापाक गठबंधन : झामुमो

**विशेष संवाददाता. रांची**

झामुमो ने झारखंड में बने एनडीए गंठजोड़ पर तंज कसा है. कहा कि आज झारखंड में लूट, समाज को बांटने, समाज में जहर घोलने, जाति-धर्म की फसाद खड़ा करने के लिए एक नापाक गंठजोड़ का स्वरूप दिखा. आजसू पर तंज कसते हुए कहा कि जो पिछली बार गांव की सरकार बनाने निकले थे, अब सरकार बदलने के लिए वह पार्टी दस पर आकर अटक गयी. अब सरकार बदलने के लिए पता नहीं 10 में एक सीट भी जीत पाएंगे या नहीं, यह तो 23 नवंबर को पता चल पाएगा. जिसकी बदौलत केंद्र में सरकार में है, जिसकी बैशाखी पर दिल्ली में सरकार है, वह दो सीट पर आकर सिमट गए. एक केंद्रीय मंत्री एक सीट के लिए याचना करते रहे. मगर झारखंड में यह गंठजोड़ नहीं चलेगा, आगामी 13 एवं 20 नवंबर को झारखंड के आदिवासी-मूलवासी, किसान, युवा, ग्रामीण, महिला ऐसी चोट करेंगे कि यह लोग डबल डिजिट में भी नहीं आ पाएंगे. रही बात भाजपा की तो यहां पर कॉरपोरेट लूट के लिए यह गंठजोड़ उसने बनाया है. यह बातें पार्टी के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने आयोजित एक प्रेस वार्ता में कही.



- पिछली बार गांव की सरकार बनाने निकले आज अटक गए 10 पर
- देश के केंद्रीय मंत्री एक सीट के लिए करते रहे याचना
- जिसके बैसाखी पर केंद्र में सरकार वो दो पर आकर सिमट गए

सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि आज जो लोग झामुमो में आए वह एक बानगी थी. अभी तो इनके कैंडिडेट आने बाकी हैं, सूची जारी होते ही तबाही मचेगी. एक नहीं हजारों हमारे दल से संपर्क में हैं. मगर हमने कहा दिया है कि अभी नो एंट्री, पहले पश्चयताप करो, फिर संघर्ष करो तब ही मिलेगी एंट्री. उन्होंने कहा कि उनके पार्टी में आज दो दलित नेता शामिल हुए. उन्होंने बताया कि वो जहां थे, वहां न तो उन्हें बोलने की आजादी थी, ना अपने लोगों के लिए कुछ करने की. वे लोग घुटन महसूस कर रहे थे.

# सारंडा में नक्सलियों के प्रेशर बम की चपेट में आने से युवक की मौत

- पुलिस ने टोंटो जंगल से एक आइइडी किया बरामद

**संवाददाता। किरीबुरु**

18 अक्टूबर को टोन्टो थानान्तर्गत वनग्राम लुईया के आस-पास जंगली/पहाड़ी क्षेत्र में सुरक्षा बलों को लक्षित करने के उद्देश्य से नक्सलियों द्वारा पूर्व में लगाये गये एक आइइडी को बरामद कर बम निरोधक दस्ता की सहायता से नष्ट कर दिया गया है. यह जानकारी एसपी आशुतोष शेखर ने दी. उन्होंने कहा कि इसके अतिरिक्त 17 अक्टूबर की प्रातः लगभग 07:00 बजे जराईकेला थानान्तर्गत वनग्राम समठा के आस-पास हरादिरी जंगल में एक प्रेशर बम विस्फोट की घटना हुई है.

उक्त घटना में सुनील सुरीन (40 वर्ष), पिता मंगरा सुरीन ग्राम मकरंडा टोला नवाडीह थाना जराईकेला गंभीर रूप से जख्मी हो गया था. जख्मी अवस्था में ग्रामीणों ने उसे घर ले गये और इलाज कराने लगे. सुनील सियाल पत्ता तोड़ने जंगल गया था. उक्त घटना की सूचना शुक्रवार को दोपहर 12.00 बजे सुनील सुरीन के मृत्यु के बाद थाना को दी गई है. उक्त घटना की सूचना प्राप्त होते ही चाईबासा पुलिस मृत सुनील सुरीन का शव पोस्टमार्टम के लिए भेज रही है.

एसपी ने कहा कि एक संयुक्त अभियान गोईलकेरा थानान्तर्गत ग्राम कुईड़ा, छोटा कुईडा, मारादिरी, मेरालगडा, हाथीबुरु, तिलायबेडा बोयपाईससांग, कटम्बा, बायहातु, बोरोय, लेमसाडीह के सीमावर्ती क्षेत्र तथा टोन्टो थानान्तर्गत ग्राम हुसिपी, राजाबासा, तुम्बाहाका, रेगडा, पाटातोख, गोबुरू, लुईया के सीमावर्ती क्षेत्र में प्रारंभ किया गया है. पुलिस एवं सुरक्षा बलों द्वारा सारंडा/कोल्हान क्षेत्र में लगातार संचालित नक्सल विरोधी अभियान के कारण सुरक्षा बलों को क्षति पहुंचाने हेतु नक्सलियों द्वारा आइइडी का प्रयोग किया जा रहा है.

### जामताड़ा के बाद झरिया शहर में साइबर अपराध का बढ़ता खतरा

**धनबाद :** जामताड़ा के बाद झरिया शहर साइबर अपराधियों का नया ठिकाना बन गया है। इन दिनों ऑनलाइन गेम के माध्यम से नव युवक साइबर ठगी का कारोबार कर रहे हैं। जामताड़ा को पहले साइबर अपराध के मामले में झारखंड का गढ़ माना जाता था, लेकिन समय के साथ साइबर अपराधियों ने अपना दायरा बढ़ाते हुए कई अन्य शहरों में अपनी जमीन तलाशनी शुरू कर दी है। झारखंड पुलिस की नजर से बचने के लिए साइबर अपराधी अब छोटे शहरों के युवाओं को ट्रेनिंग देकर अपना नेटवर्क फैला रहे हैं। धनबाद जिले का झरिया शहर भी साइबर अपराधियों का सेफ जोन बन चुका है।

# बीसीसीएल कर्मी की बोनस साइबर अपराधियों ने उड़ाई

## रेप केस में फंस गया है बेटा, बोलकर जेरोक्स ऑपरेटर से की गई ठगी

- जीएम ने झारखंड के डीजीपी समेत कई पुलिस पदाधिकारियों से की शिकायत

**संवाददाता। धनबाद**

कोयला भवन मार्केटिंग एंड सेल्स डिपार्टमेंट के जेनरल मैनेजर के कार्यालय में जेरोक्स ऑपरेटर के पद पर कार्यरत शंभूनाथ तिवारी से साइबर अपराधियों ने एक लाख दस हजार रुपये की ठगी कर ली है. ये रकम बीसीसीएल की तरफ से दुर्गापूजा में मिली बोनस की रकम थी. साइबर अपराधियों ने रकम ठगने के लिए शंभूनाथ के बेटे को रेप



केस में फंसे और पटना के थाने में बंद होने की बात कही थी. तब शंभूनाथ ने कई बार में एक लाख दस हजार रुपये साइबर अपराधी के खाते में डाल दिए गए. बाद में ठगे होने का अहसास हुआ और मामले की शिकायत साइबर थाने में की गई. बताया जा रहा है कि गुरुवार को करीब बारह बजे उनके मोबाइल पर 8007237543 नंबर से वाट्स अप कॉल आया था. फोन करने वाले ने कहा कि तुम्हारा बेटा रेप केस में फंस गया और उसे पीटा जा रहा है. जल्द से जल्द बीस हजार रुपये खाते में डाल दो, वो बच जाएगा. फोन पर ही एक लड़के के रोने की आवाज भी सुनाई दे रही थी. इस कारण शंभू डर गए और फिर उसके भेजे गए बैंक खाते में बीस हजार रुपये जमा कर दिया. इसके बाद फिर डराकर साइबर अपराधी ने पचास हजार और चालीस हजार रुपये भी जमा करा लिए.साइबर अपराधी रकम जमा कराने के लिए साथ-साथ जमा पर्ची की स्क्रीनशॉट भी वाट्सअप से मंगवाते रहे. दूसरे दिन मामले की शिकायत साइबर थाने में की गई. हालांकि शिकायत के बाद भी रकम की वापसी नहीं हो पाई. इधर शंभू के ठगे जाने की खबर पाकर जीएम ने मामले की शिकायत झारखंड के डीजीपी समेत कई पुलिस अधिकारियों से की है. इसके अलावा सीएमडी समीरन दत्ता को भी ईमेल के माध्यम से भी खबर दी गई है. इसी में बताया है कि यह रकम उनकी बोनस की थी. साथ ही शंभूनाथ की पत्नी और मां भी बीमार चल रही है, ऐसे में यह ठगी उनके लिए काफी परेशान करना वाला है.

**विधानसभा चुनाव** मैथन में इंटरस्टेट चेकपोस्ट पर बड़ी बरामदगी, तीन पेटी बीयर जब्त

# झारखंड-बंगाल चेकपोस्ट पर 5.67 लाख रुपये बरामद

**संवाददाता। मैथन**

मैथन इंटरस्टेट चेकपोस्ट पर शुक्रवार के सुबह चार बजे से छह बजे के बीच वाहन जांच के दौरान मैथन पुलिस ने दो लोगों से कुल 2.75 लाख रुपये और मैथन डैम मार्ग बने चेकप्वाइंट पर दोपहर तीन बजे एक कार से 2.92 लाख रुपये नगद बरामद किया है. इस तरह कुल मिलाकर मैथन पुलिस ने 5.67 लाख रुपये बरामद करने में सफलता प्राप्त की है. वहीं एक कार के डिक्की से तीन पेटी बीयर जब्त किया गया है.

मैथन पुलिस ने रूपये बरामद हुए तीनों लोगों से पूछताछ करने के बाद बॉण्ड भराकर छोड़ दिया है जबकि जिस कार से बीयर बरामद हुई है, उस



कार को पुलिस ने जब्त कर जांच कर रही है.

मैथन पुलिस ने बताया कि मो. आमिर हसन अंसारी नामक व्यक्ति से 2.25 लाख रुपये बरामद किया गया है. वह पिकअप वैन से जा रहा था. पूछताछ में आमिर हसन अंसारी ने पुलिस को बताया कि वह मछली व्यवसायी है. वह चितरंजन में मछली बेचकर धनबाद जा रहा था. दूसरा व्यक्ति आकाश कुमार सिंह कार से जा रहा था.। उसके पास से 50 हजार रुपये नगद बरामद हुआ है. पूछताछ में उसने अपने आपको ठेकेदार बताया और वह आसनसोल से धनबाद जा रहा था. वह धनबाद का रहने वाला है. तीसरा एक कार के डिक्की से तीन पेटी बीयर जब्त किया गया है. कार चालक मो. शमीम ने पुलिस को बताया कि कार चिरकुंडा के चौधरी ब्रदर्स के मालिक अभिषेक गड्याण का है. वो सुबह मालिक के बच्चों को आसनसोल स्कूल छोड़कर वापस चिरकुंडा जा रहे हैं.

बीयर डिक्की में पहले रखा हुआ था, इस संबंध मुझे कुछ नहीं मालूम है. पुलिस ने कार को जब्त कर लिया है और मामले की जांच में जुट गई है.

पुलिस ने बताया कि मैथन डैम मार्ग पर बनाए गए इंटरस्टेट चेकप्वाइंट पर शुक्रवार के दोपहर तीन बजे एक कार से 2.92 लाख रुपये नगद बरामद किया गया है. कार मालिक सोमोदीप भट्टाचार्यी ने पुलिस को बताया कि वह बोकारो से पेमेंट लेकर वर्द्धमान जा रहा है. झारखंड बार्डर पार करने के बाद हमलोग मां कल्याणेश्वरी मंदिर गये और मां के दर्शन करने के बाद दोस्तों को घुमाने मैथन डैम ले आये, जहां जांच में पकड़े गए. वह पेशे से बिल्डर हैं. बता दें कि विधानसभा चुनाव के मद्देनजर पश्चिम बंगाल सीमा पर इंटरस्टेट चेकपोस्ट बनाया गया है, जहां 24 घंटे झारखंड आने-जाने वाले वाहनों की गहन जांच की जा रही है.

### चाय दुकान में छापेमारी, अंग्रेजी शराब बरामद

**तेतुलमारी।** तेतुलमारी पुलिस ने गुरूवार की रात चंन्दौर पहाड़ी में एक चाय की दुकान में छापामारी कर 40 बोतल विभिन्न ब्रांडों की अंग्रेजी शराब और सात बोतल बियर जब्त किया. छापामारी की भनक लगते ही दुकानदार मौके से फरार हो गया था. शुक्रवार को पुलिस पदाधिकारी हेमंत मिंज के प्रतिवेदन पर तेतुलमारी सुभाष नगर निवासी राजकुमार केवट के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई शुरू की गई है. थानेदार सत्येंद्र यादव ने बताया कि यह कार्रवाई गुप्त सूचना के आधार पर की गई है,लगातार सूचना मिल रही थी कि उक्त दुकान में अवैध शराब की बिक्री होती थी.

# डुमरी में अवैध शराब के खिलाफ अभियान

**संवाददाता। डुमरी**

डुमरी थाना क्षेत्र के करिहारी में छोटे-बड़े 17 जरकिन में लगभग 340 किलो जावा महुआ जो जमीन खोद कर छिपाकर रखा गया था. डुमरी पुलिस ने जब्त करते हुए इसे नष्ट कर दिया. साथ ही शराब बनाने वाले भट्टी को भी नष्ट कर दिया. निमियाघाट थाना के ग्राम केंदुआडीह में अवैध महुआ शराब के विरुद्ध छापामारी की गई. छापामारी के आनंद साव,तारा साव (दोनों के पिता सागर साव) एवं बिनोद साव (पिता टकेश्वर साव) घर के पीछे के करकेट एवं झोपड़ी के पुराना मकान में 03 ड्रम एवं 02 एल्युमिनियम का बड़ा तसला में कुल 300 किलो जावा महुआ बरामद किया गया,जिसे जब्त करने के पश्चात नष्ट कर दिया गया. साथ ही महुआ शराब भट्ठी को भी नष्ट कर दिया गया. बता दें कि उपरोक्त स्थानों के साथ-साथ करिहारी जमुनिया नदी के किनारे,नगलो, घुटवाली, बेलदारी टोला,धनहारा आदि कयी स्थानों पर अवैध महुआ शराब की चुलाई की जाती है.



### ब्रीफ खबरें

## पार्ट्स दुकान में हजारों की चोरी

**धनबाद।** झरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत बनियाहीर दुर्गा मन्दिर के समीप गुरुवार की देर रात इमरान पार्ट्स दुकान में अज्ञात चोरों ने एस्बेस्टस छत तोड़कर हजारों रुपए के सामान की चोरी कर ली. घटना की जानकारी शुक्रवार कि सुबह दुकान मालिक जियाउद्दीन अंसारी को मिली.जियाउद्दीन ने जैसे ही दुकान खोला तो देखा कि दुकान का एस्बेस्टस टूटा हुआ है और सामना भी बिखरा पड़ा है. इसके बाद उन्होंने झरिया थाना में चोरी की लिखित शिकायत की. घटना के संबंध में पीड़ित जियाउद्दीन ने बताया कि प्रतिदिन की तरह गुरुवार की शाम को भी दुकान बंद कर सभी लोग घर चले गए. शुक्रवार की सुबह जब दुकान खोले तो देखा कि एस्बेस्टस टूटा हुआ है और दो मोटरसाइकिल का दो इंजन का पार्ट्स भी गायब है.

## आईआईटी आईएसएम में भारत को जानो प्रतियोगिता

**धनबाद ।** आईआईटी आईएसएम सभागार में हिंदी विकास परिषद के बैनर तले शुक्रवार को भारत को जानो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. जिसमें जिले के विभिन्न स्कूलों के बच्चों ने क्विज कंपटीशन में भाग लिया. .इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य भारत के पिछले इतिहास भारत की सभ्यता और संस्कृति को विस्तार से बच्चों को अवगत कराना है. इस संबंध में हिंदी विकास परिषद धनबाद के अध्यक्ष सोमनाथ पूर्ति ने कहा किभारत जिसे एक समय सोने की चिड़िया कहा जाता था, उसके इतिहास से पूरे विश्व को अवगत कराने के प्रयास से इस पूरे कार्यक्रम को आयोजित किया गया है.कार्यक्रम के दौरान भाग लिए बच्चों से भारत के इतिहास और उससे जुड़ी जितनी भी जानकारी है, ज्यादा से ज्यादा बच्चों तक पहुंचाना है. क्योंकि वर्तमान में जो सिलेबस है, उसमें भारत की कई ऐसी बातें हैं जो जुड़ी हुई नहीं है.

## कोर्ट के आदेश पर मकान सील

**तेतुलमारी।** बाघमारा प्रखंड के नगरीकला दक्षिण पंचायत अन्तर्गत पीएसटी स्टेशन रोड़ स्थित शुक्रवार को धनबाद न्यायालय के नाजीर अनिल कुमार तथा तेतुलमारी थाना के पुअनि शिवनंदन दास पहुंचे, इस दौरान गौर कुम्भकार अन्य का जमीन सिद्धेश्वर प्रसाद द्वारा कब्जा को लेकर न्यायालय के आदेश पर नाजीर ने चारदीवारी भुखंड के दरवाजे में लगे ताले को सील किया. नाजीर अनिल कुमार ने बताया कि टाइटल सूट 142/11 जारीवाद संख्या 5/2024 फाईल किया गया, जिसमें न्यायालय का आदेश पर सील किया गया.

### विधानसभा चुनाव : पुलिस अधीक्षक ने राजनीतिक पार्टी प्रतिनिधियों के साथ बैठक की

# सरकारी भवन-धार्मिकस्थलों का उपयोग प्रचार के लिए नहीं करें : एसपी

**खास बातें**

- चुनाव में शांति और सौहार्द बनाए रखने की अपील
- चुनाव आयोग के नियमों का पालन करने का निर्देश

संवाददाता । धनबाद




विधानसभा चुनाव 2024 को स्वतंत्र, निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने को लेकर पुलिस अधीक्षक नगर अजीत कुमार ने गुरुवार को मान्यता प्राप्त विभिन्न राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधियों के साथ पुलिस मुख्यालय स्थित सभागार में बैठक की. एसपी ने कहा कि विधानसभा निर्वाचन कार्यक्रम जारी होने के साथ ही जिले में आदर्श आचार संहिता लागू हो गया है. सभी प्रतिनिधियों को आदर्श आचार संहिता के अनुपालन, जुलूस, सभाएं, रैली सहित अन्य राजनीतिक गतिविधियों को लेकर निर्वाचन आयोग की ओर से जारी गाइडलाइन का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए विस्तृत जानकारी दी गई. आदर्श आचार संहिता के अनुपालन के संबध में सभी पार्टी प्रतिनिधियों को अवगत कराया. उन्होंने चुनावी प्रचार के "दौरान साम्प्रदायिक सौहार्द बनाये रखने, सरकारी भावनों, मंदिर, मस्जिद, चर्च या अन्य धार्मिक स्थलों का उपयोग चुनाव प्रचार के लिए नहीं करने, निजी ईमारतों व घरों में बिना अनुमति बैनर पोस्टर या झंडा न लगाने को कहा गया. सभी राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधियों को स्पष्ट रूप से निर्देश देते हुए कहा कि चुनाव प्रचार के दौरान किसी की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुचाने, किसी धर्म, समाज, जाति अथवा व्यक्ति विशेष के विरूद्ध आपत्तिजनक टिप्पणी करने, भड़काऊ संदेश को प्रचारित प्रसारित करने वालों के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी. चुनाव आयोग के निर्देशों के तहत शांतिपूर्ण चुनाव प्रचार करने की अपील की.

### सोशल मीडिया पर निगरानी शुरू

पुलिस की विशेष टीम फेसबुक, ट्वीटर एक्स, इंस्टाग्राम, स्नैपचैट, यूट्यूब, टेलीग्राम, व्हाट्सएप समेत अन्य सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर कड़ी नज़र रख रही है, सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक व भड़काऊ संदेश को पोस्ट, लाइक, कमेंट और शेयर करने वालों के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी. सम्बन्धित मामले में एमसीसी के उल्लंघन होने पर ग्रुप एडमिन को भी दोषी मानते हुए विधिक कार्रवाई की जाएगी. आम लोगों से भी उन्होंने अपील की है कि किसी भी तरह के भ्रामक सूचनाओं को कभी शेयर न करें और तत्काल मामले की शिकायत पुलिस कंट्रोल रूम को 03262311217 अथवा 8210840901 पर दें, सूचना देने वाले की पहचान गुप्त रखी जाएगी.

## 20 को टुंडी आएंगी कल्पना सोरेन

**टुंडी:** टुंडी प्रखंड में अगामी 20 अक्टूबर को झामुमो की स्टार प्रचारक सह पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन टुंडी में झामुमो प्रत्याशी जीत सुनिश्चित को लेकर आयेंगी. इस कार्यक्रम की सफलता व ऐतिहासिक बनाने को लेकर टुंडी झामुमो कार्यालय में वरिष्ठ कार्यकर्ता मेनेजर हेम्ब्रम की अध्यक्षता में बैठक हुई. जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में टुंडी विधानसभा क्षेत्र के झामुमो नेता रतिलाल टुडू मौजूद थे. उन्होंने कार्यकर्ताओं की हौसला अफजाई करते हुए कहा कि स्टार प्रचारक की कार्यक्रम ऐतिहासिक भीड़ जुटाने को लेकर रणनीति बनाई गई. उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील किया कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनावें. इस मौके पर सुमन मिश्र, सनातन सोरेन, सखीचंद मुर्मू, अरुण सिंह, गणेश रजक, महेंद्र सोरेन,प्रभुचंद मुर्मू, सागर भुईयां,सोनु कुमार, राजकुमार महतो आदि मौजूद थे.

# डीसी-एसएसपी ने किया झारखंड बंगाल चेकपोस्ट का निरीक्षण

### उपायुक्त ने बीडीओ को लगाई फटकार, सीसीटीवी कैमरा लगाने का निर्देश

**खास बातें**

- धनबाद में इंटरस्टेट चेकप्वाइंट पर वाहनों की जांच तेज
- चुनाव सुरक्षा में लापरवाही बरतने पर होगी कार्रवाई

संवाददाता । मैथन



धनबाद के डीसी माधवी मिश्रा और एसएसपी पी जनार्दन शुक्रवार को दोपहर एक बजे अचानक मैथन पहुंचे और पश्चिम बंगाल सीमा पर बने मैथन इंटरस्टेट चेकप्वाइंट का निरीक्षण किया. डीसी एवं एसएसपी ने वाहनों की जांच प्रक्रिया को देखा और रजिस्टर की जांच की. जांच में लगे पुलिस कर्मियों एवं दण्डाधिकारी से बात की और उन्हें आवश्यक दिशानिर्देश दिया. जांच के दौरान किसी बात को लेकर डीसी माधवी मिश्रा ने एग्यारकुण्ड के बीडीओ मधु कुमारी को फटकार लगाई. यहां जल्द सीसीटीवी कैमरा लगाने का निर्देश दिया. यहां जांच में लगे पुलिस कर्मियों व दण्डाधिकारी को पूरी मुस्तैदी से झारखंड सीमा में आने एवं जाने वाली वाहनों की गहन जांच पड़ताल करने की दिशानिर्देश दिया. कहा कि वाहनों की जांच पड़ताल में कोताही नहीं बरतें. ये चेक प्वाइंट पश्चिम बंगाल सीमा पर स्थित है और विधानसभा चुनाव के मद्देनजर अति संवेदनशील है. लापरवाही बरतने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी. बता दें कि झारखंड पुलिस ने विधानसभा चुनाव के मद्देनजर पश्चिम बंगाल सीमा से सटे धनबाद जिला के मैथन, चिरकुंडा एवं पंचेत में इंटरस्टेट चेकप्वाइंट बनाया है, जहां झारखंड में प्रवेश करने और जाने वाले वाहनों की 24 घंटे गहन जांच-पड़ताल की जा रही है. डीसी माधवी मिश्रा एवं एसएसपी पी जनार्दन ने करीब आधे घंटे तक वाहनों की जांच प्रक्रिया को देखा. इस दौरान डीसी माधवी मिश्रा ने पत्रकारों से कहा कि निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान कराने को लेकर बॉर्डरों पर सघन जांच अभियान चलाया जा रहा है. इसमें ऐसा कोई भी समान या 50 हजार से अधिक नगदी ले जाने पर पाबंदी है. जिससे चुनाव को प्रभावित किया जा सके. ऐसे सामानों की जांच की जा रही है. पकडे. जाने पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी. निरीक्षण के दौरान एग्यारकुण्ड प्रखंड के बीडीओ मधु कुमारी, निरसा एसडीपीओ रजत माणिक बाखला, मैथन ओपी प्रभारी आकृष्ट अमन आदि उपस्थित थे.

## वल्नरेबल बूथों का अधिकारियों ने किया निरीक्षण

**निरसा :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा तथा वरीय पुलिस अधीक्षक हृदीप पी जनार्दनन ने 39, निरसा विधानसभा क्षेत्र के 2 मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया. इस क्रम में उन्होंने निरसा विधानसभा के मदनपुर स्थित मध्य विद्यालय (पूर्व भाग) के मतदान केंद्र संख्या 220 एवं मध्य विद्यालय (पश्चिम भाग) के वल्नरेबल मतदान केंद्र संख्या 222 का निरीक्षण किया. इस दौरान वरीय पदाधिकारियों ने मतदान केंद्रों के बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) को बूथ अवेयरनेस ग्रुप की बैठक करने, मतदान केंद्रों पर सभी बुनियादी सुविधाएं सुनिश्चित करने, वोटरों को जागरूक करने सहित अन्य दिशा निर्देश दिए. वहीं वल्नरेबल मतदान केंद्र संख्या 222 के मतदाताओं को भयमुक्त होकर लोकतंत्र के महापर्व में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील की गई. वरीय पदाधिकारियों ने स्थानीय लोगों को भरोसा दिया कि चुनाव के दौरान मतदाताओं की सुरक्षा के लिए पर्याप्त संख्या में सुरक्षा बल मौजूद रहेंगे, लिहाजा निर्भीक होकर निष्पक्ष मतदान में अपनी भूमिका सुनिश्चित करें. मौके पर एसडीपीओ निरसा रजत माणिक बाखला, प्रखंड विकास पदाधिकारी निरसा इंद्रलाल ओहदार व अन्य पदाधिकारी मौजूद थे.

## वरिष्ठ पत्रकार अजय तिवारी का पार्थिव शरीर पंचतत्व में विलीन

संवाददाता । तोपचांची



वरिष्ठ पत्रकार अजय तिवारी का पार्थिव शरीर शुक्रवार को जमुनिया नदी मुक्ति धाम में पंचतत्व में विलीन हो गया. उनके बड़े पुत्र ने मुखाग्नि दी. अजय तिवारी का शव पहुंचते ही उनके गोमो स्थित आवास सुन्दरी विला में सैंकड़ों की संख्या में ग्रामीणों की भीड़ उमड़ पड़ी. अजय तिवारी के शव यात्रा ने पूरे गोमो को गमगीन कर दिया.गोमो तोपचांची के सैकड़ों लोगों ने श्रद्धांजलि अर्पित की.मौके पर तोपचांची प्रमुख आनंद महतो, पूर्व जिला परिषद सदस्य हीरामन नायक, अतहर नवाज खान, गिरजा शंकर उपाध्याय, सियाराम सिन्हा, प्रमोद महतो, बबलू श्रीवास्तव, इरफान अंसारी, विनय बाबा, हलधर महतो, सदानंद महतो, कपिल सिंह, रवि सिंह, जितेंद्र पांडेय, मोहन अग्रवाल, जगदीश चौधरी, अशफाक खान, अनूप कुमार, सोहन महतो, बापी दा, उत्तम कुमार महतो, राजकुमार महतो, लालचंद महतो सहित तोपचांची गोमो क्षेत्र के सभी पत्रकार शामिल थे.

## फंदे से लटकी मिली विवाहिता ससुरालवालों पर आरोप

संवाददाता । धनसार

धनसार थाना क्षेत्र सहजानंद नगर बरमसिया मे शुक्रवार को 27 वर्षीय पूजा कुमारी नामक विवाहिता का शव उसके घर मे पंखे से संदिग्ध स्थिति में लटका हुआ मिला.सूचना पाकर धनसार पुलिस पहुंच शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए एसएनएमएमसीएच धनबाद भेज दिया. इधर मृतक के पति पंकज ने पूजा के फांसी लगाकर आत्महत्या करने की सूचना दी.सूचना पाकर मृतक के मायके वाले उसके ससुराल वालों के खिलाफ हत्या करने का आरोप लगा रहे हैं. वहीं पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है.बताया जाता है कि बेकारबांध निवासी राधे यादव ने अपनी पुत्री पूजा की शादी दो वर्ष पूर्व बरमसिया सहजानंद नगर के पंकज कुमार के साथ की थी. पूजा ने स्नातक तक पढ़ाई की थी. इन दिनों वह प्रतियोगिता की तैयारी कर रही थी. पिता का कहना है कि शादी के बाद से ही उसके ससुराल वाले प्रताड़ित करते थे.पंकज बरमसिया में चाय की दुकान चलाता है. वहीं पंकज ने पुलिस को बताया कि वह दोपहर में अपने कमरे में आराम करने के लिए गई थी. इसके बाद वह पंखा में गमछा के सहारे फांसी लगा ली.


# विधवा से शादी की जिद में युवक ने दी जान

### फेसबुक पर जान देने की बात कहकर हो गया था गायब, झाड़ियों में मिली लाश

**खास बातें**

- सड़ चुकी थी लाश, हाथ के गोदना से हुई पहचान
- पुलिस जांच में खुलासा, महिला ने भी दी थी तहरीर

संवाददाता । गोविंदपुर



गोविंदपुर थाना अंतर्गत रंगडीह निवासी अमर गोस्वामी 26 वर्ष ने अपनी कथित प्रेमिका से शादी की जिद पर आत्महत्या कर ली. वह विगत 12 अक्टूबर को अपने मामा घर से निकाला था. उसने फेसबुक पर पोस्ट किया था कि यदि प्रेमिका से उसकी शादी नहीं होती है तो वह जान दे देगा. हालांकि इस पोस्ट को 1 घंटे के बाद उसने डिलीट कर दिया था. उसने फेसबुक में लिखा था कि उसे करने में एक ही हाथ है वह है झूठी इज्जत और दिखावा. समाज में मेरे जान के आगे मान ज्यादा प्यारा था. मैंने उस औरत को बहुत बार समझाया कि मैं मर जाऊंगा लेकिन उसने भी चाहा कि मैं मर जाऊं. इसके बाद परिजन सकते में आ गए थे और उसकी खोजबीन शुरू कर दी थी. 13 अक्टूबर को गोविंदपुर थाना में गुमशुदगी का मामला परिवार वालों ने दर्ज कराया. इसके बाद गोविंदपुर थाना की एसआई सुरबाला भृंगराज एवं रविरंजन पांडेय ने मामले की छानबीन शुरू की. गांव की ही प्रेमिका से पूछताछ की गई. प्रेमिका की उम्र करीब 34 वर्ष है तथा उसे 12 वर्ष एवं 9 वर्ष की बेटा बेटी है.वह कई वर्ष पूर्व विधवा हो चुकी है. अमर के लापता होने के बाद उक्त विधवा ने भी गोविंदपुर थाना में आवेदन दिया है कि अमर उसे पिछले दो साल से परेशान कर रहा था. गुरुवार रात बरवाअड्डा थाना क्षेत्र के बड़ा जमुआ गांव के समीप एक खेत की झाड़ियों में एक युवक की लाश मिली थी. बरवाअड्डा पुलिस ने इसकी सूचना गोविंदपुर थाना को दी थी. इसके बाद परिवार वाले शुक्रवार सुबह थाना पहुंचे और पहनावा एवं हाथ के गोदना के आधार पर उसकी पहचान की. क्योंकि लाश सड़ गई थी. बरवाअड्डा पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिवार वालों को सौंप दिया. अमर गोस्वामी मूल रूप से केलियासोल प्रखंड के लखियाबाद गांव का रहने वाला था. उसके पिता की दिमागी हालत ठीक नहीं रहने के कारण मां-बाप के साथ वह अपने ननिहाल रंगडीह में रहता था. वह मां-बाप की इकलौती संतान था. शुक्रवार शाम उसकी अंतिम क्रिया कर दी गई. इस घटना से रंगडीह और लखियाबाद गांव में मातम है.

# सरस्वती विद्या मंदिर सिनीडीह में सम्मान समारोह

### गणित व विज्ञान देश की जीवन धारा है : राकेश सिन्हा

संवाददाता । मधुबन



सरस्वती विद्या मंदिर सिनिडीह में शुक्रवार को सम्मान समारोह का आयोजन किया गया.विद्या विकास समिति, झारखंड के तत्वावधान में दिनांक 15 अक्टूबर से 17 अक्टूबर तक प्रांतीय गणित-विज्ञान मेला का आयोजन सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, बरगंडा, गिरिडीह में किया गया था. सरस्वती विद्या मंदिर, सिनीडीह के छात्र-छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 10 पुरस्कार प्राप्त किया. गणित- विज्ञान मेले में पूरे झारखंड प्रांत में चलने वाले विद्या भारती के विद्यालयों से 773 प्रतिभागी छात्र-छात्राओं ने भाग लिया था.शुक्रवार को वंदना सभागार में सभी विजेता छात्र-छात्राओं को विद्यालय के प्राचार्य राकेश सिन्हा, अरविंद कुमार,अनूप कुमार पांडे ने ट्रॉफी एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया. प्राचार्य राकेश सिन्हा ने कहा कि गणित एवं विज्ञान किसी भी देश की जीवन धारा है.

विद्यालय के लिए गौरव का क्षण है. जब हम गणित- विज्ञान मेले में विजेता छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत कर रहे हैं. विद्यालय को ऐसे छात्र छात्राओं पर गर्व है, जिन्होंने 773 प्रतिभागियों में से 10 पदक प्राप्त किया. उन्होंने कहा कि विज्ञान एवं गणित ऐसा विषय है,जिससे बच्चे अपने जीवन में नई ऊंचाइयां प्राप्त कर सकते हैं. ऐसे ही बाल वैज्ञानिक आगे चलकर राष्ट्र निर्माण एवं राष्ट्र उत्थान में सहायक बनेंगे. कार्यक्रम का मंच संचालन विद्यालय के विज्ञान प्रमुख अरविंद कुमार ने किया. कार्यक्रम को आयोजित एवं सफल बनाने में विद्यालय के आचार्य डॉक्टर तापस कुमार घोष, राजेश कुमार, विनीता कुमारी, श्रवण कुमार, संतोष कुमार पाठक, सुतपा विश्वास, मानिक सेन, नवल किशोर झा, अनिल कुमार, गौतम मुखर्जी, सुधीर कुमार दास, मुरारी दयाल सिंह, पंकज कुमार के साथ-साथ सभी आचार्यों की भूमिका रही.

### प्रशिक्षण आईआईटी आईएसएम में पहुंचे देश भर के तकनीकी संस्थानों के 50 से अधिक एक्सपर्ट

# बायोफिजिक्स व सॉफ्ट मैटर में एडवांस कॉन्सेप्ट्स पर रिफ्रेशर कोर्स शुरू

संवाददाता । धनबाद



देश भर के विभिन्न तकनीकी और शैक्षणिक संस्थानों के 50 से अधिक एक्सपर्ट फैकल्टी मेंबर्स जो आईआईटी (आईएसएम) धनबाद में बायोफिजिक्स और सॉफ्ट मैटर में एडवांस कॉन्सेप्ट्स पर दो सप्ताह के रिफ्रेशर कोर्स में भाग लेने के लिए एकत्र हुए बायोफिजिक्स और सॉफ्ट मैटर के विभिन्न पहलुओं और बुनियादी सिद्धांतों के बारे में जानकारी पायी.संस्थान के आई2एच भवन में 18 से 29 अक्टूबर तक निर्धारित रिफ्रेशर कोर्स का उद्घाटन दिवस था, जिसके दौरान प्रो. यशवंत सिंह, पूर्व प्रोफेसर एवं भौतिकी विभाग के प्रमुख बनारस हिंदू विश्वविद्यालय आईआईटी बॉम्बे के प्रो अम्बरीष कुमार ने ट्रेनिंग दी.

प्रो. सिंह, जो की एक प्रसिद्ध सैद्धांतिक भौतिक विज्ञानी हैं और सॉफ्ट मैटर फिजिक्स के क्षेत्र में अपार योगदान किया है, ने उद्घाटन दिवस के दो अलग-अलग विशेषज्ञ सत्रों के दौरान, सॉफ्ट मैटर और बायोफिजिक्स के बुनियादी सिद्धांतों के बारे में बात की. प्रो. अम्बरीश कुमार ने दो अलग-अलग सत्रों के दौरान दो अलग-अलग विषयों पर चर्चा की, जिनमें से एक जीव विज्ञान में सूक्ष्म पैमाने पर बलों पर और सूक्ष्म पैमाने पर जैविक प्रणाली के कामकाज पर आसपास के माध्यम का प्रभाव शामिल है. आईआईटी (आईएसएम) के भौतिकी विभाग के प्रोफेसर पंकज मिश्रा ने कहा, ₹आईआईटी (आईएसएम) के मालवीय मिशन शिक्षक प्रशिक्षण केंद्र में मालवीय मिशन शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत आयोजित किए जा रहे पाठ्यक्रम का उद्देश्य सॉफ्ट मैटर फिजिक्स के नवीनतम शोध और मूलभूत अवधारणाओं के बारे में संकाय सदस्यों के ज्ञान और समझ को बढ़ाना और अद्यतन करना है, जिसे वे अपनी कक्षाओं और प्रयोगशालाओं में वापस ला सकते हैं.

प्रो. मिश्रा ने आगे कहा, ₹पाठ्यक्रम में आईआईएससी बैंगलोर, आईआईटी, बीएचयू आदि जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों के प्रमुख विशेषज्ञों द्वारा गहन व्याख्यान दिए जायेंगे मैक्रोमोलेक्यूलर क्रिस्टल के आणविक गतिशीलता सिमुलेशन, प्रोटीन फोल्डिंग, डीएनए डायनामिक्स आदि शामिल हैं. इस अवसर पर उपस्थित फैकल्टी डेवलपमेंट सेंटर की समन्वयक प्रो. मृणालिनी पांडे ने आईआईटी (आईएसएम) के फैकल्टी डेवलपमेंट सेंटर में आयोजित किए जा रहे विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों का विवरण दिया, जिसमें फैकल्टी इंडक्शन प्रोग्राम, रिफ्रेशर प्रोग्राम, ऑनलाइन रिफ्रेशर प्रोग्राम, एनईपी ओरिएंटेशन एंड सेंसिटाइजेशन प्रोग्राम आदि शामिल हैं. आईआईटी (आईएसएम) के भौतिकी विभाग के प्रमुख प्रो. बॉबी एंटनी ने विश्वास व्यक्त किया कि यह पाठ्यक्रम प्रतिभागियों के ज्ञान और कौशल को बढ़ाने में मदद करेगा.

## एसएनएमएमसीएच में वर्कशॉप लैब टेक्नीशियनों को प्रशिक्षण

- धनबाद सहित जामताड़ा, बोकारो, गिरिडीह और दुमका के लैब टेक्नीशियन व काउंसलर को दी गई ट्रेनिंग

संवाददाता । धनबाद

शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज के माइक्रोलॉजी विभाग द्वारा शुक्रवार को एक वर्कशॉप का आयोजन किया गया. वर्कशॉप में धनबाद सहित जामताड़ा, बोकारो, गिरिडीह और दुमका के लैब टेक्नीशियन और काउंसलर को ट्रेनिंग दी गई. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्राचार्य डॉक्टर केके लाल तथा अधीक्षक मौजूद थे. मुख्य अतिथि का माइक्रोबायोलॉजी विभाग के द्वारा बुके देकर सम्मानित किया गया. प्राचार्य तथा अधीक्षक ने ईक्यूएनएल तथा एनएबीएल से संबंधित जानकारी तथा प्रयोगशाला की गुणवत्ता की आवश्यकताओं पर प्रकाश डाला. माइक्रोबायोलॉजी विभाग के विभाग अध्यक्ष डॉ सुजीत कुमार तिवारी ने कहा कि प्रयोगशाला के ईक्यूएनएल तथा एनएबीएल संबंधित प्रशिक्षण प्रदान की. डॉ.राजकुमार विभाग ने पैथोलॉजी के एचओडी तथा डॉ रवि कुमार झा ने लैब की गुणवत्ता के लिए आवश्यक तकनीक संबंधित बातें बताई.डॉक्टर अजय कुमार ने लैब अवेयरनेस से संबंधित अपने अनुभव को साझा किया. माइक्रोबायोलॉजी विभाग की शिवानी कुमारी, श्यामपद भंडारी, सुरेंद्र यादव, मेहतान, राजेश कुमार दास तथा अन्य कर्मियों ने वर्कशॉप को सफलता बनाने में अपना अहम योगदान दिया.

**ब्रीफ खबरें**

### महिला अधिकार, साइबर सुरक्षा पर प्रशिक्षण

**बोकारो।** सेवा भारती, झारखंड के प्रांतीय आचार्य सेवा प्रशिक्षण वर्ग के चौथे दिन सामाजिक सुरक्षा एवं महिला अधिकार एवं कर्तव्यों पर मार्गदर्शन बोकारो की अधिवक्ता अर्चना ठाकुर ने दिया. साथ ही साइबर क्राइम के सबइंस्पेक्टर ने महिलाओं को साइबर संबंधित विभिन्न प्रकार के सुरक्षात्मक विषय की जानकारी दी. प्रशिक्षण वर्ग में सेवा कार्यों से समाज में होने वाले परिवर्तन पर चर्चा की गई. वर्ग में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह प्रांत संघचालक अशोक श्रीवास्तव ने अपने आशीर्वचन से महिला कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि सेवा कार्यों में मातृशक्ति की महत्वपूर्ण भूमिका है. सेवा भारती के माध्यम से आज सेवा बस्तियों एवं सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा,स्वास्थ्य, स्वावलंबन एवं सामाजिक संस्कार के कार्यों से बदलाव देखने को मिल रहे हैं.

### डीएवी पब्लिक स्कूल में अभिभावक-शिक्षक वर्कशॉप

**बोकारो।** डीएवी पब्लिक स्कूल सेक्टर-6 में अभिभावक-प्राचार्य-शिक्षक वर्कशॉप अंकुरम् कार्यशाला का आयोजन किया गया. इस अवसर पर बाल वाटिका-I, II, III व कक्षा पहली तथा दूसरी के अभिभावक बच्चे एवं शिक्षक शिक्षिकाएँ उपस्थित थे. कार्यशाला का उदघाटन दीप प्रज्ज्वलन व वैदिक मंत्रो से हुई. इस कार्यशाला में विद्यालय की प्राचार्या व रिशोर्स पर्सन अनुराधा सिंह ने कहा कि अभिभावक घर पर ही नई नई शिक्षण सामग्री बनाकर उन्हे पठन पाठन हेतु रुचि उत्पन कर सकते हैं. बच्चे खेल खेल के माध्यम से बहुत कुछ सीखते हैं तथा अपने अनुभवों को समूह में साझा करते हैं. विद्यालय में बच्चों के लिए पठन कौशल, वाचन कौशल, श्रवण कौशल व लेखन कौशल के नई नई शिक्षण तकनीकि का उपयोग करते हैं.

### विधानसभा क्षेत्र में चुनाव तैयारियों पर बैठक

**गांडेय।** गांडेय प्रखंड मुख्यालय के सभागार में शुक्रवार को जिला डी एस ओ सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी गुलाम सरदानी ने 31 गांडेय विधान सभा क्षेत्र के अंतर्गत सेक्टर पदाधिकारी और सेक्टर पुलिस अधिकारी के साथ बैठक की. उक्त बैठक में गांडेय विधान सभा क्षेत्र के सेक्टर ऑफिसर और सेक्टर पुलिस ने भाग लिया जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि गांडेय विधान सभा को 37सेक्टर में बांटा गया है प्रत्येक सेक्टर में सेक्टर ऑफिसर और सेक्टर पुलिस को जिम्मेवारी सौंपी गई है . हरेक सेक्टर में 10से12 बूथ पड़ते है.

### हत्या के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**बेंगाबाद।** बेंगाबाद पुलिस ने हत्या के एक आरोपी को गिरफ्तार कर शुक्रवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया. बेंगाबाद थाना से मिली जानकारी के अनुसार बीते साल सितम्बर 2023 से आरपी फरार चल रहा था. वादी के आवेदन के आलोक में बेंगाबाद थाना में कांड संख्या 232/2023 दिनांक 24.10.2023 धारा 341/323/324/325/307/504/506/ भा0द0वि0 समावेशीत धारा 302 का प्राथमिकी के तहत अभियुक्त विशाल दास पिता चंद्रिका दास गांव धोबनी के निवासी बहुत दिनों के बाद कलकत्ता से सुबह सुबह अपने घर वापस आया था. बताया गया की आरोपी घटना के बाद जो करीब एक वर्ष से फरार चल रहा था पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर आरोपी को पकड़ने पहुंचा तो आरोपी पुलिस को देख भागने लगा तब जाकर गांव के ही धान खेत में आरोपी को दौड़ाकर एवं सशस्त्र बलों के सहयोग से घेरकर पकड़ा गया .

### हड़ताल पर त्रिपक्षीय वार्ता असफल

**बोकारो।** धनबाद एएलसी के पास 19 अक्टूबर को आयोजित हड़ताल को लेकर आयोजित त्रिपक्षीय वार्ता असफल हो गया . यूनियन द्वारा उठाए गए मुद्दे पर कोई भी सकारात्मक कदम नही उठाने पर वार्ता में कोई भी सहमती नही बना . गौरतलब है कि सेल प्रबंधन द्वारा बोनस , वेज रीविजन, एरियर, कर्मचारियों के अवैध स्थांतरण तथा यूनियन चुनाव पर मनमाना रवैया अपनाने पर बीएसएल कर्मी काफी आक्रोशित है . कर्मियों ने खुद का यूनियन बना कर अलग अलग मुद्दो पर 200 से अधिक पत्र प्रधानमंत्री , इस्पात मंत्री, श्रम मंत्री को लिखा. कही से भी न्याय नही मिलने पर अंत में हड़ताल करने का निर्णय लिया है. वार्ता में सेल प्रबंधन की तरफ से सिजीएम हरिमोहन झा, जीएम प्रभाकर तथा आरिफ शामिल थे.

# पौड़ेयाहाट पुलिस की अवैध शराब कारोबार पर दबिश

**खास बातें**

- होटल संचालक रूपेश कुमार सिंह गिरफ्तार

**संवाददाता । गोड्डा**



दुमका भागलपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर सड़क किनारे चलने वाले कुछ लाइन होटलो में ग्राहकों को अवैध रूप से अंग्रेजी शराब और बीयर परोसे जाने का कारोबार तेजी से फल फूल रहा है. इस आशय की खबर मिलने के बाद पौडेयाहाट पुलिस ने छापेमारी कर अवैध शराब और बीयर की 70 बोतलों को जब्त कर लिया. घटना दुमका भागलपुर मुख्य मार्ग पर पौडेयाहाट थाना अंतर्गत ग्राम तिलाटांड़ स्थित दानीनाथ फैमिली रेस्टोरेंट एवं कामराडोल के झारखंड लाइन होटल से जुड़ा हुआ है. बीते रात्रि पौडेयाहाट थाना प्रभारी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कमराडोल के पास स्थित दानीनाथ ढाबा और झारखण्ड लाइन होटल से कुल 35 बोतल अंग्रेजी शराब अलग अलग ब्रांड के व 35 बोतल बियर के बरामद किया गया. इस मामले में दानीनाथ फैमिली रेस्टोरेंट के संचालक रूपेश कुमार सिंह, पिता हेमन्त प्रसाद सिंह, ग्राम बिस्कोरवा, थाना पंजवारा, जिला बांका (बिहार) से पूछताछ करने पर शराब से संबंधित कोई भी कागजात प्रस्तुत नही किया गया. बरामद शराब को विधिवत जब्त किए जाने के बाद आरोपी होटल संचालक को गिरफ्तार कर थाना लाया गया. घटना को लेकर पोड़ैयाहाट थाना कांड सं० 120/24 धारा 274/275 बीएनएस एवं 47(ए) उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज करते हुए आरोपी को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया बाद में उसे जेल भेज दिया गया.

## आरपीएफ ने की ट्रेन में छापेमारी, 45 बोतल बियर बरामद

**साहिबगंज।** बरहड़वा आरपीएफ ने अहले सुबह आनंद बिहार ट्रेन के एक बोगी में छापेमारी कर 45 पीस केन बुडवेजर प्रीमियम बीयर बरामद किया है . अवैध विदेशी बियर ट्रेन से परिवहन कर बिहार ले जाया जा रहा था . आरपीएफ ने गुप्त सूचना के आधार पर यह कार्रवाई की है मिली जानकारी के अनुसार आरपीएफ इंस्पेक्टर संजीव कुमार के नेतृत्व में सीपीडीएस टीम सहायक उपनिरीक्षक आर के तिवारी,एच/सी एमडी ई .हुसैन, मंजेश कुमार और सीटी सुमन कुमार अन्य आरपीएफ के टीम ने बरहड़वा रेलवे स्टेशन के एक नंबर प्लेटफार्म पर आनंद बिहार के बोगी पर छापेमारी अभियान चलाया .

इस दौरान ट्रेन के एक जनरल बोगी में देखा कि सीट के नीचे एक सफेद रंग का बिमल बैग पड़ा था . बैठे पैसेंजर से बैग के बारे में पूछ ताछ किया गया तो किसी ने बैग के बारे में जानकारी नही दे पाया . उसके बाद बैग को खोल कर देखा गया तो उसमें 45 पीस बीयर बडवाइज़र अवैध विदेशी शराब पाया गया . उसके बाद उसे ट्रेन से नीचे उतारकर जब्त कर आरपीएफ ऑफिस बरहड़वा लाया गया .आरपीएफ इंस्पेक्टर संजीव कुमार ने बताया कि आनंद बिहार ट्रेन से अवैध विदेशी शराब के 45 पीस केन बुडवेजर प्रीमियम बीयर बरामद किया गया है . जिसकी कुल कीमत छह हजार सात सो पचास रुपया है . जिसे एक्साइज डिपार्टमेंट साहिबगंज को अग्रिम कार्यवाही हेतु सुपुर्द कर दिया गया .

### अधिवक्ताओं ने जितेंद्र शर्मा को दी श्रद्धांजलि

**बोकारो।** अधिवक्ताओं के राष्ट्रीय संगठन इंडियन एसोशिएशन ऑफ लॉयर्स के राष्ट्रीय नेता वरीय अधिवक्ता जितेंद्र शर्मा का निधन दिल्ली मे गुरुवार को हो गया. शुक्रवार को बोकारो कोर्ट परिसर में उनके सम्मान में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया. श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए इंडियन एसोसिएशन ऑफ लॉयर्स के नेशनल कौंसिल मेंबर अधिवक्ता रंजीत गिरि ने कहा कि स्व. जितेंद्र शर्मा सुप्रीम कोर्ट के वरीय अधिवक्ता थे. उनकी लेबर लॉ, संविधान एवं सर्विस मामले में जबरदस्त पकड़ थी. उनका इस तरह असमय चला जाना अधिवक्ता जगत को काफी गहरा आघात लगा है. अधिवक्ता अतुल कुमार ने कहा कि जितेंद्र शर्मा कानून के महान ज्ञाता थे. उनकी कमी को कोई पूरा नहीं कर सकता है. इस अवसर पर रंजन कुमार मिश्रा, फटीक चंद्र सिंह, इत्यादि उपस्थित थे.

# डीसी-एसपी ने किया रिसिविंग व काउंटिंग सेंटर का निरीक्षण

**खास बातें**

- भवनों की सफाई, रंग-रोगन व अन्य व्यवस्थाओं के लिए निर्देश
- 25 तक गोदाम व कमरों को खाली करने का आदेश

**संवाददाता । बोकारो**



विधानसभा आम निर्वाचन 2024 कार्य के सफल संचालन को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त विजया जाधव एवं पुलिस अधीक्षक मनोज स्वर्गियारी ने शुक्रवार को ईवीएम रिसिविंग (वज्र गृह) एवं काउंटिंग सेंटर (मतगणना केंद्र) को लेकर चास नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत कृषि उत्पादन बाजार समिति आइटीआइ मोड़ के विभिन्न भवनों का निरीक्षण किया. मौके पर उप विकास आयुक्त गिरजा शंकर प्रसाद, अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी, भवन प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता अमृत कुमार, मीडिया कोषांग के नोडल पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह आदि उपस्थित थे. इस क्रम में डीसी – एसपी ने कृषि उत्पादन बाजार समिति आइटीआइ मोड़ स्थित गोदामों को ईवीएम रिसिविंग एवं काउंटिंग सेंटर के लिए चिन्हित किया. इस बाबत संबंधित अधिकारियों को जरूरी दिशा निर्देश दिया. उन्होंने चिन्हित भवनों का विस्तृत ले-आउट (विधानसभा वार) भवन प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता को बनाने का निर्देश दिया. वहीं, भवन परिसर में झाड़ियों की साफ सफाई, रंग रोगन एवं अन्य जरूरी व्यवस्था को सुनिश्चित करने के लिए संबंधित विभागों से समन्वय स्थापित कर ससमय कार्य को पूरा करने का निर्देश दिया. गोदाम एवं आवश्यकतानुसार कमरों को अधिग्रहण करते हुए 25 अक्टूबर तक खाली करने को लेकर विपणन पदाधिकारी को निर्देशित किया. भवन प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता को पोस्टल बैलेट, विधानसभावार सभी निर्वाचन प्रेक्षक, गणना प्रेक्षक, मीडिया सेंटर, कंट्रोल रूम, राजनीतिक पार्टी प्रतिनिधियों के लिए स्थान चिन्हित कर पंडाल, बैरिकेटिंग की कार्रवाई ससमय पूरा करने को कहा. वहीं, मीडिया कोषांग के नोडल पदाधिकारी को परिसर में पर्याप्त साइनेज का कार्य करने का निर्देश दिया.

# विधानसभा चुनाव 2024 के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम

**खास बातें**

- चुनाव प्रक्रिया में पारदर्शिता व निष्पक्षता पर जोर

**संवाददाता। साहिबगंज**



विधानसभा आम चुनाव-2024 को लेकर एफएसटी, एसएसटी, वीवीटी, सी-विजल का प्रशिक्षण समाहरणालय सभागार में दी गई. प्रशिक्षण में एफएसटी टीम को व्यय लेखा नियंत्रण के तहत की जाने वाली कार्रवाई के अतिरिक्त आदर्श आचार संहिता के मामले पर भी कैसे नियंत्रण रखना है इस विषय पर प्रशिक्षण दिया गया. सी विजिल एप के बारे में भी विस्तार से प्रशिक्षण दिया गया. एसएसटी टीम को चुनाव के दौरान भारी मात्रा में नकद लेन-देन पर पैनी नज़र कैसे रखा जा सकता है. इस विषय पर ट्रेनिंग दी गई. चेक नाका पर जांच के क्रम में अवैध हथियार के साथ आसामाजिक तत्वों की पहचान करना व उनपर कार्रवाई करने से संबंधित प्रशिक्षण दिया गया.प्रशिक्षण के दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी- सह -उपायुक्त हेमंत सती ने जायजा लिया. विधानसभा चुनाव को पारदर्शी और निष्पक्ष ढंग से संपन्न करवाने के लिए चुनाव प्रक्रिया के मद्देनजर गठित एसएसटी, वीएसटी व एफएसटी टीम के सदस्य गंभीरता से कार्य करना सुनिश्चित करें. जिला निर्वाचन पदाधिकारी श्री सती ने कहा कि विधानसभा चुनाव में सबसे जरूरी है कि अपनी ड्यूटी भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशानुसार कार्य करें और कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही न बरतें. आदर्श आचार संहिता के पालन के लिए अपने-अपने विधानसभा क्षेत्रों में कड़ी निगरानी करें. जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि एसएसटी, एफएसटी व वीएसटी से जुड़े सभी पदाधिकारी विधानसभा चुनाव की चुनावी प्रक्रिया के दौरान पुलिस विभाग की टीमों के साथ बेहतर तालमेल करके अपना कार्य करें. अपने-अपने क्षेत्रों में कड़ी निगरानी रखें ताकि कोई भी व्यक्ति आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन न कर सके. यदि कहीं पर आचार संहिता का उल्लंघन मिलता है तो उस पर तुरंत प्रभाव से नियमानुसार कार्रवाई करें. उन्होंने कहा कि छोटी गाड़ियों सहित बड़ी गाड़ियों की भी चेकिंग की जाए तथा चेकिंग के दौरान वीडियोग्राफी अवश्य की जाए. चेकिंग के दौरान अगर किसी गाड़ी में 50 हजार रुपये से ज्यादा की राशि हो, 10 हजार रुपये से अधिक राशि का गिफ्ट व सोना-चांदी मिलता है और टीम के पदाधिकारियों को उक्त राशि एवं गिफ्ट आइटम पर संदेह हो तो उसे सीज करें. इस मौके पर जिला आपूर्ति पदाधिकारी- सह-नोडल पदाधिकारी प्रशिक्षण कोषांग झूनू कुमार मिश्रा, प्रशिक्षक सुभाषित समेत एसएसटी, वीएसटी व एफएसटी टीम के सदस्य उपस्थित थे.

## कसमार प्रखंड के बगदा पंचायत में कई युवा झामुमो में शामिल



**संवाददाता । कसमार (बोकारो)**

कसमार प्रखंड के बगदा पंचायत के दर्जनों युवा झारखंड राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष सह गोमिया के पूर्व विधायक योगेंद्र प्रसाद एवं झामुमो प्रखंड अध्यक्ष दिलीप हेम्ब्रम के समक्ष झामुमो का दामन थामा. बताया गया कि ये सभी युवा अन्य दलों से जुड़कर कार्य करते थे, लेकिन झामुमो की नीति सिद्धांतों व पूर्व विधायक योगेंद्र प्रसाद की सेवा भावना से प्रेरित होकर झामुमो में शामिल हुए. युवाओं ने बताया कि पूर्व विधायक योगेंद्र प्रसाद क्षेत्र के ज्वलंत मुद्दों पर मुखरता से आवाज उठाकर निराकरण करने, हर समय जनता के बीच उपलब्ध रहने और सहज राजनीति एवं राज्य में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अगुवाई में हर वर्ग चाहे वह महिलाएं हों, युवा हों या बुजुर्ग सभी को कल्याणकारी योजनाओं के जरिए मिले रहे लाभ एवं समुचित विकास से प्रेरित होकर झामुमो में शामिल हुए हैं. इस दौरान योगेंद्र प्रसाद ने सभी युवाओं को पार्टी का चुनाव चिन्ह का अंग वस्त्र भेंटकर सभी का झामुमो परिवार में स्वागत किया.

# साहिबगंज में जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट

**खास बातें**

- दोनों पक्षों ने नगर थाना में दर्ज कराई शिकायत
- एक पक्ष ने दूसरे पक्ष पर लगाया जानलेवा हमले का आरोप

**संवाददाता । साहिबगंज**



नगर थाना क्षेत्र के पुरानी साहिबगंज में शुक्रवार की सुबह जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट व गोलीबारी का मामला प्रकाश में आया है. घटना के बाद दोनों पक्षों ने नगर थाना में आवेदन देकर शिकायत की है. एक पक्ष की विभा देवी ने थाना में दिए आवेदन में बताया कि मकान का नव निर्माण कार्य करा रही थीं तभी अनिल यादव, सुनील यादव, रमेश यादव, शोभाकांत यादव, राम यादव व अन्य लाठी-डंडा व देसी कट्टा लेकर वहां पहुंचे और उनके घर की दीवार गिरा दी. सुनील यादव व अनिल यादव ने उन पर और उनके पति पर जान मारने की नीयत से फायर कर दिया. सभी लोग घर में घुस कर लात-घूंसा से मारने लगे. नगर थाना की गश्ती दल के पहुंचने पर सभी भाग निकले. जिससे उनकी जान बच सकी. सारा षड्यंत्र रमेश यादव का रचा हुआ है. पीड़िता ने उचित कार्रवाई की गुहार लगाई है. वहीं दूसरे पक्ष के आरती देवी ने पुलिस को दिए आवेदन में बताया कि पुरानी साहिबगंज, हाई स्कूल के पास उनकी पुश्तैनी जमीन है. उनकी जमीन पर सत्यनारायण यादव व शिव शंकर यादव जबरन मकान निर्माण करवा रहे थे. उनके विरोध करने पर गणेश यादव ने गोली चला दी. जिसमें पीड़िता और उसके बाल-बाल बच गए. उन्होंने उक्त ज़मीन पर धारा 144 लगवा दिया है. इसके बावजूद उक्त लोग 16 अक्टूबर से लगातार उक्त जमीन पर काम करवा रहे हैं. पुलिस के आने पर काम बंद करवा देता है और पुलिस के जाते ही काम शुरू करवा देता है. पुत्र व दामाद को झूठे आरोप में पकड़वा दिया है. पीड़िता ने पुत्र व दामाद को छोड़ने और कड़ी कार्रवाई करने की गुहार लगाई है.

## 21 से 29 तक थानों में कराएं सभी शस्त्र अनुज्ञप्तियों का सत्यापन

**संवाददाता । बोकारो**

आसन्न विधानसभा निर्वाचन 2024 को शांतिपूर्ण, भयमुक्त एवं स्वच्छ बनाने के लिए बोकारो जिला के सभी शस्त्र अनुज्ञप्तियों एवं शस्त्रों का सत्यापन/निरीक्षण किया जाना है. शस्त्रों का सत्यापन/निरीक्षण के उपरान्त शस्त्र संबंधित थाना/पुलिस केन्द्र, बोकारो/वैद्य शस्त्र दुकान में जमा करना है. उपायुक्त श्रीमती विजया जाधव ने इस बाबत पत्र जारी कर दिया है. शस्त्रों के सत्यापन/निरीक्षण के लिए थानावार कार्यक्रम निर्धारित किया गया है,जो दिनांक 21 अक्टूबर से 29 अक्टूबर है. शस्त्रों का भौतिक निरीक्षण थाना परिसर में पूर्वाह्न 10:30 बजे से अपराह्न 3:30 बजे तक किया जाएगा. प्रतिनियुक्त दण्डाधिकारी प्रतिदिन शस्त्रों के सत्यापन/निरीक्षण के उपरान्त शस्त्र को संबंधित थाना/पुलिस केन्द्र, बोकारो/वैद्य शस्त्र दुकान में जमा कराते हुए सत्यापन/निरीक्षण एवं जमा किये गये शस्त्रों की सूची प्रतिदिन उपायुक्त सह जिला दण्डाधिकारी बोकारो एवं पुलिस अधीक्षक, बोकारो को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगें. **निरीक्षण करने वाले दण्डाधिकारी एवं संबंधित थाना का नाम निम्न हैं.** अंचल अधिकारी, गोमिया – गोमिया, आई.ई.एल एवं महुवाटांड़, अंचल अधिकारी, पेटरवार – पेटरवार, अंचल अधिकारी, जरीडीह – जरीडीह, अंचल अधिकारी, बेरमो – बेरमो, गांधीनगर एवं बीटीपीएस, अंचल अधिकारी, कसमार – कसमार, अंचल अधिकारी, चंद्रपुरा – चंद्रपुरा एवं दुग्दा, अंचल अधिकारी, नावाडीह – नावाडीह , अंचल अधिकारी, चास – चास, पिण्ड्राजोरा एवं चास (मु.), कार्यपालक दंडाधिकारी बोकारो – बी एस सिटी एवं हरला, कार्यपालक दंडाधिकारी बोकारो – माराफारी एवं बालीडीह, अंचल अधिकारी, चंदनकियारी – चंदनकियारी.

### झारखंड में स्वास्थ्य सेवाओं को नई ऊंचाई पर ले जाने को तैयार

# मेडिकेंट अस्पताल का राज्य में संचालन शुरू

**खास बातें**

- मरीजों के होगा लिए घर जैसा अनुभव
- विश्वस्तरीय सुविधाएं व अत्याधुनिक इलाज उपलब्ध

**संवाददाता । बोकारो**




सेक्टर 12एफ, एनएच-23, बियाडा कॉलोनी स्थित पूर्वी भारत की सबसे बड़ी मेडिकेंट अस्पताल का संचालन आरम्भ हो गया है. जिसमें विश्वस्तरीय सुविधाओं के साथ अत्याधुनिक इलाज होगा. उक्त बातें डॉ. मजीद अहमद तालीकोटी, चेयरमैन और प्रबंध निदेशक, मेडिकेंट हॉस्पिटल ने कहा. शुक्रवार को हॉस्पिटल परिसर में आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए डॉ मजीद ने कहा कि मेडिकेंट अस्पताल का उद्देश्य इनोवेटिव, संवेदनशील, सुलभ और किफायती स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने में अग्रणी बनना है. हॉस्पिटल में मरीजों के लिए सर्वोत्तम देखभाल की सुविधा दी जाएगी जिससे मरीज को घर जैसा अनुभव होगा. मानव सेवा इस अस्पताल की ध्येय और प्राथमिकता है. अब झारखंड और आसपास के क्षेत्रों के मरीजों को विश्व स्तरीय चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध होगा. उच्च तकनीक , अत्याधुनिक उपकरणों और अनुभवी डॉक्टरों से लैस अब मरीजों के लिए सर्वोत्तम चिकित्सा सुविधा बोकारो में ही उपलब्ध होगा. हॉस्पिटल के संदर्भ में चर्चा करते हुए डॉ मजीद ने कहा कि सुपर स्पेशलिटी विभागों की एक विस्तृत श्रृंखला उपलब्ध है, जो मरीजों को उच्चतम गुणवत्ता की चिकित्सा सेवाएं प्रदान करने के लिए तैयार है. इस आधुनिक अस्पताल ने नवीनतम तकनीक, उन्नत उपकरण और, विश्वस्तरीय इंफ्रास्ट्रक्चर के साथ अपनी सेवाओं का विस्तार किया है. यहां के डॉक्टरों की टीम देश के विभिन्न हिस्सों से आई है, जिनमें अपने-अपने क्षेत्रों के विशेषज्ञ शामिल हैं. सुपर स्पेशलिटी सेवाओं में न्यूरोसर्जरी, यूरोलॉजी, मेडिसिन, सामान्य एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जरी, आर्थोपेडिक और जॉइंट रिप्लेसमेंट, मेडिकल ऑन्कोलॉजी, सर्जिकल ऑन्कोलॉजी, रेडिएशन ऑन्कोलॉजी, गायनेकोलॉजी, नॉन-इनवेसिव कार्डियोलॉजी, शिशु रोग विशेषज्ञ, नेफ्रोलॉजी., और कई अन्य प्रमुख विभाग शामिल हैं. अस्पताल में सभी अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध हैं, जिसमें (एमआरआई -3, टेस्ला, सीटी स्कैन-128, पेट स्कैन5 रिंग, एलआईएनए, ट्रू बीम , ब्रेसीथेरेपी, एडवांस सीलिंग माउंटेड कैथ लैब, उन्नत डायग्नोस्टिक लैब्स, न्यूक्लियर मेडिसिन, अत्याधुनिक 10 मॉड्यूलर ऑपरेशन थियेटर, और मॉडर्न इमरजेंसी सुविधाएं शामिल हैं. मरीजों की देखभाल के हर पहलू को ध्यान में रखते हुए अस्पताल ने राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय मानकों को अपनाया है. मेडिकेंट अस्पताल झारखंड में स्वास्थ्य सेवाओं को एक नई ऊंचाई पर ले जाने के लिए पूरी तरह तैयार है और आने वाले दिनों में मरीजों को सर्वोत्तम चिकित्सा सेवाएं प्रदान करने के अपने मिशन पर दृढ़ है. इसके साथ ही मेडिकेंट अस्पताल प्रबंधन अस्पताल सेवाओं पर 50% तक की छूट प्रदान कर रहा है.

# अनूप मरांडी मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट पर कोशिलवा का कब्जा

**संवाददाता । तिसरी(गिरिडीह)**




तिसरी प्रखंड के बेलवाना पंचायत अंतर्गत कोदाईबांक में पिछले चार दिनों से चल रहे अनूप मरांडी मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट का गुरुवार को समापन किया गया . जिसमें प्रथम पुरस्कार कोशिलवा, द्वितीय पुरस्कार दूधपनिया ,तृतीय पुरस्कार दुधकिया और चतुर्थ पुरस्कार तिलकीमारन की टीम ने प्राप्त किया . प्रथम पुरस्कार प्राप्त करने वाले कोसिलवा की टीम को पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी के अनुज नुनुलाल मरांडी के हाथों पचास हजार रुपए का चेक और शील्ड देकर सम्मानित किया गया, वहीं दूसरा स्थान प्राप्त करने वाले दूधपनिया की टीम को बाबूलाल के पुत्र सनातन मरांडी द्वारा चालीस हजार रुपए और शील्ड देकर सम्मानित किया गया, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले दूधकिया की टीम को उत्तरी छोर के जिला परिषद सदस्य प्रमिला देवी के द्वारा तीस हजार रूपए का चेक और शील्ड देकर सम्मानित किया गया . वहीं चौथे स्थान पर तिलकीमारन की टीम को मुखिया नाजमा खातून के हाथों बीस हजार रूपए का चेक और शील्ड देकर सम्मानित किया गया . इसके अलावा मैन ऑफ़ द सीरीज चुने गए अनुज कुमार को सांसद प्रतिनिधि मनोज यादव के हाथों और मैन ऑफ द मैच बने मोती कुमार को अनासियस हेमब्रम के हाथों पुरस्कृत किया गया . बताते चलें कि प्रथम मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी के पुत्र स्वर्गीय अनूप मरांडी की याद में अनूप टाइगर क्लब द्वारा उनके पैतृक गांव कोदईबांक में चार दिवसीय टूर्नामेंट का आयोजन किया गया था. इस टूर्नामेंट में गिरीडीह जिले की 32 टीमों ने भाग लिया . वहीं मौके पर भाजपा के चंदौरी मंडल अध्यक्ष सुनील साव, किशुन यादव और उपप्रमुख बैजू मरांडी ने सभी खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाते हुए पुरस्कृत किया . इस मौके पर नुनुलाल मरांडी ने कहा कि सौभाग्य की बात है कि कोदाईबांक स्टेडियम में जिले भर के खिलाड़ी खेल रहे हैं . आज भी वो दिन भुला नहीं जा सकता जिस दिन नक्सलियों ने अनूप की निर्मम हत्या की थी . उन्होंने कहा कि खेल से आपसी रिश्ते मजबूत होते हैं.

▼ ब्रीफ खबरें

### अवैध शराब के धंधेबाज को दबोचा

**बरोरा।** बरोरा थाना क्षेत्र के जमुआटांड़ स्थित बरोरा पुलिस ने होटल में छापेमारी की. मौके से दर्जनों बोतल अंग्रेजी शराब बरामद की गई. एक धंधेबाज को भी पुलिस ने गिरफ्तार किया है .बरोरा थाना प्रभारी जयप्रकाश के नेतृत्व में विभिन्न इलाकों में अवैध शराब के खिलाफ छापेमारी से इलाके में हड़कंप मचा है. छापामारी के दौरान दरीदा पंचायत इलाके में 30 लीटर अवैध जावा महुआ को नष्ट किया. अवैध शराब के खिलाफ एक की गिरफ्तारी इसकी पुष्टि बरोरा थाना प्रभारी जयप्रकाश ने की. उन्होंने कहा कि किसी भी सूरत में इलाके में अवैध कारोबार को संचालित नहीं होने दिया जाएगा.

### बरकाकाना-मेसरा रेलखंड का निरीक्षण

**धनबाद।** पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह शुक्रवार को धनबाद मंडल के बरकाकाना-मेसरा रेलखंड का निरीक्षण किया. निरीक्षण के दौरान जीएम ने रेलवे ट्रैक एवं उसके अनुरक्षण सहित रेल संरक्षा से संबंधित अन्य जगहों का जायजा लिया. वहीं इस दौरान जीएम ने सीसीएल अधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय बैठक की. जहां बैठक में कोयला खदानों की रेलवे से और बेहतर कनेक्टिविटी, खदान क्षेत्र में रेल सुविधाओं में सुधार सहित अन्य विषयों पर चर्चा हुआ. मौके पर डीआरएम धनबाद केके सिन्हा सहित अन्य वरिय अधिकारी भी मौजूद थे.

### गोविंदपुर थाने में विस चुनाव की तैयारी को लेकर बैठक



**गोविंदपुर।** गोविंदपुर थाने में आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए एक महत्वपूर्ण बैठक हुई. गोविंदपुर थाना प्रभारी ने थाने के सभी पुलिस अधिकारियों को चुनाव संबंधी कार्यों, वारंट और कुर्की के निष्पादन, शराब और संवेदनशील पदार्थों की छापेमारी, वाहन चेकिंग और क्षेत्र में नियमित भ्रमण पर जोर दिया. उन्हें चुनाव संबंधी मुद्दों पर गंभीरता से काम करने की हिदायत दी गई.

## आस्था : 14 लाख की लागत से हो रहा पंडाल का निर्माण, खूंटी पूजा आज


# झरना पाड़ा में होगा नालंदा विश्वविद्यालय का दीदार

**काली पूजा विशेष**

रनजीत कुमार सिंह। धनबाद

धनबाद। झरनापाड़ा पार्क मार्केट में इस वर्ष नालंदा विश्वविद्यालय की थीम पर पंडाल का निर्माण किया जा रहा है.पूजा का कुल बजट पच्चीस लाख है. जिसमे चौदह लाख रुपये की लागत से पंडाल का निर्माण होगा. तीन लाख की लागत से विद्युत साज- सज्जा की जाएगी. मां काली की प्रतिमा अस्सी हजार रुपए की लागत से बनाई जा रही है. प्रतिमा में प्रसिद्ध कारीगर दुलाल पाल की कारीगिरी दिखेगी. जबकि पंडाल निर्माण का कार्य मेदनीपुर के कारीगकों को दिया गया है. काली पूजा के अनुष्ठान शनिवार को खूंटी पूजा के साथ शुरू हो जाएंगे. धनबाद के





झरनापाड़ा पार्क मार्केट में वर्ष 1980 से श्री श्री श्याम पूजा कमिटी द्वारा भव्य रूप से काली पूजा मनाया जा रही है.



समिति के कोषाध्यक्ष संजय कुमार पाठक ने कहा कि झरनापाड़ा पार्क मार्केट में काली पूजा भव्य रूप से मनाया जाता है. यहां की पूजा ने जिले में हमेशा प्रथम स्थान हासिल किया है. इस वर्ष 31 अक्टूबर को काली पूजा है और 3 नवम्बर को मां की विदाई. पूजा के बाद भक्तों के बीच खिचड़ी और खीर भोग का वितरण किया जाएगा. उन्होंने कहा की जिस तरह मां काली की पूजा भव्य रूप से की जाती है, उसी तरह मां की विदाई भी भव्य व आकर्षक होती है. विदाई में छऊ नाच,रामगढ़ का नामी सुनामी बैंड, ताशा और ढाक शामिल होते हैं .मेला देखने वाले श्रद्धालुओं के लिए सुरक्षा के दृष्टिकोण से जिला प्रशासन, स्वास्थ विभाग और कमिटी के लोगों द्वारा हर व्यवस्था की जाती है. समिति में पदाधिकारी विकास रंजन सिंह , दिनेश प्रधान, विकास सिंह चौधरी, कमल कुमार, शिव प्रसाद मित्रा , दीपक सिंह चौधरी , संजीत मुखर्जी, राजू तिवारी, चितरंजन दुबे , प्रशांत चटर्जी के साथ अन्यसदस्यगन शामिल है.

यहाँ प्रत्येक वर्ष कमिटी द्वारा अलग - अलग थीम पर पंडाल का निर्माण किया जाता है.पूजा में छोटे बच्चों के मनोरंजन के लिए मेला-स्टॉल भी लगाए जाते हें. यहां मां की विदाई भी सबसे आकर्षण का केंद्र होती है.

### डीएवी मुनीडीह के छात्रों को मिले राष्ट्रीय स्तर पर पुरस्कार

**केंदुआ।** केंदुआ डीएवी मुनीडीह में ललित कला सेंटर फॉर विजुअल आर्ट्स, बेंगलुरु द्वारा आयोजित राष्ट्रीय स्तर की विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को संस्था की ओर से ट्रॉफी और प्रमाण पत्र प्रदान किए गए. संस्था ने सुलेख और पेन्सिल शेडिंग प्रतियोगिताएं आयोजित की थीं. विशेष कला रत्न पदक प्रियांशी सिंह (वर्ग 11) और अभिलाषा कुमारी (वर्ग 8) को दिया गया. प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक अनुराग कौशल और आस्था कुमारी को मिला. मृत्युंजय हाजरा, आयुष कुमार, काजल पंड्या, संचिता सिंह, प्रिया, आयुषी शर्मा को रजत पदक मिला. आयुष यादव, रितिका सिंह, शिल्पी कुमारी, सुप्रिया गौरव, अनुराग सिंह, दिव्या कुमारी, पायल रॉय, मधुरिमा मांझी, कनक भारती और आदित्य राज को कांस्य पदक से सम्मानित किया गया. प्राचार्य इंदु प्रसाद ने विद्यार्थियों को हर क्षेत्र और प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रेरित किया.

# 108 एंबुलेंस चालकों की सिविल सर्जन से वार्ता विफल

- अनिश्चित कालीन हड़ताल जारी, मरीजों की परेशानी में इजाफा
- जब तक मांगे पूरी नहीं होगी, हड़ताल रहेगा जारी

संवाददाता। धनबाद



6 सूत्री मांगों को लेकर 108 एंबुलेंस के कर्मचारियों का शुक्रवार को धनबाद सिविल सर्जन से हुई वार्ता विफल हो गई. चालकों का अनिश्चित कालीन हड़ताल जारी है. 108 के कर्मियों के हड़ताल का आज पांचवां दिन है. कर्मियों द्वारा 14 अक्टूबर की रात आठ बजे हड़ताल पर जाने की घोषणा कर दी गई थी. इससे पूर्व चालकों ने सीएस कार्यालय समेत अन्य अधिकारियों को भी अनिश्चित कालीन हड़ताल पर जाने की लिखित सूचना दे दी थी.वहीं 108 एम्बुलेंस कर्मियों के हड़ताल पर जाने से मरीजों की परेशानी काफी बढ़ गई है. हड़ताल पर गए 108 एम्बुलेंस कर्मियों ने बताया कि शुक्रवार को धनबाद सिविल सर्जन कार्यालय में सिविल सर्जन से वार्ता हुई .वार्ता के दौरान सिविल सर्जन द्वारा हड़ताल खत्म करने की जोर देने व प्रशासन द्वारा कार्रवाई करने की बात कही गई. इस पर कर्मी काफी नाराज हो गए. उन्होंने कहा की कर्मी लगातार पूर्व के एजेंसी चिकित्सा हेल्थ केयर ( ZHL ) वर्तमान के एजेंसी ग्रीन हेल्थ सर्विसेस और सरकार के माध्यम से अपने लंबित वेतनमान के साथ विभिन्न मांगो की मांग कर रहे हैं. लेकिन सरकार और एजेंसी कर्मियों की मांगो पर कोई विचार नही किया. जिसके कारण मजबूरन 108 कर्मियों को हड़ताल पर जाना पड़ा. अब जब तक मांगे पूरी नहीं होगी हड़ताल जारी रहेगा .इस बीच स्वास्थ सेवाओं में आने वाली परेशानियों की जवाबदेही भी सरकार और एजेंसी की होगी. कहा कि वे लोग शांतिपूर्ण तरीके से सदर अस्पताल कैंपस में आचार संहिता का पालन करते हुए अपनी बात रख रहे हैं.

### दुकान में लगी आग

**धनबाद।** धनबाद के सिंदरी के शहरपुरा बाजार में बिजली के पोल के स्पार्क से दुकान में आग लग गई. इस दौरान आसपास के लोगों ने आग बुझाने के भरसक प्रयास किये. लेकिन आग बुझाने में नाकामयाब रहे. अंत में अग्निशमन विभाग की मदद से आग बुझाने में कामयाबी मिली.जानकारी के मुताबिक सिंदरी के शहरपुरा बाजार स्थित संजय पूजा भंडार से सटे बिजली के खंभे के केवल में हेवी स्पार्क से दुकान में आग लग गई. गुरुवार की रात तकरीबन दो बजे आग लग गई और कुछ ही मिनट में पूरी दुकान को अपनी चपेट में ले लिया. आसपास के लोगों ने अपने घरों से पानी लाकर आग बुझाने का प्रयास किया. आग लगने के बाद वहां तैनात नाइट गार्ड रविंद्र कुमार ने इसकी सूचना चैंबर के अध्यक्ष दीपक कुमार दीपू को दी. इसके बाद दीपक कुमार ने तुरंत इसकी सूचना बिजली विभाग को दी और बिजली पोल का लाइन कटवाया. इसके पश्चात फायर ब्रिगेड को सूचित किया. सूचना मिलने के बाद फायर ब्रिगेड दमकल की गाड़ियां लेकर पहुंचा और आग को नियंत्रित किया. इसके बाद अगल-बगल की दुकानों को जलने से बचाया और एक बड़ा हादसा टल गया. इस दौरान सिंदरी के थाना प्रभारी संजय कुमार भी दल-बल के साथ मुस्तैदी से लगे रहे. वहीं संजय पूजा भंडार के संचालक संजय कुमार सिंह ने बताया कि दिपावली को देखते हुए काफी सामान मंगाया था.

## मिशन एयरपोर्ट धनबाद ने उठाई मांग, धनबाद को चाहिए एयरपोर्ट

# चुनाव से पहले उठा एयरपोर्ट का मुद्दा

संवाददाता। धनबाद




मिशन एयरपोर्ट धनबाद के माध्यम से एक बार फिर धनबाद में एयरपोर्ट निर्माण का मुद्दा पूरे जोर-शोर से उठाने का संकल्प लिया गया है. यह जानकारी एलसी रोड स्थित राज क्लासेज में एक प्रेस वार्ता में मिशन एयरपोर्ट धनबाद के अध्यक्ष राजीव शर्मा ने दी है. उन्होंने बताया कि औद्योगिक वा शैक्षणिक क्षेत्र धनबाद में एयरपोर्ट होना निहायत जरूरी है. क्योंकि यहां डीजीएमएस ,आईआईटी आईएसएम ,बीसीसीएल ,इस्को ,सिम्फ़र, टिस्को तथा एफसीआई, हर्ल सिंदरी जैसी संस्थाएं संचालित हैं. ये तमाम संस्थाएं राष्ट्रीय तथा अंतर्राष्ट्रीय स्तर की संस्थाएं हैं. जहां विषेशज्ञों का बाहर से आना-जाना लगा रहता है. इसके लिए हवाई जहाज जरूरत पड़ती है. धनबाद में एयरपोर्ट ना रहने की स्थिति में उन्हें कोलकाता या रांची जाना पड़ता है. जिससे आर्थिक व समय दोनों की बर्बादी होती है. इतना ही नहीं यहां एयरपोर्ट बनने से यहां औद्योगिक व शैक्षणिक क्षेत्र के विकास के साथ साथ क्षेत्र में राजस्व सहित रोजगार का मार्ग खुलेगा. मौके पर राजीव शर्मा के साथ मिशन एयरपोर्ट धनबाद के कई अन्य प्रतिनिधि उपस्थित थे.

# बीएसएस महिला कॉलेज में रक्तदान शिविर

संवाददाता। धनबाद

बीएसएस महिला कॉलेज में शुक्रवार को एक सौ यूनिट ब्लड डोनेट के लक्ष्य के साथ रक्तदान कैंप लगाया गया. जिसमे कॉलेज की छात्राएं,टीचर्स और कॉलेज कर्मियों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया.कैंप का शुभारम्भ कॉलेज की प्राचार्या डॉ. करुणा ने सर्वप्रथम रक्तदान करके किया. इस सम्बंध में प्राचार्या डॉ. करुणा ने बताया कि सभी तरह के दान में रक्तदान महादान कहलाता है. रक्तदान करना बहुत ही आवश्यक है. रक्तदान किसी न किसी इंसान के जान बचाने का काम आता है. हर व्यक्ति को रक्तदान के लिए आगे आने की जरूरत है.



## आसनसोल

# ईसीएल सोदपुर एरिया में किया कोलियरी कर्मचारियों ने प्रदर्शन

- प्रबंधक यूके सिंह का आधे घंटे तक किया घेराव
- शांतिभूषण प्रसाद यादव ने आंदोलन को किया संबोधित

संवाददाता। सांकतोड़िया



ईसीएल सोदपुर एरिया की दुबेश्वरी कोलियरी गेट पर दुबेश्वरी कोलियरी बचाओ कमिटी द्वारा शुक्रवार को आंदोलन किया गया. इस दौरान प्रबंधक यूके सिंह का आधे घंटे तक घेराव कर रखा गया. इस लड़ाई में शांतिभूषण प्रसाद यादव, तेजनारायण राम, नवनी चक्रवर्ती, सुशील डे, जयप्रकाश महतो, कोलियरी श्रमिक सहित अन्य लोग उपस्थित थे. उल्लेखनीय है कि 18 अक्टूबर तक निजी कंपनी को सौंपे जाने की अंतिम तारीख थी. सभी यूनियनों की एक साथ कि लड़ाई के कारण प्रबंधन ऐसा नहीं कर सका. इस दौरान संबोधन में शांतिभूषण प्रसाद यादव ने कहा कि प्रबंधन ने कोलियरी को निजी हाथों में देने का लक्ष्य रखा था पर हमने कोलियरी को चालू रखा है. उन्होंने कहा कि 9 अक्टूबर से आंदोलन चल रहा है. सभी को धन्यवाद साथ रहने के लिए धन्यवाद दिया . कहा कि कुछ लोग कई तरह के अफवाह फैला रहे हैं. कहा कि सांसद अरूप चक्रवर्ती के साथ प्रबंधन की कोई बात नहीं हुई है. सभी से कहा कि भय नहीं करें. क्योंकि हमने सुना कि सभी लोग मन ही मन बना कर रखे हैं कि मैं यहां चला जाऊंगा, तो कोई कहीं और. आखिर क्यों? यदि निजी कंपनी को 25 वर्षों के लिए देने को प्रबंधन तैयार है तो कंपनी वैसे ही 40 वर्षों तक चलेगी. मैंने जो सुना है कि प्रबंधन बदमाशी कर रहा है, नया पैनल अनुमोदित कर रहा है. जो भी हो आज हो, कल हो जब तक वे लोग सांसद को कोई पत्र नही देते हैं, तब तक बैठ कर हम लोग कोई निर्णय नहीं ले सकते हैं. प्रबंधन गेम खेल रहा है कोई चिट्ठी नहीं कर रहा है. कहा कि भय नहीं करें, जरूरत पड़ने पर हमे कोई अन्य रास्ता अपनाना पड़ेगा. हम हमेशा आपके साथ हैं. यह आंदोलन चलेगा. जब तक कि प्रबंधन मान नहीं जाता. कहा कि कोलियरी हमलोग चलाएंगे. उन्होंने जोर देकर कहा कि हम हैंड ओवर नहीं करने देंगे.

# नियामतपुर के सूर्य मंदिर के पास छठ घाट का निर्माण शुरू

संवाददाता। नियामतपुर



नियामतपुर सूर्य मंदिर के समीप छठ घाट का निर्माण कार्य छठ पूजा समिति ने स्थानीय लोगों के सहयोग से आरंभ किया . इस संबंध में बताया जाता है कि छठ पूजा हिंदुओं के आस्था का महान पर्व है . जिसे लोग बड़े ही सादगी के साथ धार्मिक वातावरण में अनुष्ठान का आयोजन करते हैं . इतना ही नहीं बल्कि लोग इस अनुष्ठान को करने वालों का बढ़-चढ़कर सहयोग भी करते हैं. दुर्गा पूजा के बाद लोगों में छठ पूजा की तैयारी को लेकर भावनाएं तरंगित होने लगती है. इसी क्रम में नियामतपुर के सूर्य मंदिर के समीप स्थित छठ घाट पर छठ पूजा समिति द्वारा स्थानीय लोगों के सहयोग से घाट निर्माण कार्य आरंभ किया गया. इस अवसर पर छठ पूजा समिति के उप सचिव राकेश कुमार साव ने कहा कि पूर्व में यह घाट मिट्टी का था. जहां छठ ब्रतियों को अनुष्ठान करने में कई तरह की दिक्कतें होती थी. लेकिन समिति के लोगों ने निश्चय किया कि इस घाट को बनाया जाएगा और स्थानीय लोगों के सहयोग से इस छठ घाट का निर्माण कार्य आरंभ हुआ है. उन्होंने कहा कि केवल समिति के लोग द्वारा यह कार्य संभव नहीं है. इस कार्य में स्थानीय लोगों का भी पूरा सहयोग मिल रहा है. जिस कारण यह कार्य हो रहा है उन्होंने कहा कि आगे भी बाकी बचे घाटों का निर्माण किए जाने की योजना बनाई जा रही है .छठ पूजा समिति के सभापति शिवप्रसाद राउत ने बताया कि जब यह छठ घाट कच्चा था मिट्टी का था. उस दौरान छठ व्रतियों को घाट तक पहुंचने में विभिन्न तरह की परेशानियां पेश होती थी .जिसे देखकर समिति द्वारा इसे बनाने का निर्णय लिया गया . इस कार्य में पूरे क्षेत्र के लोगों ने भी बढ़-चढ़कर सहयोग किया जिस कारण इसका निर्माण संभव हो सका .

### सिंघारण नदी में डूबने से व्यक्ति की मौत

**रानीगंज।** अंडाल थाना अंतगर्त अंडाल के सिंघारण नदी में देर रात 11 बजे देवाशीष दत्ता उर्फ़ बुबाई(40) अपना डिउटी करने के बाद स्कूटी से घर जा रहा था. रास्ते में सिंगारण नदी का पानी पुल के उपर से बह रहा था. स्कूटी लेकर नदी पार करने के दौरान नदी में अपने स्कूटी सहित डूब गये. घटनास्थल पर मौजूत बब्लू टुडू ने कहा की रात 11बजे देबाशीष दत्ता उर्फ़ बुबाई(40)अपने काम से लौट रहें थे और नदी पार कर अपने घर अंडाल दामोदर कॉलोनी जाना था लेकिन रात नदी का पानी ज़्यदा होने सें वो स्कूटी के साथ नदी में समा गये. रात से हीं देबाशीष की तलाश जारी है,अभी गोताखोर की मदद से खोज बीन जारी है. नदी से उनकी स्कूटी को निकाल लिया गया,जबकी देबाशीष दत्ता को तलाश किया जा रहा है.

# पश्चिम बंगाल : काली पूजा में बारिश की होने संभावना

संवाददाता। कोलकाता



बंगाल की खाड़ी में निम्न दबाव का क्षेत्र बन रहा है. अलीपुर मौसम विभाग के अनुसार पश्चिम बंगाल के तट पर भी समुद्र अशांत रहेगा. तट पर ऊंची लहर की चेतावनी जारी की गई है. निम्न दबाव क्षेत्र के प्रभाव से अगले सप्ताह दक्षिण बंगाल में बारिश बढ़ सकती है.मौसम विभाग के मुताबिक आज कोलकाता समेत दक्षिण बंगाल के कई जिलों में छिटपुट बारिश की संभावना है. शाम के बाद दक्षिण बंगाल के कुछ हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश की संभावना है. खासकर कोलकाता, उत्तर 24 परगना और दक्षिण 24 परगना के कुछ स्थानों पर बारिश की संभावना अधिक है. हालांकि पश्चिम बंगाल के अन्य जिलों जैसे मेदिनीपुर, बीरभूम और बांकुड़ा में कम वर्षा हो सकती है. पश्चिम बंगाल के तटीय इलाकों में ऊंची लहर की चेतावनी जारी की गई है. शनिवार तक समुद्र अशांत रह सकता है. गहरे समुद्र में मछुआरों को इससे कोई दिक्कत नहीं होगी. उनके लिए कोई चेतावनी जारी नहीं की गई. हालांकि समुद्र तट पर लोगों को चेतावनी दी गई है. पर्यटकों के साथ-साथ स्थानीय लोगों को भी सावधान रहने को कहा गया है. समुद्र की लहरें पांच फीट तक ऊंची उठ सकती हैं.

# ईसीएल टेंडर के खिलाफ काजोरा एरिया व्हीकल एसोसिएशन का प्रदर्शन



संवाददाता। रानीगंज

काजोरा एरिया के एरिया ऑफिस में ई.सी.एल टेंडर के खिलाफ काजोरा एरिया व्हीकल एसोसिएशन के सदस्यों नें काजोरा एरिया ऑफिस में डेपुटेशन सेंट्रल डिस्पैच में दिया गया.इस दौरान काजोरा एरिया व्हीकल एसोसिएशन के उप अध्यक्ष मिश्रा नें कहा की जामबाद ऑ.सी.पी में ई.सी.एल का दो कैम्पर गाडी चल रहा है.उस गाडी का साथ महीनों का बजाया बाकि है जो की ई.सी.एल नहीं दें रहा है इसके बावजूद ई.सी.एल दूसरा टेंडर निकाल रहीं है.जिसके खिलाफ हनलोगो नें आज डेपुटेशन दिया.उन्होंने कहा की अगर ई.सी.एल हमारी बातो को अनसुना करेगी तो आने वाले सोमवार को हमलोग काजोरा एरिया की सभी गाड़ियों को बंद करके प्रदर्शन करेंगे.इस दौरान काजोरा एरिया व्हीकल एसोसिएशन के अध्यक्ष साधन माझी,सचिव राजेश सिंह, मुन्ना पंड्या, मिथलेश सिंह, दीपक दास उपस्थित रहें.

# स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत बनाने के लिए मुख्य सचिव की बैठक

संवाददाता। कोलकाता




पश्चिम बंगाल के मुख्य सचिव मनोज पंत ने शुक्रवार को राज्य के 28 मेडिकल कॉलेज और अस्पतालों में आधारभूत सुविधाओं के विकास कार्य की समीक्षा की. इस बैठक में स्वास्थ्य विभाग के प्रधान सचिव नारायण स्वरूप निगम और सभी मेडिकल कॉलेजों के प्रिंसिपल और अधीक्षक उपस्थित रहे. मुख्य सचिव ने सभी मेडिकल कॉलेजों और अस्पतालों के प्रिंसिपल और अधीक्षकों को 31 अक्टूबर तक आधारभूत सुविधाओं से जुड़े कार्य पूरे करने का निर्देश दिया. बताया गया है कि 28 मेडिकल कॉलेजों में नए सीसीटीवी लगाने, शौचालय निर्माण सहित अन्य आधारभूत सुविधाओं के विकास पर लगभग 120 करोड़ रुपये खर्च किए जा रहे हैं. कुल 7051 नए सीसीटीवी लगाए जाएंगे. राज्य सरकार ने अस्पतालों से रोगियों के स्थानांतरण को लेकर सेंट्रल रेफरल सिस्टम विकसित किया है, जिसे 15 अक्टूबर से पायलट प्रोजेक्ट के तहत लागू किया जा चुका है. एक नवंबर से यह राज्यभर में लागू किया जाएगा और मुख्य सचिव ने बैठक के दौरान सभी अधिकारियों को अपने-अपने मेडिकल कॉलेजों में इसे लागू करने का निर्देश दिया है.

# 1985 के बाद रांची से नहीं जीती कांग्रेस, फिर भी पार्टी कर रही दावे पर दावे

कौशल आनंद। रांची

कभी पूरे बिहार और देश में एकछत्र राज करने वाली पार्टी कांग्रेस झारखंड में कितने बुरे दौर से गुजर रही है, उसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है रांची जैसी महत्वपूर्ण सीट पर वह 1985 के बाद कभी नहीं जीती. फिर भी हर बार कांग्रेस रांची सीट से दावा करते रहती है. रांची सीट पर कांग्रेस की स्थिति का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि 2014 में कांग्रेस अकेले दम पर चुनाव लड़ी. रांची से निवर्तमान रांची महानगर अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह चुनाव लड़े, जो महज 7935 हजार मत प्राप्त कर सके, जबकि इनके प्रतिद्वंद्वी झामुमो की महुआ माजी 36897 हजार मत लाकर दूसरे स्थान पर रहीं. 1985 में अंतिम बार कांग्रेस के विधायक रांची से जयप्रकाश गुप्ता (अब दिवंगत) रहे .

- हटिया से 2009 और सिल्ली से 1995 में अंतिम बार कांग्रेस प्रत्याशी ने जीत दर्ज की थी
- 2014 में कांग्रेस रांची से लड़ी अकेले, लेकिन मात्र 7935 वोट लाकर सुरेंद्र सिंह जमानत तक जब्त करा चुके हैं



| | | |
|---|---|---|
| 1972 | : | देवदत्त साहू |
| 1977 | : | नन्नी गोपाल मित्रा |
| 1980 | : | ज्ञान रंजन |
| 1985 | : | जय प्रकाश गुप्ता |
| 1990 | : | गुलशन लाल आजमानी |
| 2000 | : | यशवंत सिन्हा |
| 2005 | : | 2005 से अब तक रांची से सीपी सिंह लगातार पांच टर्म विधायक रहे. |

## हटिया से गोपाल शरणनाथ शाहदेव और सिल्ली से केशव महतो कमलेश के बाद इन सीटों से कांग्रेस से कोई भी विधायक नहीं बन सका


गोपाल शरण नाथ शाहदेव

यही हाल हटिया विधानसभा का भी रहा है. हटिया से 2005 और 2009 में अंतिम बार गोपाल शरण नाथ शाहदेव जीते. इसके बाद हटिया से कांग्रेस को जीत नसीब नहीं हुई. अगर सिल्ली की बात करें तो वर्तमान कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश के बाद वहां से कांग्रेस का कोई विधायक नहीं बना. महतो सिल्ली से कांग्रेस के अंतिम विधायक साबित हुए. वे 1995 में कांग्रेस के विधायक रहे.


केशव महतो कमलेश

### रांची और हटिया से कांग्रेस के किसी भी दावेदार ने नहीं खरीदा पर्चा

रांची व हटिया सीट से कांग्रेस के दावेदारों की सूची काफी लंबी है. इन सीटों पर शुक्रवार से नामांकन की प्रक्रिया और पर्चा खरीदने का काम शुरू हो गया. इन दोनों सीटों पर 13 नवंबर को वोट डाले जाएंगे. मगर कोई भी दावेदार अब तक पर्चा नहीं खरीदा है. रांची सीटों के दावेदारों को भी पता है कि रांची सीट गठबंधन के झामुमो के खाते में जाएगी.

### दो दिवसीय कला महोत्सव आर्ट-81 का शुभारंभ

# स्वस्थ लोकतंत्र के लिए मतदान आवश्यक है : के. रवि कुमार

संवाददाता। रांची

झारखंड विधानसभा चुनाव में मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से दो दिवसीय कला महोत्सव आर्ट–81 का शुक्रवार को शुभारंभ हुआ. जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम रांची में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार, संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुबोध कुमार, जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त वरुण रंजन ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया.81 आर्ट फेस्टिवल में पूरे देश के अलग-अलग स्थानों, मसलन नेपाल, उत्तर प्रदेश, ओडिशा आदि के 81 कलाकार अपनी कला का प्रदर्शन कर रहे हैं. साथ ही झारखंड के प्रसिद्ध कलाकार, युवा और विद्यार्थी आदि भी शामिल हैं.

मौके पर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा कि आप सभी कला प्रेमियों के माध्यम से सभी वोटरों को कनेक्ट करना 81 आर्ट फेस्टिवल का उद्देश्य है. कला के माध्यम से हमारे युवा मतदाताओं को एक संदेश भी देना है. उन्होंने कहा कि एक स्वस्थ एवं मजबूत लोकतंत्र के लिए जरूरी है कि अधिक से अधिक संख्या में लोग अपने मताधिकार का प्रयोग करें. साथ ही उन्होंने कहा कि समय के साथ झारखंड में वोटिंग प्रतिशत में बढ़ोतरी हुई है और हम निश्चित तौर पर अपने लक्ष्य को प्राप्त करेंगे. अलग-अलग राज्यों से आए कलाकारों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि आपके बेहतरीन स्लोगन और कला को हम अपने चुनाव जागरूकता अभियान में भी शामिल करेंगे. उन्होंने लोगों से अपील की कि वे सपरिवार इस कार्यक्रम में आकर शिरकत करें. आम आगंतुक अपने मतदाता जागरूकता से संबंधित संदेश रिकॉर्ड करा सकते हैं, उनमें से चयनित किए गए संदेशों का उपयोग स्वीप कार्यक्रमों में किया जा सकेगा. 81 कला महोत्सव के उद्घाटन कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त दिनेश कुमार यादव ,सहायक निर्वाचन पदाधिकारी देवदास दत्ता, उप निदेशक जनसंपर्क आनंद सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद थे.




### चुनाव को प्रभावित करने वाले सभी कारकों पर रखें पैनी नजरः के. रवि कुमार

संवाददाता। रांची

शुक्रवार को राज्य के सभी प्रवर्तन एजेंसियों के वरीय अधिकारियों के साथ निर्वाचन सदन में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने समीक्षा बैठक की. मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि विधानसभा निर्वाचन 2024 में केवल कैश ही नहीं, बल्कि अन्य वस्तुओं के प्रलोभन से भी मतदाताओं को लुभाने का प्रयास किया जा सकता है. इन सभी गतिविधियों पर सभी प्रवर्तन एजेंसियां समन्वय स्थापित करते हुए त्वरित कार्रवाई करें. सभी प्रत्याशियों को सामान अवसर प्रदान करने एवं राज्य में स्वच्छ, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान कराने के लिए सभी को सम्मिलित रूप से प्रयास करना होगा. उन्होंने कहा कि आरबीआई के पदाधिकारी सभी संदिग्ध लेनदेन व बल्क ट्रांजैक्शन पर ध्यान रखें. किसी भी संदिग्ध लेनदेन



की सूचना मुख्यालय से साझा करते हुए बैंक एकाउंट को सीज करें. उन्होंने यातायात, वन विभाग, एयरपोर्ट आथोरिटी, मद्य निषेध विभाग, ईडी, कस्टम विभाग, आयकर विभाग आदि के पदाधिकारियों को निर्वाचन के दौरान मुस्तैदी से कार्य करते हुए अवैध गतिविधियों पर पूर्णतः रोक लगाने का निर्देश दिया.

## आचार संहिता उल्लंघन मामले में विधायक भानु पर प्राथमिकी दर्ज

संवाददाता। धुरकी

थाना क्षेत्र अंतर्गत उड़नदस्ता की टीम के दंडाधिकारी सह डंडई बीडीओ देवलाल करमाली के शिकायत पर आदर्श आचार संहिता उल्लंघन मामले में विधायक भानु प्रताप शाही समेत धुरकी सांसद प्रतिनिधि, मंडल अध्यक्ष, अंबाखोरेया पंचायत के मुखिया पति समेत आधा दर्जन कार्यकर्ता पर धुरकी थाना में एफआईआर दर्ज किया गया. आदर्श आचार संहिता उल्लंघन मामले में भवनाथपुर विधायक भानु प्रताप शाही सहित अन्य कार्यकर्ताओं पर धुरकी थाना में प्राथमिकी दर्ज किया गया है. इस संबंध में जानकारी देते हुए थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार ने बताया कि उड़नदस्ता टीम के दंडाधिकारी डंडई बीडीओ देवलाल करमाली द्वारा लिखित शिकायत के आधार पर प्राथमिकी दर्ज की गई है. थाना प्रभारी



ने बताया कि विधायक व उनके कार्यकर्ताओं द्वारा क्षेत्र के अम्बा खोरेया के बाल चौरा के पास बिना अनुमति के नुक्कड़ सभा का आयोजन किया गया था. जिस कारण विधायक भानु प्रताप शाही, मुखिया प्रतिनिधि हरि लाल सिंह, सांसद प्रतिनिधि सुदर्शन गुप्ता, विधायक प्रतिनिधि अखिलेश यादव, रामप्रवेश गुप्ता, भाजपा कार्यकर्ता मदन राम के अलावे 100 से 150 महिला एवं पुरुष कार्यकर्ता पर प्राथमिकी दर्ज की गई है.

## एक्टर देवेश खान के बेटे के रिसेप्शन में पहुंचे डॉ महुआ माजी, अली खान



**रांची।** बॉलीवुड एक्टर देवेश खान के सुपुत्र शोएब उर रहमान के रिसेप्शन पार्टी में नामचीन हस्तियों ने शामिल होकर पार्टी की रौनक बढ़ाई. इस अवसर पर मुंबई से आये बॉलीवुड एक्टर अली खान व राज्यसभा सांसद महुआ माजी खास मेहमान थे. चैंबर ऑफ कॉमर्स के पदधारी भी शामिल हुए. रिसेप्शन पार्टी में बॉलीवुड एक्टर अली खान के साथ लोगों ने खूब सेल्फी ली. रांची की राज्यसभा सांसद डॉ महुआ माजी के साथ भी काफी तस्वीर खिंचवाई. उन्होंने दूल्हा व दुल्हन को आशीर्वाद दिया. मौके पर एक्टर देवेश खान, कुमार गहलोत, मो सिराज, आनंद जालान, कविता होरो, मो कबीरूल्लाह, डॉ जमील, मो खलील, जमीलूर रहमान , मो इम्तियाज, बुलंद अख्तर आदि शामिल थे.

## कांडी में गला काटकर वृद्ध की हत्या

संवाददाता। कांडी (गढ़वा)

थाना क्षेत्र के कान्हा ढोंढ़ गोसांग गांव निवासी एक वृद्ध की गला काट कर हत्या कर दी गई. घटना गुरुवार की है. मृतक की पहचान चूल्हन रजवार के रूप में की गई. हत्या का कारण भूमि विवाद बताया जाता है. ज्ञात हो कि रात में चूल्हन की झोपड़ी से कुछ दूर रहने वाले रामचंद्र मिस्त्री ने चूल्हन को चिल्लाते सुना. उस वक्त मिस्त्री पेशाब करने के लिए अपने घर से बाहर निकले थे. उन्होंने चिल्लाने की आवाज सुन कर गोसांग गांव में स्थित चूल्हन के घर में फोन किया. कहा कि चूल्हन के चिल्लाने की आवाज आ रही है. लग रहा है जैसे कोई उन्हें मार रहा है. जानकारी मिलने के बाद पत्नी मूलिया देवी कई लोगों के साथ मौके पर पहुंची. वहां देखा कि चूल्हन की मृत्यु हो चुकी थी. उनका गला कटा हुआ था. पीछे का मांस मात्र लगा हुआ था. इस स्थिति को देखकर पत्नी एवं परिजन रोने चिल्लाने लगे.

जानकारी के अनुसार चूल्हन का पुराना घर पलामू जिले के मोहम्मदगंज थाना अंतर्गत कादल गांव में था. वहां उनकी कुछ जमीन है. वे वर्षों पहले आकर कांडी के गोसांग गांव में बस गए थे. बुधवार को कादल गांव में गोतिया से चल रहे भूमि विवाद को लेकर चूल्हन की बहस हुई थी. वह कुछ जमीन जोतवा कर घर लौटे थे. चूल्हन ने लौट कर बताया था कि गोतिया के लोगों ने कहा है कि जमीन के पैदा खायला रहे देबउ तब न. रोते चिल्लाते हुए चूल्हन की पत्नी मूलिया देवी ने कहा कि उन्हीं लोगों ने पति का सिर काट कर हत्या कर दी. स्थानीय चौकीदार ने कांडी थाना को रात में ही घटना की सूचना दी.

## व्यय प्रेक्षक ने एमसीएमसी कोषांग का किया निरीक्षण

**लातेहार।** व्यय प्रेक्षक सुनी मैथ्यूज ने शुक्रवार को सूचना भवन के जिला जनसंपर्क कार्यालय में संचालित एमसीएमसी (मीडिया सर्टिफिकेशन एंड मोनिटरिंग कमेटी) कोषांग का निरीक्षण किया. इस दौरान उन्होने एमसीएमसी कोषांग के तहत किए जा रहे मॉनिटरिंग, प्रतिदिन के प्रेस कतरन, सोशल मीडिया व पेड न्यूज के मोनेटरिंग सहित अन्य बिंदुओं की जानकारी ली. उन्होने कोषांग के संबंधित अधिकारियों एवं कर्मियों के दायित्व व कर्तव्यों की जानकारी दी. निरीक्षण के क्रम में व्यय प्रेक्षक एमसीएमसी कोषांग में हो रहे कार्यों पर संतोष जाहिर किया. उन्होने भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देश का अनुपालन करने की बात कही.

### पेज एक का शेष ...

#### आजसू के उपाध्यक्ष उमाकांत रजक ...

**हेमंत की कार्यशैली से प्रभावित किया -हाजरा :** केदार हाजरा ने कहा कि झारखंड और आदिवासी समाज के भाइयों को आगे बढ़ाने के लिए झामुमो में शामिल होने का फैसला लिया है. खुद को हेमंत सोरेन के कार्यशैली से प्रभावित बताया.

#### बाल विवाह वाले कानून पर असर...

इस अधिनियम ने 1929 के बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम का स्थान लिया. पीठ ने कहा, बाल विवाह पर रोकथाम की रणनीति अलग-अलग समुदायों के हिसाब से बनाई जानी चाहिए. यह कानून तभी सफल होगा, जब बहु-क्षेत्रीय समन्वय होगा. कानून प्रवर्तन अधिकारियों के प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण की आवश्यकता है. हम इस बात पर जोर देते हैं कि इस मामले में समुदाय आधारित दृष्टिकोण की आवश्यकता है. कोर्ट का कहना था कि इन मामलों की रोक के लिए कानून के पालन के साथ ही जागरूकता और शिक्षा की भी जरूरत है.

## राशिफल



आचार्य प्रणव मिश्रा

**मेष** कोई महत्वपूर्ण सौदा पूर्ण होने से मानसिक शांति मिलेगी. किसी से बहस हो सकती है. पर कोई धन फंसा हो तो प्रयास करें. वरिष्ठों से संबंध मधुर होंगे, परन्तु सहकर्मियों से मनमुटाव व टकराहट हो सकती है, इसलिए असावधानी न बरतें.

**वृष** विदेश में बसे लोगों के लिए समय उत्तम है. बाहरी आवरण से लाभ होगा. खर्च में वृद्धि होगा पर बाहर से कोई शुभ समाचार मिलेगा. आपकी सृजनात्मकता आपको अन्य साथियों से आगे ले जायेगी. किसी करीबी से धोखा मिल सकता है. जल और मिठाई का दान करें.

**मिथुन** समय अनुकूल है. आय के लिए किया गया सार्थक प्रयास लाभ देगा. आर्थिक स्थिति पूरी तरह से सामान्य रहेगी, धन की आवक सामान्य तौर पर बनी रहेगी. वहीं खर्च भी बढ़ सकते हैं. अपना धन किसी को उधार न दें. गणेश जी का ध्यान पूजन करें.

**कर्क** धन का अचानक आगमन होगा. समय लाभ का मौका देगा. बस कर्म पर ध्यान दें. समाज में मान-सम्मान मिलेगा. परिवार में सुख शांति भरपूर रहेगी. किसी शुभ कार्य के होने का भी संकेत सितारे दे रहे हैं. किसी विवाद में न पडें.

**सिंह** ससुराल में सम्मान मिलेगा. धार्मिक यात्रा सुखद और मनोरंजक होगी. जीवनसाथी से संबंध थोड़े बेहतर होंगे. क्या न करें- आज कहीं पैसा फंसने का भी योग बन रहा है और कोई भी जोखिम भरा कार्य न करें. सूर्य को अर्घ्य दें.

**कन्या** समय पक्ष में नहीं है. किसी से विवाद होगा. दिल के बदले दिमाग से कार्य करें. आप कार्य में अपनी पसंदीदा चीजों की तरफ ध्यान देंगे. किसी करीबी से धोखा मिल सकता है, अतः आंखें बंद करके किसी पर विश्वास न करें. अन्न और जल का दान करें.

**तुला** जीवनसाथी के साथ घूमने का योग है. व्यापार में नया कार्य का योग है. किसी नए शौक की तरफ रुझान रहेगा, जबकि स्पोर्ट्स, योग आपको तरोताजा होने में मदद करेंगे. कुछ गुप्त शत्रु नुकसान पहुंचा सकते हैं, अतः सतर्क रहें.

**वृश्चिक** मौसमी रोग से बचाव जरूरी है. ऋण लेने की नौबत आएगी. आपको एकाग्र होने में मदद मिलेगी और आप खुद को तरोताजा महसूस करेंगे. अपने रुझान में कूटनीतिक रहने की कोशिश करें और विवाद न करें.

**धनु** मानसिक तनाव के साथ साथ क्रोध बढ़ेगा. प्रेम में धोखा मिलेगा. गलतफहमियां दूर कर सकेंगे और नए वादे किए जाएंगे. मेहनत एवं अनुभव द्वारा कुछ नवीन स्थिति को पाएंगे. विषम परिस्थितियों में साहस न खोएं. शिवजी का पूजन ध्यान करें.

**मकर** माता से मतभेद होने की संभावना है. विदेशी कारोबार से जुड़े लोंगो को अच्छे लाभ का योग है. पिता और उच्च अधिकारियों का सहयोग मिलेगा. बिना बात के किसी से भी उलझना भरी पड़ सकता है. गौ को चारा दें.

**कुंभ** सामाजिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी. भाई के लिए दिन अच्छा है. आपके परिश्रम को उचित सम्मान मिलेगा एवं नयी जिम्मेदारी का भार भी आपके कंधों पर डाला जायेगा. नियमित जीवनचर्या एवं संयमित खानपान में कोताही न बरतें.

**मीन** दिन शुभ है. पैतृक संपत्ति का लाभ होगा. अपने कामकाज को बढ़ाने में सफल होंगे. कार्य से सम्बंधित यात्राओं का लाभ मिलेगा. किसी वाद-विवाद के कारण किसी प्रकार का नुकसान होने से बचें. अन्न और जल का दान करें. आलस का त्याग करें.

## गैंगस्टर अमन साहू के शूटर राहुल दुबे को हाईकोर्ट से बेल

**रांची।** अमन साहू गैंग के शूटर राहुल दुबे को झारखंड हाईकोर्ट कोर्ट ने बेल दे दी है. हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस अम्बुज नाथ की कोर्ट ने 25-25 हजार के दो निजी मुचलकों पर उसे बेल दी है. राहुल दुबे को ओरमांझी में भारत माला प्रोजेक्ट की साइट पर लेवी के लिए फायरिंग करने के आरोप में रांची पुलिस ने इसी वर्ष अप्रेल महीने में हथियार के साथ गिरफ्तार किया गया था. उसकी गिरफ्तारी ओरमांझी थाना क्षेत्र से हुई थी. इसके बाद राहुल दुबे ने अपनी जमानत के लिए हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की थी. राहुल पर रामगढ़, रांची और हजारीबाग जिले में एक दर्जन से ज्यादा संगीन मामले दर्ज हैं. आरोपी की ओर से अधिवक्ता अमन कुमार राहुल ने बहस की.

## अबुआ झारखंड पार्टी सभी सीटों पर लड़ेगी चुनाव, तीन प्रत्याशियों की घोषणा

**रांची।** अबुआ झारखंड पार्टी की संसदीय समिति की बैठक स्व. एनई होरो के आवासीय कार्यालय सिरोमटोली में हुई. बैठक में केंद्रीय अध्यक्ष रिलन एमन होरो की अध्यक्षता में झारखंड की सभी 81 विधानसभा सीटों से चुनाव लड़ने का निर्णय लिया गया. प्रथम चरण में तीन विधानसभा सीट के प्रत्याशियों के नाम की घोषणा की गयी. खूंटी से सोमा मुंडा, तोरपा रिलन एनम होरो, कोलेबिरा से विश्राम बागे को प्रत्याशी बनाया गया है.

## यौन शोषण के आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**लातेहार।** महुआडांड़ थाना क्षेत्र के के पकरीटोली निवासी विवेक दास को पुलिस ने यौन शोषण के आरोप में गिरफ्तार कर शुक्रवार को जेल भेज दिया गया. उक्त गांव की एक महिला ने उसके साथ तीन साल तक शादी का झांसा देकर लगातार यौन शोषण करने का आरोप लगाया था. जब भी शादी की बात करती थी तो विवेक हमेशा टाल-मटोल करता था. शादी का दबाव बनाने पर घर को आग लगाने और उनके साथ मारपीट करने की धमकी देता था. पीड़िता ने बताया कि उसके माता-पिता की मौत हो चुकी है. वह अपने छोटे भाई के साथ रहती है. उसने कहा कि विवेक के कहने पर उसने चार बार गर्भपात भी करा चुकी है.

## झारखंड विधानसभा चुनाव : पहले दिन तीन प्रत्याशियों ने किया नामांकन



संवाददाता। रांची

विधानसभा चुनाव के प्रथम चरण के लिए नॉमिनेशन की प्रक्रिया शुक्रवार से शुरू हुई. पहले दिन कुल तीन लोगों ने नॉमिनेशन पर्चा दाखिल किया. प्रथम चरण में झारखंड के कुल 43 विधानसभा सीटों पर 13 नवंबर को मतदान होगा. अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी डॉ. नेहा अरोड़ा ने निर्वाचन सदन में आयोजित पत्रकार वार्ता में बताया कि जमशेदपुर पश्चिमी, रांची और कांके विधानसभा क्षेत्र से एक-एक व्यक्ति ने नामांकन पत्र भरा है. प्रथम चरण के चुनाव के लिए 25 अक्टूबर तक नामांकन होगा. नामांकन अवकाश के दिन को छोड़कर प्रतिदिन सुबह 11 बजे से दोपहर तीन बजे तक होगा. उन्होंने बताया कि राज्य में आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद अब तक सवा करोड़ रुपये के अवैध सामान और नकदी की जब्ती की गयी है. उसमें सर्वाधिक 26.51 लाख की जब्ती पलामू जिले से हुई है. जबकि, रांची और चतरा जिले से 15 लाख रुपये से अधिक के अवैध सामान और नकदी की जब्ती हुई है. 10 लाख रुपए से अधिक की जब्ती वाले जिलों में सरायकेला खारसावां और हजारीबाग शामिल हैं. डॉ. नेहा अरोड़ा ने बताया कि सवा करोड़ की जब्ती में सर्वाधिक 64.12 लाख की जब्ती झारखंड पुलिस ने की है. उसके बाद 28.28 लाख वाणिज्य कर विभाग और 24.03 लाख की जब्ती आबकारी विभाग ने की है.

## हिंदू मठ-मंदिरों को सरकारी नियंत्रण से मुक्त करने की रखी मांग


राजभवन में राज्यपाल को ज्ञापन सौंपते विहिप के प्रतिनिधि.

संवाददाता। रांची

- विहिप के प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल को सौंपा ज्ञापन

विश्व हिंदू परिषद झारखंड प्रांत का एक प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल से मिलकर हिंदू मठ-मंदिरों को सरकारी नियंत्रण से मुक्त करने की मांग की. साथ ही झारखंड में अवैध मत्तांतरण, रोहिंग्या व बांग्लादेशी घुसपैठ सहित कई समस्याओं पर चिंता व्यक्त की गयी, जो जनजातीय सहित पूरे सनातन-हिंदू समाज के लिए एक चुनौती बनती जा रही है. इस अवसर पर राज्यपाल को प्रतिनिधिमंडल ने विहिप द्वारा चलाये जा रहे रामायण ज्ञान परीक्षा से संबंधित पाठ्यपुस्तक सुबोध रामायण व विश्व हिंदू परिषद की त्रैमासिक पत्रिका अरण्यभूमि भेंट की. प्रतिनिधिमंडल में क्षेत्र मंत्री वीरेंद्र विमल (झारखंड- बिहार), क्षेत्र सहमंत्री डॉ बीरेंद्र साहू (झारखंड- बिहार), झारखंड प्रांत अध्यक्ष चंद्रकांत रायपत व प्रांत मंत्री मिथिलेश्वर मिश्र शामिल थे.

# हाईकोर्ट ने कहा- आदेश का पालन हो, वरना रोक देंगे सचिव की सैलेरी

विधि संवाददाता। रांची

बड़हरवा कॉलेज, साहिबगंज में लेक्चरर पद पर कार्यरत अनिल कुमार सरकार एवं अन्य की अवमानना याचिका पर झारखंड हाईकोर्ट में सुनवाई हुई. हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति डॉ. एसएन पाठक की कोर्ट ने राज्य सरकार को निर्देश दिया कि 6 दिसंबर 2024 तक अगर हाईकोर्ट की एकल पीठ के आदेश का पालन नहीं किया जाता है, तो उच्च शिक्षा सचिव एवं निदेशक के वेतन निकासी पर 6 दिसंबर के बाद से रोक लग जाएगी. प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता संजय पिपरवाल ने पैरवी की.

दरअसल, फोर्थ फेज के तहत अंगीभूत बड़हरवा कॉलेज, साहिबगंज में लेक्चरर पद पर कार्यरत प्रार्थियों अनिल कुमार सरकार एवं अन्य की सेवा का समायोजन अग्रवाल कमीशन की रिपोर्ट के आधार पर एसकेएम यूनिवर्सिटी द्वारा किया गया था. लेकिन प्रार्थियों अनिल कुमार सरकार एवं अन्य जो लेक्चरर पद पर काम कर रहे हैं. उन्हें पंचम एवं छठे वेतनमान का लाभ नहीं दिया जा रहा था. जिसे लेकर उनकी ओर से हाईकोर्ट में रिट याचिका दाखिल की गई थी. हाईकोर्ट की एकल पीठ ने प्रार्थियों की याचिका स्वीकृत करते हुए वर्ष 2022 में राज्य सरकार को निर्देश दिया था कि प्रार्थियों को पंचम और छठे वेतनमान का लाभ दिया जाए. इसके बाद एकल पीठ के आदेश के खिलाफ राज्य सरकार ने हाइकोर्ट की खंडपीठ में अपील दाखिल की थी. सरकार की इस अपील को हाईकोर्ट ने वर्ष 2024 में खारिज कर दिया था. इसके बावजूद प्रार्थियों को पंचम एवं छठे वेतनमान का लाभ नहीं दिया गया. इसी दौरान प्रार्थियों की ओर से हाईकोर्ट में अवमानना याचिका भी दाखिल की गई. जिस पर कोर्ट ने शुक्रवार को सुनवाई करते हुए एकल पीठ के आदेश का पालन करने का निर्देश दिया. आदेश का पालन नहीं होने पर 6 दिसंबर के बाद उच्च शिक्षा सचिव एवं निदेशक के वेतन निकासी पर रोक लगाने का निर्देश दिया.

### कोर्ट की खबरें

## आईएएस पूजा सिंघल की बेल पर हाईकोर्ट ने ईडी से मांगा जवाब

**रांची।** सस्पेंडेड आईएएस अधिकारी पूजा सिंघल की जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए झारखंड हाईकोर्ट ने ईडी को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है. अब हाईकोर्ट में पूजा सिंघल की बेल पर 22 नवंबर को सुनवाई होगी. इससे पहले रांची पीएमएलए (प्रीवेन्शन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट) की विशेष कोर्ट ने 26 सितंबर को पूजा सिंघल को बेल देने से इंकार करते हुए उनकी जमानत अर्जी खारिज कर दी थी. ईडी ने पांच मई 2022 को पूजा सिंघल के 25 ठिकानों पर छापेमारी की थी. इसके बाद ईडी ने पूजा सिंघल और सीए सुमन सिंह को गिरफ्तार किया था. दोनों से हुई पूछताछ में ईडी को बेहिसाब पैसे और अन्य जगहों पर इन्वेस्टमेंट के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी मिली थी. ईडी की छापेमारी के दौरान सुमन सिंह के आवास और कार्यालय से 19.31 करोड़ रुपये की नकदी बरामद हुआ था.

## हाईकोर्ट ने खनन सचिव को सशरीर उपस्थित होने का दिया निर्देश

संवाददाता। रांची

निशांत अभिषेक एवं अन्य की ओर से दाखिल याचिका पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने खनन सचिव को 25 नवंबर को सशरीर उपस्थित होने का निर्देश दिया है. कोर्ट ने सेवा संपुष्टि का आदेश दिया था, लेकिन आदेश का अनुपालन नहीं किया गया. सुनवाई के दौरान प्रार्थियों की ओर से कोर्ट में कहा गया कि यह अदालत के आदेश की अवहेलना है. इस मामले की सुनवाई हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस डॉ एसएन पाठक की कोर्ट में हुई. प्रार्थियों की ओर से वरीय अधिवक्ता अजीत कुमार और अपराजिता भारद्वाज ने बहस की.

# प्रतीकों के बदलने के मायने

दुनिया के मशहूर उपन्यासकार ताल्सताय ने इंसाफ के मकसद को स्पष्ट करते हुए उसे सर्वग्राही बनाने की बात की है. अर्थात न्याय केवल प्रतीकों में बंधा कोई शब्द भर नहीं है, बल्कि इसकी ठोस जमीन सच्चाई है. प्रतीकों के खेल में अब तक इस देश की राजनीति ही उलझी हुई थी, अब न्यायपालिका भी इसका हिस्सा बन गई है. न्याय की देवी की मूर्ति में जो फेरबदल किए गए और इसके पीछे जो तर्क दिए गए, वे इस बात का प्रमाण हैं कि न्याय व्यवस्था को त्रुटिहीन और पूरी तरह से दुरुस्त करने की कोशिश की जगह भावनात्मक बातों को अधिक महत्व दिया जा रहा है. गौरतलब है कि सुप्रीम कोर्ट के जजों की लाइब्रेरी में न्याय की देवी की नयी मूर्ति लगायी गयी है. देश के प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ के आदेश पर नयी मूर्ति बनी है, जिसमें पुरानी मूर्ति से अलग वेशभूषा और प्रतीक बने हैं. सफेद रंग की मूर्ति में आंखों से पट्टी हटा दी गई है, उसका परिधान भारतीय कर दिया गया है और हाथ में तलवार की जगह संविधान की किताब दी गई है.

> न्याय की देवी की मूर्ति में जो फेरबदल किए गए और इसके पीछे जो तर्क दिए गए, वे इस बात का प्रमाण हैं कि न्याय व्यवस्था को त्रुटिहीन और पूरी तरह से दुरुस्त करने की कोशिश की जगह भावनात्मक बातों को अधिक महत्व दिया जा रहा है.

कहा जा रहा है कि इस बदलाव से यह संदेश देने की कोशिश की गई है कि कानून अंधा नहीं होता. समझा जा सकता है कि देश में हाल के वर्षों में हुए कई बदलावों के पीछे कई बरसों की कोशिश रही है. नेहरू मेमोरियल म्यूज़ियम एंड लाइब्रेरी का नाम बदलकर प्रधानमंत्री संग्रहालय और पुस्तकालय सोसाइटी में बदलना, इंडिया गेट पर नेता जी की मूर्ति, जम्मू-कश्मीर से 370 की वापसी, अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण, संसद में सेंगोल की स्थापना या इंडियन पीनल कोड, आईपीसी की जगह भारतीय न्याय संहिता, बीएनएस का लागू होना, ऐसे ही फैसलों की चंद मिसालें हैं. अब तक न्याय की जो मूर्ति देश में हुआ करती थी, वे यूनानी देवी जस्टिया की तरह होती थीं, जिनके नाम पर ही जस्टिस यानी न्याय शब्द बना है. इस मूर्ति की आंखों पर पट्टी का मतलब था कि कानून किसी का ओहदा, धर्म, जाति न देखकर सबके साथ एक जैसा व्यवहार करता है. वहीं अभी जिस तलवार को हिंसा का प्रतीक बताकर हटाया गया है, दरअसल उसके जरिए यह संप्रेषित किया गया था कि कानून के पास ताकत है और वह गलत करने वालों को सजा दे सकता है. पुरानी मूर्ति में तराजू भी देवी के एक हाथ में होता था, उसे नयी मूर्ति में बरकरार रखा गया है, जो यह दिखाता है कि अदालत में कोई भी फैसला तर्क की तुला पर ही किया जाएगा. नयी मूर्ति में तराजू अब भी रखा गया है, यह गनीमत है, वर्ना इसे भी किसी आधुनिक डिवाइस से बदला जा सकता था कि तराजू की जगह तौलने-मापने के आधुनिक साधन हमारे पास उपलब्ध हैं. वैसे न्याय की मूर्ति में तब्दीली आने के साथ ही एक खबर आई है, कर्नाटक हाईकोर्ट ने अपने एक फ़ैसले में कहा है कि मस्जिद में भगवान राम की प्रशंसा में नारे लगाने में कुछ ग़लत नहीं है. देश किस तरफ बढ़ रहा है, यह अब साफ नजर आ रहा है. लोकतंत्र, संविधान और न्याय की रक्षा करना सर्वोच्च अदालत का प्राथमिक कर्तव्य है.

## सुभाषित

**सा भार्या या प्रियं ब्रूते स पुत्रो यत्र निवृत्तिः।**
**तन्मित्रं यत्र विश्वासः स देशो यत्र जीव्यते॥**

जो हर समय मधुर और प्रिय वाणी में बात करती है, वही अच्छी पत्नी है. जिससे सुख की प्राप्ति हो, वही अच्छा पुत्र है. जिस पर विश्वास किया जा सके, वहीं सच्चा मित्र है. ठीक इसी प्रकार जहां से जीविकोपार्जन हो सके, वही अपना देश है.

# खुशी से मर जाते जो एतबार होता


**5 अक्टूबर को चुनाव आयोग ने झारखंड और महाराष्ट्र में चुनाव का ऐलान कर आचार संहिता लागू कर दी. हैरानी है, 81 सीटों वाले झारखंड में 13 नवंबर और 20 नवंबर को दो चरणों में, जबकि 288 सीटों वाले महाराष्ट्र में एक ही दिन 20 नवंबर को वोटिंग का ऐलान है. महाराष्ट्र में 72 घंटे में फैसला न हुआ तो राष्ट्रपति शासन क्योंकि 23 नवंबर को रिजल्ट आएगा और 26 नवंबर को शिंदे सरकार का कार्यकाल समाप्त हो जाएगा.**

**तिरे वादे पे जिए हम, तो ये जान झूठ जाना.**
**कि खुशी से मर न जाते अगर एतबार होता..**




गालिब का यह शेर सियासत-अवाम पर भी सटीक बैठता है. अवाम को चुनाव का इंतजार रहता है. चुनाव आते-आते सियासत घोषणाओं का हिमालय खड़ा कर देती है. उसमें आधा-तिहा पूरे भी हो जाते हैं, लेकिन झारखंड जैसे राज्य में अमूमन आधे विधायक चुनाव हार जाते हैं. चुनाव के ऐन पहले सरकारी सेवकों के संघटन हड़ताल पर आमादा हो जाते हैं. उनको मनाया-पटाया जाता है. इस चुनावी साल में झारखंड की इंडिया ब्लॉक वाली सरकार साल भर पहले एमपी इलेक्शन के दौरान लागू लाडली बहना योजना से सीख लेते हुए गैरबजटीय मंईयां सम्मान योजना ले आई. इसके तहत 18 से 50 साल तक की महिलाओं को हजार रुपये प्रतिमाह दिया जाने लगा. भाजपा को लगा कि मामला हाथ से निकला, तो बिना देर किये उसने अपनी सरकार बनने पर गोगो (मां) दीदी योजना लागू कर महिलाओं को 2100 रुपये प्रतिमाह देने की न केवल गारंटी दी, अपितु वह इन एडवांस फॉर्म भी भरवाने लगी. फिर क्या था, झामुमो नेतृत्ववाली सरकार ने 14 अक्टूबर को कैबिनेट निर्णय लेकर दिसंबर से मंईयां सम्मान निधि 2,500 रुपये प्रतिमाह करने का ऐलान कर दिया. फिलहाल इस योजना से 53 लाख महिलाएं लाभान्वित हो रही हैं. दिसंबर से जब बढ़ा लाभ मिलने लगेगा तो राज्य पर सालाना महज 15,900 करोड़ का अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ेगा. गरीबी की ओर झांकिए मत. यह राज्य देश के अमूमन 40 फीसद खनिज भंडार वाला है. ऐसे अमीर राज्य के लिए 15,900 करोड़ शायद कोई मायने नहीं रखता. लाख करोड़ से अधिक बजट वाला यह राज्य है जनाब! वोट चीज ही ऐसी है. उसके लिए कोई भी बोली लगाई जा सकती है. बोली तभी महत्व रखती है, जब आप सेवा करने योग्य यानी सरकार रहें.

**• देश-काल**



**श्याम किशोर चौबे**

हेमंत सरकार के नये फैसले के अगले दिन 15 अक्टूबर को चुनाव आयोग ने झारखंड और महाराष्ट्र में चुनाव का ऐलान कर आचार संहिता लागू कर दी. हैरानी है, 81 सीटों वाले झारखंड में 13 नवंबर और 20 नवंबर को दो चरणों में, जबकि 288 सीटों वाले महाराष्ट्र में एक ही दिन 20 नवंबर को वोटिंग का ऐलान है. महाराष्ट्र में 72 घंटे में फैसला न हुआ तो राष्ट्रपति शासन क्योंकि 23 नवंबर को रिजल्ट आएगा और 26 नवंबर को शिंदे सरकार का कार्यकाल समाप्त हो जाएगा. झारखंड में पूर्वापेक्षा महीना भर पहले होनेवाले इस चुनाव में प्रथम चरण के मतदान के लिए जिन 43 सीटों की घोषणा की गई है, उनमें रांची जिले के केवल सिल्ली और खिजरी में दूसरे चरण में वोटिंग शेड्यूल है. चुनाव आयोग ने अपना काम कर दिया. माथापच्ची करें वे, जिनको चुनाव लड़ना-लड़वाना है. विशुद्ध रूप से राजनीति और वेलफेयर स्टेट पर सोचें तो प्रायः साल भर पहले राजस्थान में भी चुनाव हुआ था. मौका ताड़कर राजस्थान की तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने 500 रूपये में घरेलू गैस सिलिंडर देने का ऐलान किया. भाजपा ने 450 रुपये में ही गैस सिलिंडर देने की तत्काल गारंटी दी, बशर्ते सेवा की गारंटी मिले. गारंटी मिल गई तो उसने बीपीएल और उज्ज्वला लाभान्वितों के अलावा राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन के लाभान्वितों को इसी पहली सितंबर से साल में एक बार 450 रुपये में गैस सिलिंडर देना शुरू कर दिया. सरकार पर ज्यादा नहीं, सालाना दो सौ करोड़ का अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ा. बाकी जनरल परिवार इनके-उनके समर्थक हैं और अति समर्थ हैं. सो, वे सोच सकते हैं, होई त दियाई. उसके भी पहले कर्नाटक में हुए चुनावों में कांग्रेस ने सेवा की गारंटी मिलने पर गृह लक्ष्मी, शक्ति, गृह ज्योति, अन्न भाग्य और युवा निधि योजना चलाने की गारंटी दी थी. बेंगलुरू के सीनियर पत्रकार लक्ष्मण वेंकट कुची कहते हैं, कर्नाटक में कांग्रेस सरकार महिलाओं को मुफ्त बस यात्रा की भी सुविधा दे रही है, लेकिन.... वे यहीं आकर थोड़ा रुकते हैं और कहते हैं कि ये योजनाएं सरकार की अर्थव्यवस्था पर भारी गुजर रही हैं. लक्ष्मण की सोच पर सोचें तो यही हाल हिमाचल और तेलंगाना का भी है. तीसरे दशक की प्रायः सभी सरकारें खासकर महिलाओं को प्रत्यक्ष/परोक्ष आर्थिक लाभ पहुंचानेवाली अलग-अलग नामों से ऐसी योजनाएं चला रही हैं.

शुक्रिया उस केजरीवाल को, जिन्होंने दिल्ली चुनावों के दौरान मुफ्त बिजली-पानी का ऐलान कर राजनीति को नया नजरिया दिया था. उसके बाद यह चुनावी हथकंडा ही बन गया. जो-जो न मुफ्त मिल जाय. झारखंड को इस चुनाव का इंतजार इसीलिए था. वह दिली इच्छा पूरी होने का समय आ गया आखिरकार. एकरूप शिक्षा और एकरूप स्वास्थ्य सुविधा न तो अवाम का मुद्दा है, न ही सरकारें देनेवाली हैं. एक देश, एक चुनाव की चर्चा जरूर है. ऐसा हुआ तो सभी राज्यों में जीने-खाने के लिए एक साथ मुफ्त के दाने-दुनके बिखेर दिये जाएंगे. उधर केंद्र की मोदी सरकार ने लोकसभा चुनाव के दौरान की गई घोषणा पर अमल करते हुए 81.5 करोड़ लोगों को मुफ्त पांच किलो अनाज देने की योजना का विस्तार अगले चार साल के लिए कर दिया है. जीवनोपयोगी शिक्षा, बेहतर स्वास्थ्य और हर किसी को रोजी-रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के बजाय सदाव्रत लुटानेवाली अपनी सरकारें गालिब चचा के एक शेर पर बखूबी अमल कर रही हैं, भले ही हर दिन कर्ज का बोझ बढ़ाती जाएं, दिवालिया हो जाएं.

**कर्ज की पीते थे मय, लेकिन समझते थे कि हां.**
**रंग लाएगी हमारी फाकामस्ती एक दिन..**

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

**• बोधि-वृक्ष** | **डॉ. मयंक मुरारी**



## सृष्टि में विराजमान शक्ति

द्वैतभाव से भ्रम पैदा होता है. एकात्म की उच्च स्थिति में जगत के परम रहस्य की अनुभूति होती है. भगवान राम वनवास काल में माता सीता के वियोग में विलाप कर रहे हैं. शिवजी इस स्थिति को देखा तो उनके हृदय में बहुत भारी आनंद उत्पन्न हुआ, वही माता सती को संशय होता है. जो मायारहित है, वह जन्म-मरण के बंधन से कैसे बंध सकता है? यह संशय ही द्वैत है. जब राम पूछते हैं कि वृषकेतु अर्थात् शिवजी कहां है? तब उनको अद्वैत का बोध होता है. द्वैतभाव सदैव पुरुष और प्रकृति का माया रचता है. माता सती के संशय से ही माता पार्वती का श्रद्धा का जन्म होता है. माता खुद ही शिव की वामांगी होती हैं, तो महादेव प्रिया कहते हैं. उनको प्रेमपूर्ण स्थान मिलने पर माता खुद शिव से बहुत करुण स्वर में कहती है कि हे देवताओं के स्वामी ! मैं बहुत ही आर्तभाव से पूछती हूं. आप मुझपर दया करके श्रीराम की कथा कहिए. (रामचरितमानस). यह अद्वैत की ओर आरोहण है. अर्द्धनारीश्वर के रूप का अस्तित्व के स्वरूप में रूपांतरण है. महाकाल और आदिशक्ति की उत्पत्ति नहीं होती है. यह हिरण्यगर्भ यानी ब्रह्म का द्वैतभावों में रूपांतरण है. महाकाल को शिव कहा गया है, जो ऊर्जा का अक्षत भंडार है. यह कोई विध्वंस या निर्माणकारी शक्ति नहीं है. यह केवल शक्तिपुंज का घनीभूत स्वरूप है. वह सर्वकालिक है. वह भोजन में शक्ति है. नींद में ऊर्जा संग्रहित करता है और जागरण में खर्च करता है. वह शक्तिपुंज प्राणायाम से जागता है, ध्यान से ऊर्ध्वगामी होता है. भय से वह सिकुड़ता है, वासना में नीचे गिरता है. प्रेम में विस्तृत होता है और समाधि में उस अनंत विराट के साथ एकाकार होता जाता है. वह शक्ति है. वह ऊर्जा है. वह महाकाल भी है और वही महादेव भी है. वह शक्ति है. महादेवी है. इस विराट में सब शिव है. जगत में सारा रूप, सारी प्रकृति और सारी वस्तुएं केवल ऊर्जा का रूपांतरण है. इस कारण श्रीकृष्ण कहते है कि हम ही परम है. जगत की रचना के साथ काल की उत्पत्ति होती है. परंतु महाकाल उस रचना के पूर्व भी अपने में पुरुष और प्रकृति के स्वरूपों को खुद में छिपाए रहता है. संपूर्ण अस्तित्व के रचनापूर्व वह हिरण्यगर्भ भी अर्द्धनारीश्वर गुणों के साथ होता है. देवी शब्द देव से आया है जिसका अर्थ स्पेस होता है. इसलिए देवी ऐसी स्थान है जो अस्तित्व के तीन मौलिक शक्तियों को अपने अंदर समाहित करता है.

# क्यों प्रदूषण का शिकार हो रहीं हमारी नदियां

भारत की 22 नदियों और उसकी सहायक जलधाराओं में दो या उससे अधिक हानिकारक धातुओं के मौजूद होने की पुष्टि हुई है. इन नदियों से 37 निगरानी स्टेशनों से लिए पानी के नमूनों में आर्सेनिक, कैडमियम, क्रोमियम, तांबा, लोहा, सीसा, पारा और निकल जैसी जहरीली धातुओं का स्तर सुरक्षित सीमा से अधिक पाया गया है. यह जानकारी अगस्त 2024 में प्रकाशित एक रिपोर्ट में सामने आई है. इस बारे में केंद्रीय जल आयोग (सीडब्ल्यूसी) द्वारा किए एक अध्ययन से पता चला है कि भारत की 81 नदियों और उसकी सहायक जलधाराओं में एक या उससे अधिक हानिकारक धातुओं (हैवी मेटल्स) का स्तर बहुत अधिक है. इस रिपोर्ट में भारत की दस नदी घाटियों के पानी में नौ हानिकारक धातुओं की जांच की गई. इसके जो नतीजे सामने आए हैं, उनसे पता चला है कि 14 नदियों के 30 स्टेशनों पर आर्सेनिक मौजूद है, जबकि 11 नदियों में 18 जगहों पर पारा और 16 नदियों के 16 निगरानी स्टेशनों से लिए पानी के नमूनों में क्रोमियम की मौजूदगी की पुष्टि हुई है. सीडब्ल्यूसी द्वारा जारी रिपोर्ट के मुताबिक, जनवरी से दिसंबर 2022 के बीच भारत के 328 नदी निगरानी स्टेशनों में से 141 में एक या उससे अधिक हानिकारक धातुओं का स्तर खतरनाक रूप से अधिक था. मतलब की 43 फीसदी स्टेशनों में जल गुणवत्ता की स्थिति खराब थी. रिपोर्ट के मुताबिक 13 राज्यों के 99 जिलों में 81 नदियों और सहायक जलधाराओं पर स्थापित स्टेशनों ने आर्सेनिक, कैडमियम, तांबा, लोहा, सीसा, पारा और निकल जैसी एक या उससे ज्यादा हानिकारक धातुओं के बेहद अधिक होने का खुलासा किया है. उदाहरण के लिए दिल्ली में यमुना नदी के पल्ला यू/एस डब्ल्यूक्यूएमएस स्टेशन से लिए नमूने में पारे का स्तर भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) द्वारा निर्धारित सुरक्षित सीमा से नौ गुना अधिक था.

**• पर्यावरण**

**किरण पांडेय**

गौरतलब है कि भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) ने पानी में पारे के लिए एक माइक्रोग्राम प्रति लीटर की सीमा तय की है. 'स्टेटस ऑफ ट्रेस एंड टॉक्सिक मेटल इन रीवर्स ऑफ इंडिया' नामक इस रिपोर्ट में भारी धातुओं की व्यापक मौजूदगी का पता चला है. वहीं कई स्टेशनों पर आर्सेनिक, कैडमियम, क्रोमियम, तांबा, लोहा, सीसा, पारा और निकल जैसी जहरीली धातुओं का स्तर तय सीमा से कहीं ज्यादा था. रिपोर्ट ने इस बात की भी पुष्टि की है कि 141 स्टेशनों में से 74 फीसदी यानी 104 स्टेशनों पर एक न एक हानिकारक धातु भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा निर्धारित सुरक्षित सीमा से कहीं ज्यादा पाई गई. वहीं इनमें से 49 स्टेशनों पर केवल लोहे का स्तर तय सीमा से अधिक था. नौ नदियों और उनकी सहायक जलधाराओं पर मौजूद 17 स्टेशनों पर आर्सेनिक का स्तर सुरक्षित सीमा से कहीं अधिक पाया गया. इनमें से 76 फीसदी यानी 13 स्टेशन उत्तर प्रदेश में गंगा और गोमती नदियों पर स्थित थे. इसी तरह आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, केरल, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के तेरह जल गुणवत्ता निगरानी स्टेशनों पर सीसे का स्तर सुरक्षित सीमा से अधिक पाया गया. इसमें चंबल और टोंस नदियों पर स्थित स्टेशन शामिल हैं, जो यमुना की सहायक नदियां हैं. केंद्रीय जल आयोग के अध्यक्ष कुशविंदर वोहरा ने रिपोर्ट में कहा है कि, "नदियों का जल प्राकृतिक स्रोतों के साथ-साथ अब मानवीय गतिविधियों के कारण बढ़ रही जहरीली धातुओं से भी दूषित हो रहा है." उनके मुताबिक पानी में इन धातुओं की सुरक्षित सीमा से ज्यादा मौजूदगी पौधों और जानवरों के लिए गंभीर खतरा बन सकती हैं, क्योंकि यह धातुएं नॉन-बायोडिग्रेडेबल प्रकृति की होती है. मतलब की आसानी से खत्म नहीं होती हैं.

> रिपोर्ट में सामने आया है कि उत्तराखंड, केरल, तमिलनाडु और कर्नाटक के सात जिलों में आठ जल गुणवत्ता निगरानी स्टेशनों पर तीन जहरीली धातुएं भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) द्वारा निर्धारित सुरक्षित सीमा से ऊपर पाई गई हैं. इन स्टेशनों में हरिपुर, होन्नाली, कल्लुप्पारा, कर्णप्रयाग संगम डी/यू/एस, कीर्तिनगर यू/एस, मलक्कारा, सिंगासदनपल्ली और उत्तरकाशी शामिल हैं.

रिपोर्ट में सामने आया है कि उत्तराखंड, केरल, तमिलनाडु और कर्नाटक के सात जिलों में आठ जल गुणवत्ता निगरानी स्टेशनों पर तीन जहरीली धातुएं भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) द्वारा निर्धारित सुरक्षित सीमा से ऊपर पाई गई हैं. इन स्टेशनों में हरिपुर, होन्नाली, कल्लुप्पारा, कर्णप्रयाग संगम डी/यू/एस, कीर्तिनगर यू/एस, मलक्कारा, सिंगासदनपल्ली और उत्तरकाशी शामिल हैं. उत्तराखंड के उत्तरकाशी स्टेशन पर, जो भागीरथी नदी (गंगा की एक सहायक नदी) पर स्थित है, आर्सेनिक, सीसा और लोहे का स्तर सुरक्षित सीमा से ऊपर पाया गया. **(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

# जब कार्यस्थल पर सताने लगे तनाव

कार्यस्थल पर तरह-तरह के तनाव से हमें गुजरना पड़ता है, लेकिन अगर हम थोड़ी बहुत कोशिश करें तो इससे बच सकते हैं. वही करें जो आपके शरीर के लिए अच्छा हो. वही आपके दिमाग के लिए भी अच्छा होगा. अपने शरीर की देखभाल करें. शारीरिक व्यायाम अच्छा महसूस करने और तनाव से छुटकारा दिलाने में मदद करता है. जब हम शारीरिक रूप से मजबूत और फिट होते हैं तो हमें कठिन परिस्थितियों से निपटने के लिए शारीरिक और मानसिक ऊर्जा मिलती है. सक्रिय रहें. प्रकृति के साथ रहना मानसिक स्वास्थ्य के लिए अच्छा साबित होता है. अगर आप घर के बाहर नहीं कर सकते तो डांस या स्ट्रेचिंग करें, या घर के काम में मदद करें. पौष्टिक आहार लें, रात को निर्धारित समय पर सोने का प्रयास करें. कोशिश करें कि कम से कम आठ या नौ घंटे की नींद पूरी हो. भले ही आपका दिन काफी व्यस्त हो और आपका मन न हो, फिर भी नहाएं, ब्रश करें, अपने बालों में कंघी करें और तैयार हो जाएं. गहरी सांस लेना सीखें और इसका अभ्यास करें. सकारात्मक विचार रखें, सकारात्मक भावना रखें. जिस तरह से हम परिस्थितियों के बारे में सोचते हैं, वह हमारे महसूस करने के तरीके को प्रभावित करता है. जब हम केवल नकारात्मकता पर ध्यान देते हैं तो हमें बुरा लगता है. जब हम बुरा महसूस करते हैं तो हम केवल चीजों का नकारात्मक पक्ष ही देख पाते हैं. यह एक अंतहीन चक्र है! आप हमेशा सकारात्मक नहीं हो सकते हैं, लेकिन चीजों में अच्छाई ढूंढना नकारात्मक भावनाओं को कम करती है और हमें अपनी समस्याओं का समाधान करने में सहायक होती है. कठिन समय में अपनी ताकत और पिछली सफलताओं को याद करें तो यह करना आसान हो जाएगा. क्या आप जानते हैं कि दूसरों के प्रति दयालु होने से हमें भी खुशी मिलती है? दूसरों की मदद करना, परेशानी का हल ढूंढने के लिए स्वास्थ्य के लिए हानिकारक वस्तुओं के सेवन से बचें. जब आप कठिनाई का अनुभव कर रहे हों तो अपना ख्याल रखने के लिए स्वस्थ तरीका खोजना महत्वपूर्ण है. शराब पीने, सिगरेट या मारिजुआना का सेवन करने, बहुत ज्यादा खाने, अपने आपको दोस्तों और परिवार से दूर रखने, खतरनाक संबंधों और गतिविधियों में शामिल होने जैसे प्रलोभनों से खुद को बचाना वैसा ही तरीका हो सकता है.

**• मनोविज्ञान**

**रेनू गहलोत रॉय**


> प्रकृति के साथ रहना मानसिक स्वास्थ्य के लिए अच्छा साबित होता है. अगर आप घर के बाहर नहीं कर सकते तो डांस या स्ट्रेचिंग करें, या घर के काम में मदद करें. पौष्टिक आहार लें, रात को निर्धारित समय पर सोने का प्रयास करें. कोशिश करें कि कम से कम आठ या नौ घंटे की नींद पूरी हो. भले ही आपका दिन काफी व्यस्त हो और आपका मन न हो, फिर भी नहाएं, ब्रश करें, कंघी करें और तैयार हो जाएं.

ऐसा नहीं करने से आपकी समस्याएं बढ़ेंगी, उनका हल नहीं निकलेगा. इसके बजाए गहरी सांस लेने का अभ्यास करें. जितना हो सके परिवार और दोस्तों के संपर्क में रहें. जब हमें बुरा लगता है तो हम अक्सर दूसरे लोगों से मिलने से कतराते हैं, लेकिन यह सोच सही नहीं है. इसके बजाए कोशिश करें और सुनिश्चित करें कि आप उन लोगों के साथ समय बिताते हैं, जो आपका समर्थन करते हैं और आप पर भरोसा करते हैं. उनके साथ अक्सर मिलना जुलना सुनिश्चित करें. यदि हमें ज्यादा कुछ बात नहीं भी करनी हो, फिर भी हम जिन लोगों को पसंद करते हैं और उन पर भरोसा करते हैं, उनके साथ मिलकर किसी गतिविधि को करने से हमारे मानसिक स्वास्थ्य पर अच्छा असर पड़ता है. सोशल मीडिया, ईमेल, फोन का उपयोग करें या पत्र लिखें. जब आप किसी से संपर्क नहीं कर पा रहे हों तो उस समय के बारे में सोचें, जो समय आपने एक साथ बिताया था. समस्या का समाधान करें. हमारे दिमाग में समस्याएं बड़ी हो सकती हैं. खासकर तब, जब हम उन्हें नज़रअंदाज़ कर देते हैं. जैसे-जैसे वे बढ़ती हैं, हम उनका सामना करने में स्वयं को कम सक्षम महसूस करने लगते हैं और यह तब हमारे महसूस करने के तरीके को प्रभावित करता है. हमें अपनी समस्याओं का सामना करना ही चाहिए. यदि आप किसी समस्या का सामना कर रहे हैं और यह नहीं जानते कि इसे कैसे हल किया जाए, तो इन सरल चरणों का प्रयास करें-समस्या को लिखें. जितना संभव हो उतना सटीक और संक्षिप्त लिखें. विचार विमर्श करें. समस्या के कई समाधानों के बारे में सोचें. इस स्तर पर यह न सोचें कि समाधान अच्छे हैं या बुरे. इसके बाद यह सोचें कि आप खुद क्या करते या वे लोग क्या करते, जो आपकी मदद कर सकते हैं. **(ये लेखिका के निजी विचार हैं)**

**मीडिया में अन्यत्र**

# क्या खत्म हो सकता है गूगल ऐप का वर्चस्व?

**गूगल** को अपने एंड्रॉइड प्लेटफॉर्म को तीसरे पक्ष के ऐप स्टोर एवं वैकल्पिक भुगतान विकल्पों के लिए खोलने को मजबूर करने वाली अमेरिकी जिला न्यायाधीश जेम्स डोनाटो द्वारा जारी हालिया निषेधाज्ञा अल्फाबेट की सहायक कंपनी और टेनसेंट समर्थित एपिक गेम्स के बीच चल रहे कानूनी विवाद में एक महत्वपूर्ण मोड़ को इंगित करती है. भुगतान शर्तों का उल्लंघन करने के लिए गूगल द्वारा एपिक के लोकप्रिय गेम फोर्टनाइट को प्ले स्टोर से हटा दिए जाने के बाद 2020 में शुरू हुए इस अविश्वास संबंधी मुकदमे का एंड्रॉइड ऐप इकोसिस्टम के कामकाज पर दूरगामी प्रभाव पड़ा है. एपिक ने उपयोगकर्ताओं को सीधे प्रकाशक को भुगतान करने की व्यवस्था करके गूगल के नियमों को दरकिनार कर दिया था, जिससे लड़ाई शुरू हो गई. नवंबर से प्रभावी होने वाला न्यायाधीश डोनाटो का फैसला गूगल को उन तमाम चलनों को रोकने का आदेश देता है, जिनमें सीमित प्रतिस्पर्धा है. मसलन, कंपनियों को अपने मंच (मार्केटप्लेस) पर विशेष रूप से ऐप लॉन्च करने के लिए भुगतान करना या नए उपकरणों पर गूगल प्ले को प्रीइंस्टॉल करना. यह गूगल को अपने प्ले स्टोर पर प्रतिद्वंद्वी ऐप स्टोर को प्रदर्शित करने और ऐप डेवलपर्स को वैकल्पिक भुगतान प्रणाली दिखाने की इजाजत देने का भी आदेश देता है. तीन सालों के लिए, यह निषेधाज्ञा अपने मंच (मार्केटप्लेस) को संचालित करने के गूगल के तौर-तरीकों को नया आकार देगी. इससे एंड्रॉइड इकोसिस्टम में बढ़ती प्रतिस्पर्धा के लिए गुंजाइश बनेगी. लेकिन गूगल का तर्क है कि ये बदलाव उपयोगकर्ता की गोपनीयता एवं सुरक्षा के लिए जोखिम पैदा करेंगे और अपने ऐप को बढ़ावा देने की डेवलपरों की क्षमता को सीमित कर सकते हैं. हालांकि, यह निषेधाज्ञा गूगल को सुरक्षा पर कुछ नियंत्रण बनाए रखने की इजाजत देती है. लेकिन अदालत का यह फैसला एक स्पष्ट संदेश देता है - अब गूगल के लिए एंड्रॉइड ऐप के मंच (मार्केटप्लेस) को नियंत्रित करने के तौर-तरीकों में बदलाव करने का वक्त है.लड़ाई के मूल में "गूगल टैक्स" है, जो 15 फीसदी-30 फीसदी का एक कमीशन है जिसे गूगल कंपनी ऐप डेवलपरों से प्ले स्टोर के ऐप के जरिए किए गए लेनदेन के लिए लेती है. इससे गूगल को हर साल अरबों डॉलर मिलते हैं. सुनवाई के दौरान, यह पता चला कि गूगल ने स्पॉटीफाई और टिंडर के मालिक मैच ग्रुप सहित प्रमुख डेवलपरों के साथ विशेष सौदे किए थे, जिसमें उन्हें कम कमीशन का भुगतान करने की इजाजत दी गई थी. इससे ऐप के मार्केटप्लेस में अनुचित व्यवहार संबंधी दावों को और बढ़ावा मिला. **(द हिंदू)**



**शब्द चर्चा** | **डॉ. विनय कुमार पाण्डेय**

## ठाट/थाट

**गर** लाटरी उठ जाए तो क्या ठाट से गुज़रे, ये ख़्वाब है अंधों का जो पूरा नहीं होता. इस शेर में उर्दू के जानेमाने शायर रऊफ रहीम साहब ने वैसे लोगों पर कटाक्ष किया है, जो घोर दरिद्रता की स्थिति में भी ठाट-बाट का सपना देखते रहते हैं. कुछ लोग होते भी ऐसे हैं, जो हर हाल में अपना ठाट बनाये रखना चाहते हैं और कभी-कभी ठाट के चक्कर में अपना और भी अधिक नुकसान करा लेते हैं. वैसे ठाट उतना बुरा भी नहीं होता. वर्धा हिंदी शब्दकोश के अनुसार ठाट हिंदी का संज्ञा पुल्लिंग शब्द है, इसका सबसे अधिक प्रयोग सजधज, शान-शौकत आदि अर्थों में किया जाता है, लेकिन इसके और भी कई अर्थ होते हैं. जैसे रोक या रक्षा के काम आनेवाला बांस का ढांचा और सितार के तार को ठाट ही कहा जाता है. ठाट के साथ जब बाट शब्द की दोस्ती हो जाती है तब शब्द युग्म बनता है ठाट-बाट. ठाट-बाट का मतलब है तड़क-भड़क, वैभव, सुख-समृद्धि, ऐश्वर्य का प्रदर्शन, आडंबर. इससे मिलता-जुलता शब्द है ठाठ. इसका मतलब है ऐसी बनावट या रचना जो तड़क-भड़क, वैभव, शोभा, सजावट आदि दिखाने के उद्देश्य से तैयार की गयी हो, आडंबर, किसी प्रकार की लंबी-चौड़ी बनावट, सुख-समृद्धि, आयोजन, व्यवस्था, प्रबंध, पैंतरा. एक मुहावरा है ठाट बदलना, जिसका मतलब है भेष बदलता. थाट शब्द का सीधा संबंध संगीत शास्त्र से है. इसे कुछ लोग ठाट भी कहते हैं, लेकिन यह थाट के रूप में ही अधिक जाना जाता है. संगीत शास्त्र के अनुसार थाट हिन्दुस्तानी शास्त्रीय संगीत में रागों के विभाजन की पद्धति है. सप्तक के १२ स्वरों में से ७ क्रमानुसार मुख्य स्वरों के उस समुदाय को ठाट या थाट कहते हैं जिससे राग की उत्पत्ति होती है. इसका प्रचलन पं॰ भातखंडे जी ने प्रारम्भ किया. सप्तक के 12 स्वरों में से 7 क्रमानुसार मुख्य स्वरों के उस समुदाय को थाट कहते हैं, जिससे राग उत्पन्न होते है.

# किस पार्टी के टिकट पर लड़ता कौन चुनाव

सच पूछो तो न विधायक बनने में कुछ रखा है और न सांसद बनने में ! दोनों ही पद व्यर्थ हैं. सत्य की खोज में व्यक्ति कभी विधायक बनता है ,उसके बाद विधायकी छोड़कर सांसद बन जाता है . फिर सांसदी छोड़कर फिर विधायक का चुनाव लड़ता है ,मगर शांति नहीं मिलती. शांति का असली निवास मंत्री पद है. जिसकी सरकार है , उस की पांचों उंगलियां घी में हैं. वरना चाहे विधायक हो या सांसद, कोई पूछने वाला नहीं है. आदमी सड़क पर अकेला घूमता है और घर पर दो परांठे खा कर सो जाता है तथा अपने को भाग्यवान मानता है. सदन में भाषण देने के अतिरिक्त सांसद और विधायक के पास अधिकार नाम की कोई चीज नहीं है . जनता के क्या काम बेचारा करा सकता है? वह खुद बेचारी की स्थिति में होता है. विपक्ष के विधायक और सांसद की तो और भी दुर्गति है . न उसकी सरकार सुनती है ,न प्रशासन सुनता है . जनता उसके पास शुरू के एक-दो साल तक समस्याओं का पुलंदा लेकर जाती है और निराश होकर लौट आती है . फिर उसके बाद जाना बंद कर देती है . बेचारा विधायक सुबह से शाम तक मक्खी मारता है . और वह कर भी क्या सकता है ? किसी का बाल भी बांका करने की उसकी स्थिति नहीं होती. सत्ता पक्ष में भी अगर कोई विधायक या सांसद बन गया तो कौन सा तीर मार लेगा ? सत्ता केवल मंत्री पद में ही निहित होती है . या तो मंत्री या फिर बाकी सब संतरी. स्थिति यही है.

**• तीर-तुक्का**


**रवि प्रकाश**



जनता बेचारी शुरू के कुछ आम चुनावों में यही समझती रही कि हम विधायक और सांसद जिसको चुनेंगे, वह हमारा भाग्य विधाता बन जाएगा और हमारा भला करके हमें स्वर्ग जैसी सुविधाएं प्रदान करा देगा . लेकिन धीरे-धीरे जनता भी समझदार होती रही और नेतागण उसको मूर्ख नहीं बना पा रहे. आज सबके सामने स्थिति साफ है. मतदाता समझ चुका है कि उसे विधायक या सांसद नहीं चुनना होता है ,बाकायदा सीधे मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री के लिए बटन दबाना पड़ता है . जिसको जो पसंद है वह अपनी पसंद के प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री को चुन ले . लोकतंत्र में सारी शक्ति सरकार के हाथों में है . जैसा सरकार चाहेगी, वैसा देश और प्रदेश बनेगा. किस पार्टी में मिल रहा किसको कितना भाव, किस पार्टी के टिकट पर लड़ता कौन चुनाव, इस विषय पर भावुक होने की जरूरत नहीं है. इस बात पर भी ज्यादा सोचने की जरूरत नहीं है कि चुनाव में टिकट किसे मिला अथवा किस पार्टी के टिकट पर कौन व्यक्ति चुनाव लड़ रहा है? किसी का कोई महत्व नहीं है. सब शतरंज के मोहरे हैं. असली ताकत सरकार में है. जब मतदान वाले दिन वोट देने जाओ तो यह पहले सोच लो कि तुम्हें किस पार्टी की सरकार बनानी है? मुख्यमंत्री किसे बनाना चाहते हो? तथा देश के प्रधानमंत्री के रूप में तुम्हारी पसंद क्या है? बाकी सब तो पार्टी का व्हिप जारी होता है और वह नियमानुसार सारे काम तुम्हारे चुने हुए विधायक और सांसद से करा लेगा.

# बायोस्कोप

हस्ताक्षर



विनोद अनुपम
वरिष्ठ फिल्म समीक्षक

इस बात में दो मत नहीं कि न हिंदू बनेगा, न मुसलमान बनेगा की बात करने वाला हिंदी सिनेमा मस्जिदों, दरगाहों पर तो सहज रहता, मंदिरों को दिखाने के नाम पर असहज हो जाता. मंदिर के लिए फिल्मिस्तान के मंदिर से काम से चल जाता, दरगाह तो अजमेर शरीफ का ही चाहिए. जब भी खूबसूरत लोकेशन की आवश्यकता होती है, हिंदी सिनेमा के जेहन में आमतौर पर मकबरों का ही ख्याल आता है. जबकि सौंदर्य की दृष्टि से हों, धरोहर की दृष्टि से हों, पौराणिक महत्व की दृष्टि हों या फिर आस्था की दृष्टि से भारत में सौ से अधिक ऐसे मंदिर होंगे, जिनका सौंदर्य और स्थापत्य अतुलनीय माना जा सकता है.

# परदे पर नहीं दिखे मंदिरों के स्थापत्य

हिंदी सिनेमा को जब भी खूबसूरत लोकेशन की आवश्यकता होती है, उसके जेहन में आमतौर पर मकबरों का ही ख्याल आता है. एक ताजमहल की भव्यता ही 500 से भी अधिक फिल्मों में दिखायी गयी. कभी सिनेमा में मुंबई की पहचान ही हाजी अली से होती थी. सुभाष घई की फिल्म 'परदेस' 'आई लव माई इंडिया...' के लिए ही याद नहीं किया जाता, "दो दिल मिल रहे हैं..." के लिए भी याद किया जाता है. इस गाने में पूरे विस्तार से फतेहपुर सिकरी के मस्जिद की भव्यता दिखाई गई है, जिसका निर्माण अकबर ने सलीम चिश्ती के लिए करवाया था, जिसने उसके पिता बनने की भविष्य की थी. सलीम चिश्ती के नाम पर ही अकबर ने अपनी पहली संतान का नाम भी सलीम रखा था. मस्जिद के उत्तर में सलीम चिश्ती की दरगाह भी है. कहते हैं इसका निर्माण मक्का की मस्जिद के नकल पर किया गया था. कोई शक नहीं कि न हिंदू बनेगा, न मुसलमान बनेगा की बात करने वाला हिंदी सिनेमा मस्जिदों, दरगाहों पर तो सहज रहता, मंदिरों को दिखाने के नाम पर असहज हो जाता.



## परदे पर उपेक्षित अतुलनीय सौन्दर्य और स्थापत्य के मंदिर

जबकि सौंदर्य की दृष्टि से हों, धरोहर की दृष्टि से हों, पौराणिक महत्व की दृष्टि हों या फिर आस्था की दृष्टि से भारत में सौ से अधिक ऐसे मंदिर होंगे, जिनका सौंदर्य और स्थापत्य अतुलनीय माना जा सकता है. दुनिया भले ही नजरें चुरा रही हो, अपनी कारीगरी से वे हजारों साल बाद भी देखने वालों को विस्मित कर रही हैं. 50 रुपए के नोट पर छपे 'हम्पी के मंदिर' की ही बात करें, विजयनगर साम्राज्य के समृदधि और स्थापत्य के प्रतीक के रुप में इस मंदिर को देखा जा सकता है. यूनेस्को ने भी इसे वर्ल्ड हेरिटेज में शामल किया है. द्रविड स्थापत्य शैली में बना भगवान शिव का यह मंदिर अपनी भव्यता और महीन कारीगरी के लिए आज भी चकित करता है. कर्नाटक में ही 'होयसलेश्वर मंदिर' के अद्भुत स्थापत्य की कल्पना बगैर देखे नहीं की जा सकती. सोपस्टोन से बना यह मंदिर अपनी मूर्तियों, महीन नक्काशी, विस्तृत चित्र श्रृंखला के साथ-साथ अपने इतिहास, प्रतिमा विज्ञान, उत्तर भारतीय और दक्षिण भारतीय लिपियों में शिलालेखों के लिए विश्व भर के पुरातत्व प्रेमियों को आकर्षित करता है.

## हिंदू धर्म से जुड़ी पहचान को लेकर भ्रम

हिंदी सिनेमा का मंदिरों से एक हद तक परहेज इसी अर्थ में समझा जा सकता है कि किसी मकबरे की शूटिंग के लिए वे पूरे क्रू के साथ हजार किलोमीटर की यात्रा कर सकते, लेकिन नजदीक के मंदिर को वे महत्व देना नहीं चाहते. क्या कमाल है मंदिर के लिए फिल्मिस्तान के मंदिर से काम से चल जाता, मस्जिद तो अजमेर शरीफ का ही जाहिए. वास्तव में हिंदी फिल्मकारों के कई पूर्वाग्रहों में एक यह भी है कि सूफी, कव्वाली, मकबरा, दरगाह जैसे इस्लाम से जुड़ी चीजें तो आम दर्शकों को स्वीकार्य होंगी, लेकिन हिंदू धर्म से जुड़ी पहचान उनकी छवि खराब कर देंगे. वे भूल जाते हैं कि यही दर्शक हैं जिसने 'शोले' के साथ 'जय संतोषी मां' को भी सरमाथे पर बिठाया था.

## देख नहीं पाती या देखना नहीं चाहती!

आश्चर्य कि मंदिरों के स्थापत्य को सिनेमा ने भरसक छिपाए रखने की कोशिश की. खजुराहो मंदिर, कोणार्क मंदिर, कांची मंदिर, दिलवाड़े का मंदिर, एलोरा का कैलाश मंदिर, मीनाक्षी मंदिर, तंजावुर मंदिर, रामेश्वरम, सोमनाथ देश के हर क्षेत्र में अपने अप्रतिम सौंदर्य और हजारों वर्षों के भारतीय स्थापत्य और ज्ञान की विरासत अपने में समेटे मंदिर उपस्थित हैं. हिंदी सिनेमा की सीमा, वह नहीं देख पाती, या देखना नहीं चाहती. ऐसे में अभिषेक वर्मन की फिल्म '2 स्टेट्स' की याद आना स्वभाविक है, जिसके अंतिम दृश्यों में महाबलीपुरम का आठवीं शताब्दी में निर्मित तटीय मंदिर कहानी को पूर्णता देता है, जहां नायक कृष (अर्जुन कपूर) और नायिका अनन्या (आलिया भट्ट) का विवाह हो रहा होता है. एक सामान्य से विवाह के दृश्य को एक प्राचीन ऐतिहासिक मंदिर की उपस्थिति कितना भव्य बना देती है, आने वाले दिनों में हिंदी सिनेमा शायद यह समझने को तैयार हो सके.

---

### अर्जुन कपूर से ब्रेकअप के बाद बोली मलाइका

# न गिला है और न कोई पछतावा!



हाल के कुछ महीने मलाइका अरोड़ा के लिए बेहद मुश्किल भरे रहे हैं. पिछले महीने उनके सिर से पिता अनिल मेहता का हाथ हट गया, वहीं लंबे समय से प्रेमी अर्जुन कपूर से उनके ब्रेकअप की खबरें भी सामने आईं. इस बीच उन्होंने एक मैग्जीन को दिए इंटरव्यू के दौरान कुछ ऐसा कहा जिससे फैंस को लग रहा है कि बातें अर्जुन कपूर का लेकर ही कही गई है. हमेशा लाइमलाइट में रहने वाली मलाइका अरोड़ा ने जब अरबाज खान के साथ शादी के 19 साल बाद तलाक लिया, उससे पहले से ही अर्जुन कपूर के साथ डेटिंग की खबरें सामने आने लगी थीं. इस साल की शुरुआत में ही अर्जुन कपूर के साथ इनके ब्रेकअप की खबरे आईं. हालांकि अर्जुन और मलाइका ने खुद इस बाबत कभी खुल कर कुछ नहीं कहा. लेकिन मलाइका ने अर्जुन को बर्थडे विश भी नही किया था ना ही एक्टर की बर्थडे पार्टी में शामिल हुई थीं. वहीं पब्लिकली भी दोनों एक दूसरे को नजरअंदाज करते हुए नजर आए. लेकिन मलाइका के पिता की मौत के समय मुश्किल घड़ी में अर्जुन कपूर और अरबाज खान समेट पूरा परिवार एक्ट्रेस का सहारा बने दिखे थे.

अब ग्लोबलस्पा मैगज़ीन को दिए इंटरव्यू में उन्होंने अपने फैसलों को लेकर बात की है. कहा कि उन्होंने जो भी फैसला लिया है, चाहे वह पर्सनल हो या प्रोफेशनल, उन्होंने किसी न किसी तरह से उनकी लाइफ को प्रभावित किया है. मलाइका ने कहा, "मेरा मानना है कि पर्सनल और प्रोफेशनल रूप से मैंने जो भी ऑप्शन चुना है, उसने मेरी लाइफ को एक कारण से आकार दिया है. मैं बिना किसी पछतावे के जी रही हूं और खुद को भाग्यशाली महसूस करती हूं कि चीजें वैसे ही सामने आई हैं, जैसी होनी चाहिए थीं.

### धमाकेदार ट्विस्ट से भरपूर होगा

# 'ये रिश्ता क्या कहलाता है'



टीवी सीरियल 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' में इस हफ्ते दर्शकों का खासा मनोरंजन होगा. ट्विस्ट की बारात सी आएगी. ये ट्विस्ट चारू की शादी, अभिरा की प्रेग्नेंसी और करवाचौथ के व्रत से जुड़े हुए होंगे. इन ट्विस्ट की वजह से जहां अभिरा और अरमान की जिंदगी में नई परेशानियां आएंगी, वहीं अभिरा और पौद्दार परिवार के रिश्ते में सुधार भी होगा. इतना ही नहीं अभिरा से 36 का आंकड़ा रखने वाली विद्या भी उसका साथ देगी. लेकिन अरमान, अभिरा से नाराज हो जाएगा. शो में कुछ समय के लिए एक नए लड़के की एंट्री होगी जो चारू को देखने पौद्दार हाउस आएगा. इस समय अभिरा उससे कहेगी कि शादी के बाद भी चारू नौकरी करेगी. इसपर लड़के वाले भड़क जाएंगे.

दिखाया जाएगा कि अरमान अभिरा के संग अपने पहले करवाचौथ के लिए बेहद उत्साहित है, लेकिन प्रेग्नेंसी के कारण अभिरा करवाचौथ का व्रत रखने से इंकार कर देगी. ऐसे में अरमान का दिल टूट जाएगा. अरमान को उदास देख अभिरा अपनी प्रेग्नेंसी से जुड़ी जटिलता के बारे में उसे बताएगी. तब अरमान अभिरा को बच्चा नहीं रखने की बात कहेगा. दूसरी ओर विद्या, अभिरा की प्रेग्नेंसी की खबर सुन खुश हो जाएगी.

---

फिल्मों में करवा चौथ



# प्यार का साक्षी बना चांद

करवा चौथ पर्व की पवित्रता, आस्था, भव्यता और खूबसूरती...ये सभी सुनहरे पर्दे पर साकार होती रही है. बॉलीवुड में इसका ट्रेंड खासतौर पर 1980 से शुरु माना जाता है. 1980 में रिलीज हुई और जितेंद्र, रेखा- मौसमी चैटर्जी अभिनित फिल्म 'मांग भरो साजना' में करवा चौथ को फिल्माया गया था. इसके बाद कई फिल्मों में करवा चौथ के बहाने दाम्पत्य व प्रेम संबंध को बॉलीवुड ने पर्दे पर अभिव्यक्ति दी. आइए, आज कुछ ऐसी ही फिल्मों की बात करें जिसमें करवा चौथ पर्व का खूबसूरती व अहमियत से फिल्माया गया.



## 'बाबुल'

निर्देशक रवि चोपड़ा की फिल्म 'बाबुल' का करवाचौथ सीन भी यादगार है. फिल्म में अपने पति सलमान का साथ सात जन्मों तक पाने के लिए पत्नी बनी रानी मुखर्जी करवाचौथ का व्रत रखती है.

## कभी खुशी, कभी गम

कभी खुशी कभी गम में काजोल, शाहरुख, अमिताभ और जया बच्चन के ऊपर इस त्योहार को सोलिब्रेट करते दिखाया गया है. इस फिल्म में 'बोले चूड़ियां' गाना भी फिल्माया गया. इस गाने में फिल्म की पूरी स्टारकास्ट इस पर्व में शामिल होती है. फिल्म के इस सीन में तीन जोड़ियां करवा चौथ का व्रत रखती हैं. पहली बार करवाचौथ का एक फैमिली कनेक्ट भी इस फिल्म के सीन में दिखाई दिया.

## हम दिल दे चुके सनम

इस फिल्म में करवाचौथ के अवसर पर एक खास गाना 'चांद छुपा बादल में' फिल्माया गया, जिसमें सलमान खान और ऐश्वर्या राय बच्चन नजर आए थे. यह गाना आज भी दर्शकों का पसंदीदा गाना है. इस गाने में फिल्म की सभी शादीशुदा महिलाएं अपनी पति के लिए करवाचौथ का व्रत रखती हैं और इस त्योहार को सभी के साथ मनाती हैं.

## बागबान

बागवान में करवाचौथ का दृश्य बेहद भावुक कर देने वाला है जिसे देख कर किसी के भी आंखों में आंसू आ जाए. फिल्म में एक बुजुर्ग जोड़े की करवाचौथ से जुड़ी भावनाओं को बेहद खूबसूरत तरीके से पेश किया गया है. पति पत्नी के प्रेम में भीगे इस पर्व के दिन बुजुर्ग जोड़ा ( अमिताभ बच्चन और हेमा मालिनी) एक दूसरे से दूर थे. पिता अलग बेटे के घर तो मां दूसरे बेट के घर. करवा चौथ के दिन दोनों बेहद भावुक थे और एक दूसरे का साथ शिद्दत से चाहते थे. ऐसे में फोन दोनों करवा चौथ मनाते हुए दोनों की बातचीत दर्शकों को रुला देती है. चांद देखने के बाद एक दूसरे से फोन पर बात करते हुए अपना व्रत खोलते हैं.

## 'हम आपके हैं कौन'

इस फिल्म में सलमान खान और माधुरी दीक्षित की जोड़ी को काफी पसंद किया गया है. वहीं इस मूवी में दोनों के बीच फिल्माया गया करवा चौथ का दृश्य बेहद खूबसूरत है और आज भी दशर्कों के दिल में जगह बनाए हुए है.

### रील लाइफ

## बिन फेरे हम तेरे वाला करवा चौथ

**इश्क-विश्क**



फिल्म में अमृता राव ने बिना शादी किए शाहिद कपूर के लिए व्रत रखा था और चोरी-छुपे व्रत तोड़ा था.

**हम दिल दे चुके सनम**



फिल्म में ऐश्वर्या ने बिना शादी किए सलमान के लिए व्रत रखा था.

**बीवी नंबर 1**



इस फिल्म में करिश्मा कपूर सलमान खान की पत्नी के रोल में थीं. वहीं सुष्मिता गर्लफ्रेंड के रोल में नजर आई थीं. सलमान ने सुष्मिता का व्रत खुलवाया था, जो कि करिश्मा ने देख लिया था.

**'दिल वाले दुल्हनियां ले जाएंगे'**



आदित्य चोपड़ा की इस फिल्म में काजोल अपने घर वालों से छुप कर अपने प्रेमी शाहरुख खान के लिए करवा चौथ का व्रत रखती है और शाहरुख खान के हाथ से व्रत तोड़ने के लिए वह बेहोश होने का नाटक भी करती है.

### रियल लाइफ

## इस साल पहला करवा चौथ मनाएंगे ये सितारे

इंडस्ट्री के कई ऐसे जोड़े हैं, जो इस साल रियल लाइफ में पहली बार करवा चौथ मनाएंगे. आइए, ऐसे ही जोड़ों की करें बात...

**जैकी भगनानी-रकुल प्रीत सिंह**



गोवा में समंदर किनारे एक दूसरे के संग सात फेर लेने वाले जैकी भगनानी व रकुल प्रीत सिंह ने इस साल कई त्योहार पहली बार साथ मनाया. अब करवा चौथ का शिद्दत से इंतजार कर रहे हैं. यह उनका पहला करवा चौथ होगा.

**सोनाक्षी सिन्हा-जहीर इकबाल**



लंबे समय से बॉयफ्रेंड जहीर इकबाल से जून महीने में कोर्ट मैरिज करते समय सोनाक्षी सिन्हा का उत्साह देखने वाला था. फिर डेट नाइट से हनीमून तक, कई जगह पर अपने अंदाज से जोड़े दिखते रहे. अब फैंस को इंतजार है प्यार में डूबे इस जोड़े को साथ करवा चौथ मनाते देखने का.

**अदिति राव हैदरी-सिद्धार्थ**



अभिनेत्री अदिति राव हैदरी ने सितंबर मास में सिद्धार्थ संग साथ 400 साल पुराने रंगनायक स्वामी मंदिर में ड्रीम मैरिज की है. अब दोनों पति-पत्नी के रूप में अपना पहला करवा चौथ मनाएंगे.

**कृति खरबंदा और पुलकित सम्राट**



कृति खरबंदा और पुलकित सम्राट ने मार्च में शादी की. दोनों की बेहद रोमांटिक तस्वीरें सोशल मीडिया पर आती रही हैं. यह जोड़ा भी इस साल पहला करवा चौथ मनाने के लिए उत्साहित है. फैंस को इनके पहले करवा चौथ की तस्वीरों का इंतजार है.

संयोजन : चेतना झा, डिजाइनिंग - खुशबू कुमारी

### जीत का श्रेय पाकिस्तान टीम के चयन और पिच की स्थिति को दिया गया

# पाकिस्तान ने दूसरे टेस्ट में इंग्लैंड को 152 रनों से हराया, सीरीज 1-1 से बराबर

**एजेंसी। मुल्तान**

पाकिस्तान ने मुल्तान क्रिकेट स्टेडियम में दूसरे टेस्ट में इंग्लैंड पर 152 रनों की शानदार जीत के साथ तीन मैचों की टेस्ट सीरीज 1-1 से बराबर कर ली. यह जीत पाकिस्तान के स्पिनरों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत मिली, जिन्होंने दोबारा इस्तेमाल की गई पिच का पूरा फायदा उठाया और चौथे दिन लंच से पहले इंग्लैंड को 144 रनों पर आउट कर दिया. इस नतीजे के बाद अगले हफ्ते रावलपिंडी में रोमांचक सीरीज का निर्णायक मुकाबला होगा, जिसमें सीरीज 1-1 से बराबर होगी. 297 रनों के चुनौतीपूर्ण लक्ष्य का पीछा करते हुए, बाएं हाथ के स्पिनर नोमान अली ने इंग्लैंड के बल्लेबाजों को ढेर कर दिया, जिन्होंने चौथे दिन सुबह गिरे आठ में से सात विकेट चटकाए, दूसरी पारी में 8-46 और मैच में कुल मिलाकर 11-147 के आंकड़े हासिल किए. मैच में नौ विकेट लेने वाले साजिद खान को प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार मिला. नोमान ने ऑफ स्पिनर साजिद खान के साथ मिलकर, जिन्होंने दोनों पारियों में नौ विकेट लिए, इंग्लैंड की स्पिन के सामने कमजोरियों को उजागर किया. दोनों ने मिलकर 20 विकेट आपस में बांटने का दुर्लभ कारनामा किया, ऐसा टेस्ट इतिहास में केवल सात बार हुआ है.

पाकिस्तान की जीत का श्रेय उनके चयन और पिच की स्थिति को दिया गया. पहले टेस्ट में शर्मनाक हार के बाद, जहां इंग्लैंड ने रिकॉर्ड तोड़ 823-7 रन बनाकर पारी घोषित की, पाकिस्तान ने आमूलचूल परिवर्तन किए. उन्होंने पूर्व कप्तान बाबर आजम, तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी और नसीम शाह को बाहर कर दिया, और दोबारा इस्तेमाल की गई मुल्तान की पिच पर स्पिन-बहुल



आक्रमण का विकल्प चुना. इस कदम ने लाभ दिया क्योंकि नोमान और साजिद ने तीखे टर्न और अप्रत्याशित उछाल का पूरा फायदा उठाते हुए इंग्लैंड को घुटने टेकने के लिए मजबूर कर दिया. चौथे दिन की शुरुआत में ही निर्णायक मोड़ आ गया जब इंग्लैंड ने 36-2 से खेलना शुरू किया, उसे अभी भी एशिया में अपने अब तक के सर्वोच्च स्कोर का पीछा करने के लिए 261 रन और चाहिए थे. स्पिन का सामना करने के लिए इंग्लैंड का दृष्टिकोण आक्रामक लग रहा था, लेकिन यह पाकिस्तान के हाथों में चला गया. ओली पोप दिन की आठवीं गेंद पर आउट हो गए, उन्होंने साजिद को रिटर्न कैच दिया और उसके बाद से टीम का पतन तेजी से हुआ. इंग्लैंड के सबसे अनुभवी बल्लेबाजों में से एक जो रूट नोमन की गेंद पर स्वीप करने की कोशिश में एलबीडब्ल्यू आउट हो गए, जबकि हैरी ब्रूक एलबीडब्ल्यू आउट हो गए. आमतौर पर भरोसेमंद माने जाने वाले जेमी स्मिथ ने मिड-ऑन पर आसान कैच थमा दिया और अचानक इंग्लैंड का स्कोर 87-6 हो गया, जिससे टीम मुश्किल में पड़ गई. कप्तान बेन स्टोक्स ने कुछ समय तक प्रतिरोध किया, हर मौके पर स्वीप और रिवर्स स्वीप किया. उन्होंने ब्रायडन कार्स के साथ मिलकर 31 गेंदों पर 37 रन जोड़े, जिसमें कार्स ने साजिद की गेंद पर लगातार दो छक्के लगाने से पहले एलबीडब्ल्यू के फैसले को पलट दिया. हालांकि, स्टोक्स के आक्रामक इरादे की वजह से उनका पतन हुआ, क्योंकि उन्होंने नोमान पर हमला किया, इस प्रक्रिया में उनका बल्ला छूट गया और विकेटकीपर मोहम्मद रिजवान ने उन्हें स्टंप कर दिया. पुछल्ले बल्लेबाजों ने जल्दी ही क्रीज छोड़ दी, कार्स की गेंद स्लिप में चली गई और जैक लीच की गेंद शॉर्ट लेग पर जा पहुंची. शोएब बशीर अगली ही गेंद पर सिली पॉइंट पर कैच आउट हो गए, जिससे पाकिस्तान की जीत पक्की हो गई और इंग्लैंड की पाकिस्तान में लगातार चार मैच जीतने की लय टूट गई.

पाकिस्तान की सफलता केवल उनके स्पिनरों की वजह से नहीं थी, क्योंकि उन्होंने कामरान गुलाम के बेहतरीन डेब्यू शतक की बदौलत खुद को मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया था. बाबर आजम की जगह गुलाम ने पाकिस्तान की पहली पारी में अहम शतक बनाया और उन्हें 366 रन तक पहुंचाया. इंग्लैंड के बल्लेबाजों ने शुरुआत में अच्छी प्रतिक्रिया दी और एक समय 211-2 रन बनाकर अच्छी स्थिति में थे, लेकिन नाटकीय पतन के कारण वे 291 रन पर आउट हो गए और पाकिस्तान को 75 रन की बढ़त मिल गई. इंग्लैंड को फील्डिंग में चूके मौकों का भी मलाल होगा. पाकिस्तान की दूसरी पारी के दौरान, जब खेल अभी भी संतुलन में था, विकेटकीपर जेमी स्मिथ और जो रूट ने ब्रायडन कार्स की गेंद पर एक ही ओवर में सलमान आगा का दो बार कैच छोड़ा. सलमान ने 63 रन बनाए, जिससे पाकिस्तान ने लगभग अजेय लक्ष्य निर्धारित किया. कठिन परिस्थितियों और टॉस हारने के नुकसान के बावजूद, इंग्लैंड ने मैच में अपने पल बिताए. पहली पारी में बेन डकेट का शतक एक आकर्षण था, लेकिन दोनों पारियों में मध्य-क्रम का पतन चिंता का विषय होगा.

**संक्षिप्त स्कोर**

पाकिस्तान 366 और 221 (सलमान आगा 63, सऊद शकील 31, शोएब बशीर 4-66, जैक लीच 3-67) ने इंग्लैंड को 291 और 144 (बेन स्टोक्स 37, बायडन कार्स 27, नोमान अली 8-46, साजिद खान 2-93) को 152 रनों से हराया.

---

### बेंगलुरु टेस्ट : टीम इंडिया के धुरंधरों का आया तूफान

# तीसरे दिन के खेल में बने 453 रन



**एजेंसी। बेंगलुरु**

भारत और न्यूजीलैंड के बीच तीन टेस्ट मैचों की सीरीज का पहला टेस्ट बेंगलुरु में खेला जा रहा है. न्यूजीलैंड की टीम ने पहली पारी में 402 रन बनाए. रचिन रवींद्र ने शानदार शतक जड़ा तो वहीं, टिम साउदी ने 65 रन की पारी खेली. दूसरे दिन डेवोन कॉन्वे ने शानदार 91 रन की पारी खेली थी. न्यूजीलैंड ने दूसरे दिन के खेल में 180 रन बनाए थे और 3 विकेट गंवाए थे. तीसरे दिन उन्होंने यही से बैटिंग शुरू की. तीसरे दिन के खेल में न्यूजीलैंड ने 180 रन से बल्लेबाजी शुरू की. रचिन रवींद्र और डेरिल मिचेल पारी की शुरुआत करने उतरे. डेरिल मिचेल 49 गेंदों में 18 रन बनाकर आउट हो गए. इसके बाद टॉम ब्लंडेल ने 5, ग्लेन फिलिप्स ने 14 तो वहीं, मैट हेनरी ने 8 रन बनाए. रचिन लास्ट तक बने रहे और उन्होंने 134 रन की पारी खेली. रचिन रविंद्र के शतक के बाद टिम साउदी ने भी अपना अर्धशतक पूरा किया. उन्होंने 57 गेंदों में अपना पचासा पूरा किया. इस तरह न्यूजीलैंड ने पहली पारी में 402 रन बनाए और 356 रन की लीड ली. भारत के लिए रविंद्र जडेजा और कुलदीप यादव ने तीन-तीन विकेट लिये.

**विराट-सरफराज ने खेली धमाकेदार पारी**

रोहित शर्मा और यशस्वी जायसवाल के आउट होने के बाद विराट कोहली और सरफराज खान क्रीज पर आए. दोनों ने गजब की बल्लेबाजी की और टीम के स्कोर को तीसरे दिन का खेल खत्म होने तक 231 रन तक पहुंचाया. सरफराज खान ने 42 गेंदों पर अर्धशतक पूरा किया. वह चौथे दिन भारत की पारी की शुरुआत करेंगे. वहीं, विराट कोहली ने 70 रन बनाए. लेकिन वह 9000 रन पूरे करके लौटे. लेकिन वह ग्लेन फिलिप्स की गेंद पर आउट हो गए. तीसरे दिन के खेल में देखें तो कुल 453 रन बने.

**कीवी बल्लेबाज रचिन रवींद्र ने भी बनाया रिकॉर्ड**

- 2012 के बाद भारत में टेस्ट शतक जड़ने वाले कीवी बैट्समैन बने



**बेंगलुरु।** रचिन रवींद्र शुक्रवार को एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में भारत के खिलाफ पहले टेस्ट के दौरान भारतीय धरती पर टेस्ट शतक बनाने वाले 2012 के बाद से न्यूजीलैंड के पहले बल्लेबाज बन गए. रचिन रवींद्र ने बेंगलुरु टेस्ट में शानदार बल्लेबाजी की. उन्होंने 123 गेंदों पर अपना शतक पूरा किया. उनकी इस पारी की बदौलत न्यूजीलैंड मजबूत स्थिति में दिख रही है, जबकि पहली पारी में बुरी तरह फ्लॉप होने के बाद भारतीय बल्लेबाजों को अब बड़ी जंग लड़नी होगी. हालांकि, न्यूजीलैंड ने सुबह के सत्र में चार विकेट खो दिए, लेकिन बेंगलुरु से ताल्लुक रखने वाले रविंद्र ने 11 चौकों और दो छक्कों की मदद से शानदार शतक जड़कर टीम की लय को बनाए रखा. 21 वर्षीय रविंद्र का टेस्ट क्रिकेट में दूसरा शतक था, उन्होंने इस साल की शुरुआत में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अपना पहला शतक लगाया था. भारत में 12 साल बाद ऐसा हुआ है जब न्यूजीलैंड के किसी बल्लेबाज ने टेस्ट शतक जड़ा है. आखिरी बार रॉस टेलर ने 2012 में 113 रन की पारी खेली थी. साथ ही इस पारी के साथ, रवींद्र भारत में टेस्ट शतक बनाने वाले न्यूजीलैंड के 21वें खिलाड़ी बन गए.

**रोहित शर्मा ने अर्धशतक जड़ा**

न्यूजीलैंड के 10 विकेट गिरने के बाद भारत की दूसरी पारी में बैटिंग करने की बारी आई. भारत के लिए रोहित शर्मा और यशस्वी जायसवाल ओपनिंग करने के लिए उतरे. दोनों ने शानदार शुरुआत दिलाई. लेकिन ज्यादा देर क्रीज पर नहीं टिक सके. रोहित शर्मा ने शानदार अर्धशतक जड़ा और वे 52 रन बनाकर आउट हो गए. वहीं, जायसवाल ने 35 रन बनाए.

---

### बेंगलुरु टेस्ट में दूसरी पारी में टीम इंडिया को संभाला

# टेस्ट क्रिकेट में विराट ने पूरे किए 9000 रन

**एजेंसी। बेंगलुरु**

विराट कोहली जब-जब मैदान पर उतरते हैं तो कुछ ना कुछ ऐसा जरूर होता है जो फैंस का दिल जीत लेता है. इस बार किंग कोहली ने बेंगलुरु टेस्ट की दूसरी पारी में अर्धशतक जड़ा है और इसके साथ ही उनके टेस्ट में 9000 रन भी पूरे हो गए हैं. विराट कोहली ने 197 टेस्ट पारी में 9000 रनों का आंकड़ा छुआ. विराट कोहली के 9000 टेस्ट रन तो खास हैं ही साथ ही इस खिलाड़ी का बेंगलुरु टेस्ट में अर्धशतक भी बेहद खास है. वो इसलिए क्योंकि बेंगलुरु में टीम इंडिया मुसीबत में है और इसी घड़ी में विराट के बल्ले से अर्धशतक निकला. दिग्गजों की फेहरिस्त में शामिल हुए विराट

विराट कोहली टेस्ट क्रिकेट में 9000 रन बनाने वाले चौथे भारतीय हैं. राहुल द्रविड़, सचिन तेंदुलकर और सुनील गावस्कर ये कारनामा पहले कर चुके हैं. वैसे इन दिग्गजों में विराट कोहली ने सबसे ज्यादा पारियां खेलकर 9000 का आंकड़ा छुआ है. द्रविड़ ने 176 पारियों में 9000 टेस्ट रन पूरे किए थे. सचिन ने 179 पारियों में ये कारनामा किया था. गावस्कर को 192 पारियां लगी और विराट ने 197 पारी में 9000 टेस्ट रन पूरे किए. विराट कोहली ने टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा 2042 रन ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बनाए हैं. इसके अलावा इंग्लैंड के खिलाफ उनके नाम 1991 रन हैं. साउथ अफ्रीका, श्रीलंका और वेस्टइंडीज के खिलाफ भी उनके एक हजार से ज्यादा रन हैं.



**विराट कोहली के स्पेशल 15000 रन**

विराट कोहली की बात करें तो ये खिलाड़ी भारत के लिए नंबर 3 पर 15000 इंटरनेशनल रन बनाने वाला पहला भारतीय बन गया है. अब तक सिर्फ पॉन्टिंग, संगकारा और केन विलियमसन ने ही ये कारनामा किया है. विराट कोहली का बेंगलुरु में अर्धशतक लगाना बेहद खास है क्योंकि इस खिलाड़ी ने पूरे 11 महीने बाद टेस्ट में अर्धशतक जड़ा है. विराट कोहली पिछली 8 पारियों से जूझ रहे थे लेकिन बेंगलुरु में उन्हें सफलता मिल ही गई.

**सबसे तेज 9000 टेस्ट रन किसके नाम?**

टेस्ट क्रिकेट में सबसे कम पारियों में 9000 रन बनाने का वर्ल्ड रिकॉर्ड कुमार संगकारा के नाम है. उन्होंने 172 पारियों में ये कारनामा किया था. स्टीव स्मिथ ने 174 पारियों में 9000 टेस्ट रन पूरे किए थे. राहुल द्रविड़ तीसरे स्थान पर हैं.

---

### टी20 मैच में वापसी पर जेवियर बार्टलेट की नजर

**एडिलेड।** उभरते तेज गेंदबाज जेवियर बार्टलेट की नजरें ऑस्ट्रेलिया की तरफ से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर वापसी पर हैं. इस साल की शुरुआत में इंग्लैंड दौरे में मांसपेशियों में खिंचाव के कारण उनका अभियान जल्दी खत्म हो गया था. 25 वर्षीय खिलाड़ी अपने अंतरराष्ट्रीय मैचों की संख्या में इजाफा करने के लिए उत्सुक हैं, क्योंकि वह पूरी तरह से फिट होने के लिए काम कर रहे हैं. सितंबर में इंग्लैंड के खिलाफ पहले टी20 के दौरान बार्टलेट की साइड स्ट्रेन की शुरुआत हुई थी, जो कि इंग्लिश धरती पर उनके पहले अंतरराष्ट्रीय मैच के सिर्फ 3.4 ओवर बाद हुई थी. चोट के कारण वह टी20 सीरीज के बाकी मैच और उसके बाद पांच मैचों की वनडे सीरीज से बाहर हो गए. बार्टलेट के लिए यह निराशाजनक क्षण था, जिन्होंने फरवरी में वेस्टइंडीज के खिलाफ वनडे मैचों में लगातार चार विकेट चटकाकर धमाल मचाया था.

---

### डेनियल कोलिंस ने टाला रिटायरमेंट, कहा-

# मैं 2025 में टूर पर वापस आऊंगी

- विश्व नंबर-9 टेनिस खिलाड़ी ने रिटायरमेंट की योजना स्थगित की

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

विश्व नंबर-9 टेनिस खिलाड़ी डेनियल कोलिंस ने अपनी रिटायरमेंट की योजना को स्थगित कर दिया है और अमेरिकी खिलाड़ी ने घोषणा की है कि वह अगले साल फिर से टूर पर लौटेंगी. इस वर्ष की शुरुआत में कोलिंस ने कहा था कि 2024 उनके टूर का अंतिम सीजन होगा लेकिन अब उन्होंने 2025 में टूर पर लौटने का फैसला किया है. कोलिंस ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट किया, तो, डैनिमल स्टोरी अपने निष्कर्ष पर नहीं पहुंची है. मैं 2025 में फिर से टूर पर आऊंगी. पोस्ट में लिखा गया है, हालांकि जीवन में कोई गारंटी नहीं है,



लेकिन मैं 2024 के अपने सफर को बनाए रखने और तब तक खेलना जारी रखने की उम्मीद करती हूं जब तक कि मैं ऐसा कर सकूं. अभी के लिए एकमात्र गारंटी कुछ और रोमांचक मैच होंगे. इसमें आगे कहा गया है, मैं अपने सभी प्रशंसकों को धन्यवाद देती हूं, जो इस दौरान मुझे प्रोत्साहित करते रहे हैं. साथ ही, मैं अपने टूर के सबसे करीबी दोस्तों को भी धन्यवाद देती हूं, जिन्होंने हर कदम पर मेरा साथ दिया. 30 वर्षीय कोलिंस के लिए मौजूदा सत्र काफी अच्छा रहा है क्योंकि 2022 ऑस्ट्रेलियन ओपन फाइनलिस्ट ने मार्च और अप्रैल में मियामी और चार्ल्सटन में लगातार दो टूर्नामेंट जीते हैं. उन्होंने एक पोस्ट में कहा, मैं अपने एंडोमेट्रियोसिस और अन्य स्वास्थ्य चुनौतियों से जुड़ी कुछ समस्याओं से जूझ रही हूं. जबकि मैं इस साल अपने टेनिस करियर को एक अच्छे नोट पर समाप्त करने और अपने जीवन के अगले अध्याय को शुरू करने के लिए बहुत उत्साहित थी,

---

### नॉर्डिक ओपन : एलेजांद्रो डेविडोविच के खिलाफ जीत हासिल की

# वावरिंका सबसे उम्रदराज क्वार्टर फाइनलिस्ट बने

**एजेंसी। स्टॉकहोम**

स्टेन वावरिंका स्टॉकहोम टूर्नामेंट के इतिहास में सबसे उम्रदराज क्वार्टर फाइनलिस्ट बन गए. उन्होंने नॉर्डिक ओपन में एलेजांद्रो डेविडोविच फोकिना के खिलाफ 6-4, 3-6, 7-5 से जीत हासिल की. 39 वर्षीय वावरिंका निर्णायक सेट में दो बार ब्रेक से पिछड़ गए, लेकिन दो घंटे, 12 मिनट में आगे बढ़ने के लिए कुछ साहसिक प्रदर्शन किया. वावरिंका ने कहा, मैं इस मैच को जीतकर बहुत खुश हूं, आज यह एक कठिन प्रतिद्वंद्वी था, लेकिन स्तर अच्छा था और यहां दो मैच जीतना बहुत अच्छा था. यह एक अद्भुत माहौल है, पूरा घर भरा हुआ है. इतना शोर मचाने के लिए आप सभी का धन्यवाद. एटीपी की रिपोर्ट के अनुसार, वावरिंका का सामना शीर्ष वरीयता प्राप्त आंद्रेई रुब्लेव से होगा, जिन्होंने एलेक्जेंडर मुलर पर 6-4, 6-1 से जोरदार जीत दर्ज की. रुब्लेव ने पूरे मुकाबले में पलक नहीं झपकाई, जिसके दौरान उन्होंने 17 विनर्स लगाए और अपने सामने आए सभी तीन ब्रेक पॉइंट बचाए. इससे पहले, मिओमिर केकमनोविच ने निकोलस जैरी के साथ एक रोमांचक मुकाबले में अपना धैर्य बनाए रखा, जो अंत तक चला.

सर्बियाई ने कड़े मुकाबले में 6-4, 4-6, 7-6(2) से जीत दर्ज की. तीसरे वरीयता प्राप्त ग्रिगोर दिमित्रोव ने क्वेंटिन हेलिस के खिलाफ 7-6(1), 6-3 की जीत के साथ दिन का समापन किया और एटीपी 250 में अपनी 18वीं मैच जीत दर्ज की - जो सक्रिय खिलाड़ियों में सबसे अधिक है. 2013 में स्टॉकहोम में अपना पहला टूर-लेवल खिताब जीतने वाले बुल्गारियाई खिलाड़ी का क्वार्टर फाइनल में अगला मुकाबला स्विस डोमिनिक स्ट्राइकर से होगा. दिमित्रोव, जो वर्तमान में रेस टू ट्यूरिन में दसवें स्थान पर हैं, का लक्ष्य सीजन के अंत में आगे बढ़ना और 2017 में सीजन का फाइनल जीतने के बाद पहली बार एटीपी फाइनल के लिए क्वालीफाई करना है.



---

**बेबाक राय**

### ऑस्ट्रेलिया 2009 के बाद पहली बार महिला टी20 विश्व कप फाइनल से चूकने जा रहा

# एक खराब रात हमारी टीम को परिभाषित नहीं करती: एलिसा

**एजेंसी। दुबई**

ऑस्ट्रेलिया की चोटिल कप्तान एलिसा हीली ने जोर देकर कहा है कि एक खराब रात उनकी टीम को परिभाषित नहीं करेगी, क्योंकि दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में पहले सेमीफाइनल में दक्षिण अफ्रीका से आठ विकेट से हार के बाद लगातार चौथी बार महिला टी20 विश्व कप खिताब जीतने की उनकी उम्मीदें धराशायी हो गईं. एलिसा ने पत्रकारों से कहा, मुझे लगता है कि हमने जो माहौल बनाने में कामयाबी हासिल की है और हमारी टीम के अंदर जो विश्वास है कि कोई भी मैदान पर जाकर मैच जीत सकता है, मुझे



लगता है कि वह इस विश्व कप में दिखा. मुझे लगता है कि एक खराब रात जरूरी नहीं कि हमारी टीम को परिभाषित करे. उन्होंने कहा, हां, हम ट्रॉफी जीतना चाहेंगे, लेकिन ऐसा नहीं है. मुझे लगता है कि इस पूरे टूर्नामेंट में बहुत सारी सकारात्मक चीजें हुई हैं और जिस तरह से लड़कियां बढ़ रही हैं, सीख रही हैं और बेहतर बनना चाहती हैं, वह इतनी कम उम्र में टीम की परिपक्वता को दर्शाता है. दक्षिण अफ्रीका के अनुशासित गेंदबाजी प्रदर्शन ने ऑस्ट्रेलिया को 134/5 पर रोक दिया. इससे पहले एनेके बॉश ने 48 गेंदों पर नाबाद 74 रन बनाकर अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ पारी खेली और 17.2 ओवर में प्रोटियाज के लिए एक शानदार लक्ष्य हासिल किया और महिला टी20 विश्व कप में अपने दूसरे सीधे फाइनल में प्रवेश किया. इसका यह भी मतलब है कि ऑस्ट्रेलिया 2009 के बाद पहली बार महिला टी20 विश्व कप फाइनल से चूकने जा रहा है. एलिसा को ग्रुप ए में पाकिस्तान पर जीत के दौरान पैर में लगी चोट के कारण सब कुछ किनारे से देखने के लिए मजबूर होना पड़ा और सेमीफाइनल में दक्षिण अफ्रीका को ऑस्ट्रेलिया पर हावी होते देखकर वह दुखी हो गई. एलिसा ने कहा, कल रात यह निर्णय लेना बहुत कठिन था कि हम (मुझे खेलने का मौका देंगे) या नहीं और मैंने टीम के निर्णय लेने की कोशिश की और जोखिम लेने के बजाय खुद को शांत रखा. यह देखना कठिन था कि आप वास्तव में वहां जाकर मदद नहीं कर सकते. शुक्रवार को शारजाह में न्यूजीलैंड के खिलाफ़ दूसरे सेमीफाइनल में वेस्टइंडीज के खेलने के साथ, एलिसा ने यह कहा कि एक नई महिला टी20 विश्व कप चैंपियन होने का मौका बहुत आकर्षक है और महिला क्रिकेट के लिए अच्छा है. उन्होंने कहा, इस टूर्नामेंट के संभावित रूप से नए विजेता की संभावना विश्व खेल के लिए बेहद रोमांचक है. दुनिया भर में क्रिकेट खेलने के लिए अब निवेश और अवसर हैं, अलग-अलग परिस्थितियां और साल के सभी समय ने विश्व खेल के लिए बहुत बढ़िया काम किया है.हम देख रहे हैं कि टीमों को इससे वाकई फायदा मिल रहा है, जो कि शानदार है. इसलिए अगर यह न्यूजीलैंड-दक्षिण अफ्रीका फाइनल होता है, तो उस ट्रॉफी का नया विजेता देखना वाकई शानदार होगा.

---

### ओरी के साथ फोटो हो रही वायरल

# राधिका मर्चेंट की बर्थडे पार्टी में पहुंचे धौनी

**एजेंसी। मुंबई**

पिछले दिनों अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट की शादी ने खूब सुर्खियां बटोरी थी. इस शादी में बॉलीवुड से लेकर क्रिकेट की दुनिया तक के बड़े चेहरे पहुंचे. वहीं, अब राधिका मर्चेंट ने धूमधाम से अपना बर्थडे सेलीब्रेट किया. इस बर्थडे पार्टी में पूर्व भारतीय कप्तान महेंद्र सिंह धौनी पहुंचे. माही के अलावा भी कई मशहूर चेहरे नजर आए. अब सोशल मीडिया पर राधिका मर्चेंट के बर्थडे में महेंद्र सिंह धौनी की तस्वीरें खूब वायरल हो रही हैं. सोशल मीडिया पर माही का फोटो तेजी से वायरल हो रहा है. इसके अलावा सोशल मीडिया यूजर्स लगातार कमेंट्स



कर अपनी प्रतिक्रिया दे रहे हैं. राधिका मर्चेंट की बर्थडे पार्टी में महेंद्र सिंह धौनी के अलावा बॉलीवुड की दुनिया के कई मशहूर चेहरे दिखे. तस्वीरों में धौनी ओरी के साथ नजर आ रहे हैं और उनकी फोटो वायरल हो रही है.

### ब्रीफ खबरें

### लापता छात्रा का शव शुक्रवार को बरामद हुआ

**कटिहार ।** जिले के अमदाबाद थाना क्षेत्र में एक दुखद घटना घटी. खट्टी भवानीपुर पंचायत के छोटा नीताई टोला निवासी मेघा कुमारी (8वर्ष) बुधवार को महानंदा नदी में स्नान करने के दौरान लापता हो गई थी. एसडीआरएफ टीम और स्थानीय ग्रामीणों ने उनकी तलाश की, लेकिन बुधवार से गुरुवार शाम तक उनका कुछ पता नहीं चल पाया था. शुक्रवार सुबह मेघा का शव महानंदा नदी के किनारे पाया गया. स्थानीय ग्रामीणों की मदद से बच्ची के शव को उनके घर तक लाया.

### सहायिका हत्याकांड में शामिल तीन धराए

**पूर्वी चंपारण ।** पुलिस ने आंगनबाड़ी सहायिका हत्याकांड में शामिल तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार अभियुक्तों में संग्रामपुर थाना क्षेत्र जितेन्द्र कुमार उर्फ जोखूलाल, केसरिया थाना क्षेत्र के मुस्लिम आलम व कल्याणपुर थाना क्षेत्र के विकास कुमार शामिल है. उल्लेखनीय है कि बीते 4 अक्टूबर को संग्रामपुर थाना क्षेत्र के नरूलहां भटवलिया गांव में आंगनबाड़ी सहायिका सीमा देवी की अपराधियों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी. इस संदर्भ में छह नामजद अभियुक्तों के विरूद्ध कांड दर्ज कराया गया. कांड के उद्भेदन के लिए एसपी के निर्देश पर अरेराज डीएसपी के नेतृत्व एसआईटी का गठन किया गया.

### युवक की गोली मार कर हत्या, इलाके में सनसनी

**नवादा ।** नवादा जिले के काशीचक थाना क्षेत्र के बौरी गांव में शुक्रवार को एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई. सुबह हुई हत्या से इलाके में सनसनी फैल गई है. हत्या के बाद मामला की जांच पुलिस कर रही है. युवक 24 वर्षीय रोशन कुमार है. वह बाजार से घर लौट रहा था इसी दौरान तीन बदमाशों ने गोली मारी है. जहां घटनास्थल पर ही युवक की मौत हो गई है. वहीं मृतक के भाई राहुल कुमार ने आरोप लगाया है कि 5 महीना पूर्व हम प्रेम विवाह किए थे. तब से लड़की के परिवार के लोग नाराज थे और उसके भाई ने जान मारने की धमकी भी दिया था.

#### केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने भागलपुर से की हिंदू स्वाभिमान यात्रा की शुरुआत, बोले-

# हिंदुओं के अस्तित्व को बचाने के लिए निकाली गई है यात्रा

**संवाददाता । भागलपुर**

केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने शुक्रवार को भागलपुर से हिंदू स्वाभिमान यात्रा की शुरुआत कर दी है. सबसे पहले गिरिराज सिंह शुक्रवार को बूढ़ानाथ मंदिर पहुंचे. जहां उन्होंने बाबा भोलेनाथ की पूजा-अर्चना कर वहां से यात्रा की शुरुआत की. इसके बाद गिरिराज सिंह जिला स्कूल स्थित सभा स्थल पहुंचे जहां उनका स्वागत बीजेपी के जिला अध्यक्ष संतोष कुमार साह, कहलगांव के विधायक पवन यादव सहित कार्यकर्ताओं ने त्रिशूल भेंट कर किया. इस दौरान काफी संख्या में महिलाएं कलश सर पर रखकर सभा स्थल पर पहुंची और हिंदू एकता को लेकर जमकर नारेबाजी की गई. सभा को संबोधित करते हुए गिरिराज सिंह ने कहा कि तेजस्वी यादव ने अपना दौरा इसीलिए रद्द किया ताकि हिंदू स्वाभिमान यात्रा में लोग शामिल हो सकें.

उन्होंने कहा कि हिंदू स्वाभिमान यात्रा में राजद हिंदू, भारतीय जनता पार्टी के हिंदू, कम्युनिस्ट पार्टी के हिंदू, जदयू के हिन्दू और लोजपा के हिंदू शामिल हो रहे हैं. उन्होंने कहा कि यह हिंदुओं के अस्तित्व को बचाने



की यात्रा है. इसके साथ ही पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू पर भी उन्होंने निशान साधा. उन्होंने कहा कि डॉ भीमराव अंबेडकर ने बंटवारे के समय कहा था कि मुसलमान को पाकिस्तान भेज दिया जाए और हिंदुओं को पाकिस्तान से वापस यहां बुला लिया जाए लेकिन पंडित जवाहरलाल नेहरू ने ऐसा नहीं करने दिया. जिसको लेकर बाबा साहब ने कहा था कि देश में कभी समरसता नहीं हो सकती है.

उन्होंने कहा कि हिन्दू किस देश में है. पाकिस्तान में ही नहीं रहे हमारे भाई बट के बांग्लादेश भी गए. वहां भी नहीं बचे. मैं आपसे प्रार्थना करने आया हूं हमारे मंदिर टूट गई, हमारी बेटियां लुट गई, अब हम 70% पर आ गए हैं. जहां तीन मस्जिद थी अब 20 लाख हो गई है. क्या दुर्गा पूजा के आयोजन के लिए परमिशन लेना पड़ेगा, रूट जानना पड़ेगा, क्या इसी के लिए देश का बंटवारा हुआ था. या फिर यह सोची समझी साजिश है. जब बांग्लादेश में मंदिरों को तोड़ दिया जाता है तब किसी का नींद नहीं खुलती है. जब कोई यात्रा निकलता हो वोट बटोरने के लिए तब तो कोई नहीं बोलता. कोई मुसलमान को इकट्ठा करने के लिए यात्रा निकालते तो किसी को पेट में दर्द नहीं होता. 1947 से अब तक ताजिया निकलता है. हमने तो ताजिया में लाठी भांजी साथ दिया. कभी एक पत्थर नहीं फेंका लेकिन दुर्गा पूजा के दौरान क्या हो रहा है, सभी देख रहे हैं. सभा में काफी संख्या में लोगों की उपस्थिति देखी गई. उधर इस यात्रा को लेकर सुरक्षा के भी पुख्ता इंतजाम किए गए थे.

### मथुरा के हादसे में गया के पांच लोगों की मौत

**गया ।** गया जिले के कोंच थाना क्षेत्र के हिछापुर बीघा के रहने वाले 2 परिवार के 5 लोगों की यूपी के मथुरा में सड़क दुर्घटना में मौत हो गई है. घटना गुरुवार की है. सभी लोग हरियाणा के पलवल जिले के होडल स्थित ईंट भट्ठा पर काम करने के लिए पिकअप वैन से जा रहे थे. उसी समय अचानक बिजली के खंभे से वाहन जा टकराया. वाहन में बैठे लोग बचने के लिए सभी लोग कूदने लगे. इसी बीच पिकअप वैन चालक गाड़ी को पीछे ले लिया और घटना स्थल पर ही 5 लोगों की मौत हो गई है. इनमें 35 वर्षीय गौरी देवी, उसकी 2 साल की बेटी कोमल, 28 वर्षीय कुंती देवी, उनकी दो साल की बेटी प्रियंका, मोनी देवी की मौत हो गई है. वहीं करीब एक दर्जन लोग घायल हो गए है.

#### बिहार में जहरीली शराब से मरनेवालों की संख्या बढ़ी

# सीवान में 28 तो छपरा में 7 की जान गई, 25 से अधिक भर्ती

**संवाददाता । पटना**

छपरा और सीवान में जहरीली शराब से हो रही मौतों की संख्या बढ़ रही है. शुक्रवार की सुबह तक की रिपोर्ट के अनुसार सीवान में सबसे अधिक 28 लोगों की मौत की पुष्टि जिला प्रशासन की ओर से की गई है. वहीं छपरा में सात मौतों की पुष्टि की गई है. कई लोग अभी भी जिलों में भर्ती हैं. पटना की बात करें तो पीएमसीएच में 25 से अधिक लोगों का इलाज चल रहा है. छपरा में जिन सात लोगों की मौत की पुष्टि जिला प्रशासन की ओर से की गई है वे सभी मशरक थाना क्षेत्र के ही रहने वाले हैं. बीते तीन से चार दिनों के बीच हुई इस घटना के बाद अब प्रशासन अलर्ट मोड में है. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बीते गुरुवार को ही सख्त निर्देश दिया है कि जांच के बाद कड़ी कार्रवाई की जाए.

**सीवान में अब तक 28 लोगों की जान गई :** जहरीली शराब से मौत का मामला सबसे अधिक सीवान के भगवानपुर प्रखंड की कौरिया व माघड़ पंचायत में तीन से चार दिनों के अब तक 28 लोगों की मौत हो चुकी है. जिला प्रशासन ने इसकी पुष्टि की है.



### मोतिहारी : शराब फैक्ट्री का उद्भेदन

**पूर्वी चंपारण ।** एसपी स्वर्ण प्रभात ने सिवान व छपरा में हुए जहरीली शराब कांड के बाद जिले के सभी थानाध्यक्ष को शराब कारोबारियों के विरूद्ध विशेष अभियान चलाने का सख्त निर्देश दिया है. जिसके बाद रघुनाथपुर थाना पुलिस ने मोतिहारी शहर से सटे मंजूराहा गांव में छापेमारी कर शराब बनाने वाली फैक्ट्री का उद्भेदन किया है. साथ ही संचालक मनोज कुमार राय सहित एक अन्य कारोबारी विनय राम को पकड़ा है.

### छपरा में एसआईटी ने एक आरोपी को दबोचा

**छपरा ।** छपरा में जहरीली शराब से कई लोगों की मौत हो चुकी है. छपरा पुलिस की एसआईटी टीम ने एक शराब कारोबारी को गिरफ्तार किया है, जो भगवानपुर हाट थाना क्षेत्र के बिलासपुर गांव का निवासी है. गिरफ्तार आरोपी रजनीकांत जहरीली शराब की सप्लाई चैन में एक कड़ी का काम करता था. मिली जानकारी के अनुसार रजनीकांत ने शराब की सप्लाई की बात कबूल की है.

सीवान में आठ लोगों का इलाज चल रहा है. वहीं गंभीर रूप से जो बीमार थे वैसे करीब 13 लोगों को पीएमसीएच (पटना) रेफर कर दिया गया है. हालांकि कई लोग ऐसे भी हैं जिनकी तबीयत ठीक हो गई है. करीब 30 लोगों को इलाज के बाद उन्हें घर भेज दिया गया है. जिन शवों का पोस्टमार्टम हो जा रहा उसे पुलिस उनके परिजनों को सौंप दे रही है. मंगलवार से मौतों का सिलसिला शुरू हुआ जिसके बाद संख्या बढ़ती जा रही है. गांव के लोगों का कहना है कि मौत के जो आंकड़े हैं वह ज्यादा हैं. कौरिया तख्त गांव में प्रदीप मांझी का शव जलाया जा रहा था. वहां उनके परिजनों में काफी ज्यादा आक्रोश था. परिजनों ने आरोप लगाया कि कौरिया वैश्य टोला में जब एक शराब बेचने वाले को बुधवार को पुलिस-प्रशासन ने पकड़ा तो उसने बड़े-बड़े अधिकारियों के सामने खुलकर बोला कि थाना तीन हजार महीना लेकर शराब बेचवाता है. यह भी कहा कि चौकीदार ही यह सब धंधा करता था. पीता भी था और बेचने वालों से पैसा भी लेता था.

#### औरंगाबाद में दो बसों और ट्रक में टक्कर

# दो महिलाओं की मौत, 12 लोग घायल

**संवाददाता । औरंगाबाद**

औरंगाबाद के दाउदनगर में दाउदनगर-गया पथ पर मंडल उप कारा के पास शुक्रवार की दोपहर तीन वाहनों के बीच जबरदस्त टक्कर हो गई. इसमें दो महिलाओं की मौके पर ही मौत हो गई जबकि 12 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए. बताया जाता है कि दाउदनगर से एक निजी बस तेज गति से गोह की ओर जा रही थी. इसी दौरान दाउदनगर मंडल उप कारा के पास बस की सामने से तेज गति से आ रहे दूसरे बस से टक्कर हो गई. टक्कर के बाद पीछे से आ रहे तेज गति में आ रहे हाइवा ने भी बस में पीछे से जोरदार टक्कर मार दी.



टक्कर में तीनों वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए. हादसे में दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि एक दर्जन से अधिक यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए. मरने वालों में दो महिलाएं शामिल हैं.

हादसे के बाद मौके पर जेसीबी लाकर दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को खड़ा किए जाने के बाद घायलों को बस से निकाला गया. हादसे की सूचना मिलते ही दाउदनगर थानाध्यक्ष फहीम आजाद खान एवं एसआई आरती कुमारी सदल बल मौके पर पहुंचीं और जांच में जुट गईं. इधर,आनन-फानन में पुलिस ने स्थानीय लोगों के सहयोग से घायलों को इलाज के लिए दाउदनगर के अनुमंडल अस्पताल लाया. यहां कुछ को प्रारंभिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने बेहतर इलाज के लिए औरंगाबाद सदर अस्पताल रेफर कर दिया. शेष का दाउदनगर अनुमंडल अस्पताल में इलाज चल रहा है. मौके पर पहुंची पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को जब्त करने के साथ ही मृत महिलाओं के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए औरंगाबाद सदर अस्पताल भेजा है.

## बेगूसराय में दो मासूम सगे भाइयों का शव मिला, बवाल

**बेगूसराय ।** बेगूसराय के लाखो थाना क्षेत्र के अयोध्या बाड़ी गांव में गुरुवार की देर शाम उस वक्त सनसनी फैल गई जब दो सगे भाइयों का शव एक गड्ढे से बरामद हुआ. बताया जाता है कि दोनों बच्चे बुधवार की दोपहर से ही अपने घर से लापता थे. दोनों भाइयों की हत्या का आरोप उनके पिता पर लग रहा है.

दरअसल, सिकंदर यादव और खुशबू देवी की शादी 2015 में हुई थी, लेकिन पति-पत्नी का विवाद शुरू हो गया. मामला न्यायालय तक पहुंच गया. सिकंदर यादव और खुशबू देवी के तीन पुत्र थे. सिकंदर यादव और खुशबू देवी के बीच हमेशा मारपीट भी होती थी. जब दोनों के बीच विवाद गहरा गया तो खुशबू देवी अपने मायके चली गई. कई बार दोनों के बीच सामाजिक बातचीत कर मामले को ठीक करने की कोशिश की गई, लेकिन बात बनी नहीं. खुशबू देवी के परिवार वाले न्यायालय चले गए और सिकंदर यादव के ऊपर दहेज का मामला दर्ज करवाया.

### कोर्ट में पेशी के दौरान अपराधी पर फायरिंग एक अपराधी गिरफ्तार

**गोपालगंज ।** गोपालगंज सिविल कोर्ट में शुक्रवार को दिनदहाड़े अपराधियों ने गोलियां चलाई, जिसमें पेशी के लिए आया कुख्यात अपराधी विशाल सिंह को गोली लगी. नगर थाना के भोजपुरवा गांव के गुलाब हुसैन कोर्ट आए थे. कोर्ट परिसर में आते ही अपराधियों ने फ़ायरिंग की जिससे उसके पेट में गोली लगी. घायल को सदर अस्पताल लाया गया, जहां उसे चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए गोरखपुर रेफर कर दिया. इस मामले में दो अपराधी को गिरफ्तार किया गया है.

## कारोबार

### एफआईआई ने बाजार से निकाले 67834 करोड़

**नयी दिल्ली ।** विदेशी संस्थागत निवेशकों यानी एफआईआई ने भारतीय शेयर बाजारों से किसी एक महीने में निकासी का साढ़े चार साल का रिकॉर्ड तोड़ दिया है. इन्होंने अक्तूबर में अब तक 67,834 करोड़ रुपये के शेयर बेचे हैं. यह मार्च, 2020 के 61,973 करोड़ रुपये के बाद सबसे ज्यादा है. डिपॉजिटरी आंकड़ों के मुताबिक, इस महीने में एफआईआई ने हर दिन शेयर बेचे हैं. अगर बिकवाली का यही रुझान बना रहा तो ये निवेशक कोरोना की सारी बिकवाली का रिकॉर्ड तोड़ सकते हैं.

### अदाणी एंटरप्राइजेज जुटाएगा 4200 करोड़

**नयी दिल्ली ।** अदाणी एंटरप्राइजेज अपनी विकास योजनाओं को आगे बढ़ाने के लिए क्यूआईपी के जरिए क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल प्लेसमेंट 50 करोड़ डॉलर यानी करीब 4, 200 करोड़ रुपये जुटाए हैं. एईएल ने एक बयान जारी कर बताया है कि उसने क्यूआईपी को सफलता पूर्वक पूरा कर लिया है. अदाणी एंटरप्राइजेस लिमिटेड के इक्विटी शेयरों की फेस वैल्यू 1 रुपये प्रति शेयर है. क्यूआईपी के जरिए कुल 1,41,79,608 इक्विटी शेयरों को 2,962 रुपये प्रति इक्विटी शेयर के निर्गम मूल्य पर आवंटित किया गया था.

### 120 करोड़ होगी स्मार्ट फोन यूजर की संख्या

**नयी दिल्ली ।** भारत में 2030 तक स्मार्टफोन यूजर्स की संख्या 100 करोड़ का आंकड़ा पार करने जा रही है. एक नई रिपोर्ट के अनुसार, देश में 2030 तक 120 करोड़ स्मार्टफोन कनेक्शन होने का अनुमान है, जिनमें से आधे यूजर्स 5जी स्मार्टफोन का इस्तेमाल कर रहे होंगे. वैश्विक मोबाइल नेटवर्क बॉडी जीएसएमए के अनुसार, देश में 2030 तक 64.1 करोड़ से अधिक 5जी सब्सक्राइबर्स होने का अनुमान है, जिनकी संख्या 49% की दर से बढ़ रही है. भारत में अगले छह वर्षों में 5जी फोन सब्सक्राइबर्स की संख्या में तेजी से वृद्धि होगी और डेटा का इस्तेमाल भी तेजी से बढ़ेगा 5जी सब्सक्राइबर्स की संख्या में इस उछाल से डेटा खपत में भी भारी वृद्धि होगी.

#### चीन को भारत ने दी पटखनी, शुक्रवार को जारी रिपोर्ट में खुलासा

# भारत विश्व का सबसे बड़ा दोपहिया वाहन बाजार

**संवाददाता । नयी दिल्ली**

भारत चीन को पछाड़ दुनिया का सबसे बड़ा दोपहिया वाहन बाजार बन गया है. शुक्रवार को जारी एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है. ग्रामीण क्षेत्रों में बढ़ती मांग, अनुकूल मानसून की स्थिति और ग्रामीण विकास के लिए सरकार की पहल जैसे कारकों की वजह से भारत सबसे बड़ा दोपहिया बाजार बन कर उभरा है. काउंटरपॉइंट रिसर्च के अनुसार, वैश्विक स्तर पर 2024 की पहली छमाही में दोपहिया वाहनों की बिक्री में सालाना आधार पर 4 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई है.

दोपहिया वाहनों की बिक्री में भारत ही नहीं, यूरोप, उत्तरी अमेरिका, लैटिन अमेरिका, मध्य पूर्व और अफ्रीका में भी वृद्धि देखी गई. हालांकि, चीन और दक्षिण पूर्व



एशिया (एसईए) में दोपहिया वाहनों की बिक्री में गिरावट दर्ज हुई. वरिष्ठ विश्लेषक सौमेन मंडल ने कहा कि भारत के दोपहिया वाहन बाजार में इस वर्ष की पहली छमाही में 22 प्रतिशत का जबरदस्त उछाल देखा गया है. उन्होंने कहा, इस मजबूत प्रदर्शन से भारत चीन से आगे निकल गया और दुनिया का सबसे बड़ा दोपहिया बाजार बन गया.

भारत में इस वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में सालाना आधार पर दोपहिया वाहनों में मजबूत दोहरे अंक की वृद्धि दर्ज हुई. वहीं, चीन में 125 सीसी से कम क्षमता वाले दोपहिया वाहन लोकप्रिय बने हुए हैं, लेकिन ग्राहक रोजाना इस्तेमाल के लिए मोटरसाइकिल और स्कूटर की जगह ई-साइकिल का विकल्प चुन रहे हैं. इस बदलाव के कारण चीनी दोपहिया वाहन बाजार में, खास तौर पर इलेक्ट्रिक सेगमेंट में अस्थायी

**टॉप 10 वैश्विक दोपहिया वाहन निर्माताओं ने 2024 की पहली छमाही के दौरान 75% से अधिक बिक्री की.**

मंदी आई हुई है. दक्षिण पूर्व एशिया में, इंडोनेशिया, वियतनाम, फिलीपींस, थाईलैंड और मलेशिया जैसे प्रमुख बाजारों में भू-राजनीतिक व्यापार तनाव और कठोर ऋण मानदंड दोपहिया वाहनों की बिक्री में गिरावट की वजह बने हैं. इसके अलावा, आर्थिक अनिश्चितता के बीच ग्राहकों के सतर्क रवैये ने दोपहिया वाहनों की बिक्री को प्रभावित किया है.

टॉप 10 वैश्विक दोपहिया वाहन निर्माताओं ने 2024 की पहली छमाही के दौरान 75 प्रतिशत से अधिक बिक्री की. होंडा ने वैश्विक दोपहिया वाहन बाजार का अगुवा बना हुआ है, जिसके बाद हीरो मोटोकॉर्प, यामाहा, टीवीएस मोटर और याडिया का स्थान रहा.

टॉप 10 ब्रांड में टीवीएस मोटर सालाना आधार पर 25 प्रतिशत वृद्धि के साथ सबसे तेजी से बढ़ने वाला ब्रांड रहा . वहीं, याडिया में सालाना आधार पर 29 प्रतिशत की गिरावट के साथ सबसे अधिक गिरावट आई और कंपनी पांचवें स्थान पर खिसक गई. रिसर्च के उपाध्यक्ष नील शाह ने कहा कि विद्युतीकरण बढ़ रहा है और हमारा अनुमान है कि 2030 तक बिकने वाले 10 में से 4 दोपहिया वाहन इलेक्ट्रिक होंगे. उन्होंने कहा, दोपहिया वाहन सेगमेंट में एम्बेडेड सेलुलर कनेक्टिविटी को अपनाने में भी तेजी दिख रही है.

### नकदी संकट से जूझ रही फिनटेक फर्म लेंडिंगकार्ट, वैल्यूएशन घटा

**नयी दिल्ली ।** फिनटेक फर्म लेंडिंगकार्ट नकदी संकट से जूझ रही है. कंपनी ने वित्त वर्ष 2024-25 की जून तिमाही में 24.87 करोड़ रुपये का घाटा दर्ज किया है, जबकि पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में कंपनी को 25.63 करोड़ रुपये का मुनाफा हुआ था. कंपनी द्वारा घाटे की वजह मार्जिन कम होना है. वित्त वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही में लेंडिंगकार्ट का ऑपरेटिंग मार्जिन 12.62 प्रतिशत था, जो कि पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 31.62 प्रतिशत था. हालांकि, कंपनी की बिक्री चालू वित्त वर्ष की जून तिमाही में सालाना आधार पर 18.57 प्रतिशत बढ़कर 272.93 करोड़ रुपये रही.

### भारत 5जी नेटवर्क स्थापित करने बाद 6जी में भी तेजी से आगे बढ़ रहा

**मुंबई ।** रिकॉर्ड समय में सफलतापूर्वक 5जी नेटवर्क स्थापित करने के बाद भारत अब 6जी टेक्नोलॉजी में तेजी से आगे बढ़ रहा है. शुक्रवार को एक्सपर्ट्स की ओर से यह बयान दिया गया. संचार मंत्रालय के उप महानिदेशक सुमनेश जोशी ने कहा कि आज, हर किसी के पास एक बैंक खाता है जो वित्तीय ऋण या सूक्ष्म ऋण, सूक्ष्म बीमा, म्यूचुअल फंड और यहां तक कि शेयर-संबंधित उत्पादों जैसी नवीन सेवाओं के लिए एक मजबूत इकोसिस्टम बनाता है. एसोचैम द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए, जोशी ने कहा कि हमें अपनी ओर से बनाए गए इकोसिस्टम का फायदा उठाना है.

#### केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया बोले-

## भारत का कंटेंट क्रिएशन मार्केट 480 अरब डॉलर तक पहुंचा

**एजेंसी । नयी दिल्ली**

भारत के कंटेंट क्रिएशन मार्केट का तेजी से विस्तार हो रहा है. केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया का कहना है कि भारत दुनिया की कंटेंट क्रिएशन राजधानी बनने की ओर अग्रसर है. 2035 तक कंटेंट क्रिएशन बाजार मौजूदा 30 अरब डॉलर से बढ़कर 480 अरब डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है. राष्ट्रीय राजधानी में 'इंडिया मोबाइल कांग्रेस 2024' के दौरान एक पैनल चर्चा को संबोधित करते हुए, केंद्रीय मंत्री ने सूचना तक पहुंच की स्वतंत्रता पर जोर दिया. इसी के साथ उन्होंने डिजिटल क्रांति को लेकर 6जी जैसी नेक्स्ट जनरेशन टेक्नोलॉजी को अपनाए जाने की महत्ता पर प्रकाश डाला.

ईवाई की हाल ही में आई एक रिपोर्ट के अनुसार, इस वर्ष भारतीय कंटेंट इंडस्ट्री का आकार 30.6 अरब डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद है. विशेषज्ञों ने इस बात पर जोर दिया कि कंटेंट क्रिएशन में एआई राजस्व स्रोतों का विस्तार करने, लागत कम करने और नए बाजारों में प्रवेश करने का एक अवसर है. विशेष रूप से टियर 2 और 3 शहरों में कंटेंट कंजप्शन का



पैटर्न डेवलप हो रहा है. उन्होंने कहा कि एआई रियल टाइम में बातचीत की सुविधा प्रदान करता है, इसलिए क्रिएटिव इकॉनोमी तेजी से बढ़ने वाली है. एआई ह्यूमन क्रिएटिविटी की जगह लेने के बजाय उसके पूरक के रूप में काम करेगा. एआई क्षेत्रीय कंटेंट को बढ़ावा दे रहा है. भारत में करीब 95 प्रतिशत यूट्यूब का इस्तेमाल क्षेत्रीय भाषाओं में किया जा रहा है. जो कि बीते कुछ वर्षों में इंग्लिश-स्पीकिंग ट्रेंड से एक नए शिफ्ट को दर्शाता है. उद्योग विशेषज्ञों ने कहा कि एआई-संचालित सामग्री शिक्षा और जागरूकता बढ़ाने में मदद कर सकती है और सही जानकारी पहुंचाने में अहम भूमिका निभा सकती है.

### शेयर बाजार

#### तीन दिन की गिरावट के बाद शेयर बाजार में लौटे खरीदार

# निवेशकों ने 1 दिन में कमाए 1.05 लाख करोड़ रुपये

**एजेंसी । नई दिल्ली**

लगातार 3 दिन तक गिरावट का सामना करने के बाद घरेलू शेयर बाजार आज रिकवरी के मूड में नजर आया. शुक्रवार के कारोबार की शुरुआत भी गिरावट के साथ हुई थी. बाजार खुलने के बाद गिरावट और बढ़ती चली गई लेकिन पहले 15 मिनट के कारोबार के बाद ही बाजार में खरीदारों ने अपना जोर बना दिया, जिससे शेयर बाजार की रफ्तार में तेजी आ गई. पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.27 प्रतिशत और निफ्टी 0.42 प्रतिशत की बढ़त के साथ बंद हुए. शुक्रवार दिन भर के कारोबार के दौरान बैंकिंग, मेटल, फाइनेंशियल, यूटिलिटी, रियल्टी और ऑटोमोबाइल सेक्टर के शेयरों में लगातार खरीदारी होती रही. दूसरी ओर आईटी, ऑयल एंड गैस, टेक और एफएमसीजी इंडेक्स गिरावट के साथ बंद हुए. ब्रॉडर मार्केट में शुक्रवार को मिला-जुला कारोबार होता रहा, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 0.21 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुआ. दूसरी ओर, स्मॉलकैप इंडेक्स ने 0.16 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार का अंत किया. शेयर बाजार में आई मजबूती के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में एक लाख करोड़ रुपये से अधिक की बढ़ोतरी हो गई. बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन कारोबार के बाद बढ़ कर 458.30 लाख

### सेंसेक्स और निफ्टी ने निचले स्तर से की शानदार रिकवरी



करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया. पिछले कारोबारी दिन यानी गुरुवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 457.25 लाख करोड़ रुपये था. इस तरह निवेशकों को शुक्रवार के कारोबार से करीब 1.05 लाख करोड़ रुपये का मुनाफा हो गया.

दिन भर के कारोबार में बीएसई में 4,043 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई. इनमें 1,932 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि 2,004 शेयरों में गिरावट का रुख रहा और 107 शेयर बिना किसी उतार चढ़ाव के बंद हुए. एनएसई में 2,494 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई. इनमें से 1,183 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में और 1,311 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में बंद हुए. इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 19 शेयर बढ़त के साथ और 11 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए. निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 32 शेयर हरे निशान में और 18 शेयर लाल निशान में बंद हुए.

बीएसई का सेंसेक्स शुक्रवार 257.35 अंक की गिरावट के साथ 80,749.26 अंक के स्तर पर खुला. कारोबार की शुरुआत होते ही बिकवाली का दबाव बन जाने के कारण के ये सूचकांक अगले 15 मिनट में ही 597.36 अंक की कमजोरी के साथ 80,409.25 अंक के स्तर तक गिर गया. हालांकि इसके बाद तेजड़ियों ने बाजार में चौतरफा खरीदारी शुरू कर दी. लगातार हो रही लिवाली के सपोर्ट से ये सूचकांक निचले स्तर से 981.90 अंक उछल कर 384.54 अंक की मजबूती के साथ शुक्रवार के सर्वोच्च स्तर 81,391.15 अंक तक पहुंच गया.

#### एनएसई की 'स्टेट ऑफ स्टेट्स' रिपोर्ट में कहा

## 21 राज्यों की जीडीपी वृद्धि दर वित्त वर्ष 2025 में 11.2 % रहने का अनुमान

**एजेंसी । मुंबई**

भारत के 21 बड़े राज्यों की जीडीपी वृद्धि दर वित्त वर्ष 25 में 11.2 प्रतिशत रहने का अनुमान है. हालांकि, इस दौरान इन राज्यों के पूंजीगत खर्च में कमी देखने को मिल सकती है और यह 6.5 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 6.5 लाख करोड़ रुपये रह सकता है. यह जानकारी नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया (एनएसई) की ओर से जारी किए गए डेटा से मिली. यह 21 राज्य साथ मिलकर देश की 95 प्रतिशत अर्थव्यवस्था का प्रतिनिधित्व करते हैं. वित्त वर्ष 25 में इन राज्यों की जीडीपी 326 लाख करोड़ रहने की उम्मीद है. पूंजीगत खर्च अनुपात में 6.2 प्रतिशत के साथ पंजाब सबसे निचले स्थान पर है. गुजरात 36.2 प्रतिशत के साथ शीर्ष पर है. एनएसई की 'स्टेट ऑफ स्टेट्स' रिपोर्ट में कहा गया कि इन राज्यों की औसत जीडीपी वृद्धि दर 11.2 प्रतिशत रहने का अनुमान है, जबकि वित्त वर्ष 24 में यह आंकड़ा 11.8 प्रतिशत था. रिपोर्ट में बताया गया कि कुछ प्राप्तियां वित्त वर्ष 25 में 10.2 प्रतिशत की दर से बढ़कर 43.4 लाख करोड़ रुपये रहने का अनुमान है. पिछले वित्त वर्ष में अनुमानित वृद्धि 16.7 प्रतिशत थी. चालू वित्त वर्ष में राजस्व प्राप्तियां (कुल प्राप्तियों का 99 प्रतिशत होता है) में 10.6 प्रतिशत बढ़ोतरी का अनुमान है.

## न्यूज अपडेट

### जॉर्डन से इजराइल में घुसे हमलावर

**यरूशलम।** जॉर्डन से सीमा पार कर आए दो या तीन बंदूकधारियों ने शुक्रवार को 'डेड सी' के दक्षिण में दो इजराइली नागरिकों को घायल कर दिया. रिपोर्ट के अनुसार, एक घायल की हालत सामान्य है, जबकि दूसरा मामूली रूप से घायल है. इजराइल रक्षा बलों ने कहा कि बंदूकधारियों ने घटनास्थल पर भेजे गए इजराइली बलों पर गोलीबारी की. आईडीएफ ने कहा कि इजराइली सेना ने दो बंदूकधारियों को मार गिराया और तीसरे संभावित हमलावर की तलाश में व्यापक अभियान चलाया जा रहा है.

### शोपियां में गोलियों से छलनी शव मिला

**श्रीनगर।** जम्मू एवं कश्मीर के शोपियां जिले में शुक्रवार को पुलिस ने बिहार निवासी एक व्यक्ति का गोलियों से छलनी शव बरामद किया. पुलिस ने बताया कि शोपियां जिले के जैनपोरा क्षेत्र के वंडुना गांव में बिहार निवासी अशोक चौहान का गोलियों से छलनी शव बरामद किया गया. शव को चिकित्सकीय-कानूनी औपचारिकताओं को पूरा करने के लिए भेज दिया गया है. पुलिस ने पुष्टि की है कि यह आतंकवादी कृत्य है. हत्यारों का पता लगाने के लिए तलाशी अभियान शुरू कर दिया गया है.

### सूडान में डेंगू बुखार के 2,500 मामले

**खार्तूम।** सूडान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि देश के पांच राज्यों में डेंगू बुखार के 2,520 मामले दर्ज किए गए हैं, जिनमें से 13 की मौत हो गई. खार्तूम, उत्तरी कोर्डोफन, कसाला, गेदारेफ और सिन्नर राज्यों में संक्रमण की सूचना मिली है. उन्होंने महामारी से निपटने के अभियान को आगे बढ़ाने की आवश्यकता पर बल दिया. अप्रैल 2023 में सूडानी सशस्त्र बलों और रैपिड सपोर्ट फोर्स के बीच लड़ाई शुरू होने के बाद से, हैजा, मलेरिया और डेंगू बुखार जैसी महामारियां फैल गई हैं.

### जापान-अमेरिका अभ्यास पर विवाद

**टोक्यो।** जापान भर में कई सिविल ग्रुप्स ने स्थानीय सरकारों को विरोध पत्र और संयुक्त याचिकाएं प्रस्तुत कीं. इनमें जापान और अमेरिका के बीच होने वाले संयुक्त सैन्य अभ्यास का विरोध किया गया. जापान और अमेरिका 25 अक्टूबर से 1 नवंबर तक जापान के विभिन्न एयरपोर्ट और बंदरगाहों पर संयुक्त सैन्य अभ्यास करेंगे. 35 सिविल ग्रुप्स ने किताकियुशू शहर की सरकार को एक संयुक्त याचिकाएं प्रस्तुत कीं. इनमें सैन्य अभ्यास के लिए किताकियुशू एयरपोर्ट का इस्तेमाल रद्द करने की अपील की गई.

### बढ़ते जा रहे लेप्टोस्पायरोसिस मामले

**मनीला।** फिलीपींस के स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों में कहा गया है कि यहां लेप्टोस्पायरोसिस के मामले लगातार बढ़ रहे हैं. जनवरी से 5 अक्टूबर तक स्वास्थ्य विभाग ने 5,835 मामले दर्ज किए, जो पिछले साल की इसी अवधि की तुलना में 16 प्रतिशत अधिक है. इस बीच देश भर में 509 मौतें दर्ज की गई हैं. लेप्टोस्पायरोसिस एक जीवाणु संक्रमण है, जो आमतौर पर जानवरों के मूत्र से दूषित पानी के माध्यम से फैलता है. संक्रमित जानवरों के मूत्र या मूत्र-दूषित वातावरण के सीधे संपर्क में आने से यह वायरस फैलता है.

### घरों पर लाल निशान का वीडियो वायरल

**बहराइच।** उत्तर प्रदेश के बहराइच में हुई हिंसा के बाद अवैध अतिक्रमण की कार्रवाई की संभावना जताई जा रही है. स्थल पर लाल क्रास के निशान के वीडियो वायरल हो रहे हैं, लेकिन अधिकारियों का कहना है कि निशान बहुत पुराने हैं और समय-समय पर जहां आवश्यकता होती है, वहां निशान लगाए जाते हैं. जानकारों की मानें तो कुछ दिन पहले महसी के विभिन्न कस्बों में चौक चौराहों पर अवैध अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाया गया था. कस्बे में सड़क की पटरियों पर अतिक्रमण का चिन्हांकन कर निशान लगाए जा चुके हैं.

### दलितों को बांटने की साजिश : मायावती

**लखनऊ।** हरियाणा की नायब सिंह सैनी सरकार ने पहली ही कैबिनेट बैठक में अनुसूचित जाति आरक्षण में उप-वर्गीकरण लागू करने का निर्णय लिया. इस पर बसपा सुप्रीमो मायावती ने भाजपा पर निशाना साधते हुए आरक्षण समाप्त करने वाला फैसला बताया. उन्होंने हरियाणा की भाजपा सरकार के फैसले पर नाराजगी जताते हुए कहा कि आरक्षण कोटे के भीतर कोटा की नई व्यवस्था लागू करने का फैसला दलितों को फिर से बांटने और उन्हें आपस में ही लड़ाते रहने का षड्यंत्र है.

### तुर्की में बड़ा हादसा, 7 लोगों की मौत

**अंकारा।** तुर्की के मध्य अक्सराय प्रांत में शुक्रवार को एक बस के पलट जाने से कम से कम सात लोगों की मौत हो गई और 33 अन्य घायल हो गए. रिपोर्ट में कहा गया कि घायलों में से कुछ की हालत गंभीर है, लेकिन अधिकारी अभी भी उन लोगों की पहचान करने में जुटे हैं, जिन्होंने अपनी जान गंवाई.अक्सराय के प्रांतीय गवर्नर मेहमत अली कुम्बुजोग्लू ने बताया कि टूरिस्ट बस अक्सराय शहर से 25 किलोमीटर दूर पलट गई. घायलों को नजदीकी अस्पतालों में भर्ती कराया गया है और दुर्घटना की जांच शुरू कर दी गई है.

### ताइवान के ऑफ़िस पर बिफरा चीन

**नयी दिल्ली।** मुंबई में ताइवान के नए ऑफ़िस खुलने पर चीन ने अपनी प्रतिक्रिया ज़ाहिर की है. भारत में चीनी दूतावास की प्रवक्ता यू जिंग ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट लिखते हुए कहा कि दुनिया में एक ही चीन है और ताइवान चीन का अभिन्न हिस्सा है. चीन अपने साथ राजनयिक संबंध रखने वाले किसी भी देश के ताइवान के साथ आधिकारिक संपर्क का कड़ा विरोध करता है. इसमें एक-दूसरे के यहां कार्यालय खोलना भी शामिल है. हमने इस मुद्दे को भारत के समक्ष गंभीरता से उठाया है.

सिनवार के मारे जाने की पुष्टि हमास ने की, 7 अक्टूबर के हमले के सूत्रधार की मौत को अमेरिका ने बताया 'अच्छा दिन'

# इजराइल का 'दुश्मन नंबर वन' मारा गया

लगातार न्यूज नेटवर्क

इजराइल ने हमास लीडर याह्या सिनवार को बुधवार को मार गिराया. उसे पिछले एक साल से सिनवार की तलाश थी. इस ऑपरेशन से जुड़ी जो जानकारियां अब सामने आ रही हैं उसके मुताबिक इजराइली सैनिकों को यह पता भी नहीं था कि उन्होंने यहूदी राष्ट्र के 'दुश्मन नंबर वन' को मार गिराया. इजराइल ने गुरुवार रात याह्या सिनवार की मौत की आधिकारिक रूप से घोषणा की. हमास के एक वरिष्ठ सदस्य ने अपने गुट के नेता याह्या सिनवार की मौत की पुष्टि की है. अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने हमास नेता याह्या सिनवार की हत्या को इजराइल के लिए 'अच्छा दिन' बताया.

इजराइल डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) और शिन बेट सिक्योरिटी एजेंसी ने एक बयान में कहा कि 7 अक्टूबर के हमले और नरसंहार का सूत्रधार सिनवार, बुधवार को दक्षिणी गाजा के राफा में गोलीबारी में मारा गया. टाइम्स ऑफ इजराइल की 17 अक्टूबर की एक रिपोर्ट के मुताबिक सिनवार को सीधे तौर पर निशाना नहीं बनाया गया. सैनिकों ने जब गुरुवार सुबह घटनास्थल का निरीक्षण किया, तब उन्हें पता चला कि मुठभेड़ में मारे गए तीन आतंकवादियों में से एक सिनवार था. डीएनए और अन्य जांच के आधार पर पुष्टि की गई कि शव वास्तव में सिनवार का ही था. सिनवार की उंगली का एक हिस्सा जांच के लिए इस्तेमाल किया गया. उसके शव को निकाला गया और गुरुवार को इजराइल लाया गया. एक संयुक्त बयान में, आईडीएफ और शिन बेट ने कहा कि इजराइल की सैन्य गतिविधियों ने धीरे-धीरे सिनवार के संचालन क्षेत्र को सीमित कर दिया, जिसके कारण आखिरकार उसकी मौत हुई.

इजराइल के मुताबिक वह पिछले साल हुए 7 अक्टूबर के हमले का मास्टरमाइंड था. इस हमले में 1200 लोगों की मौत हुई थी जबकि 250 से अधिक लोगों को बंधक बना लिया गया था. इस हमले के बाद यहूदी राष्ट्र ने हमास के खिलाफ युद्ध का ऐलान कर दिया और फिलिस्तनी ग्रुप के कंट्रोल वाले गाजा पट्टी पर हमले शुरू कर दिए. इजराइल के सैनिक अभियान ने गाजा में भारी तबाही मचाई है. अलजजीरा की की रिपोर्ट के मुताबिक 7 अक्टूबर 2023 से अब तक गाजा में इजराइली हमलों में कम से कम 42,438 लोग मारे गए हैं और 99,246 घायल हुए हैं.



साल 2017 में मिस्र की सीमा पर याह्या सिनवार. सिनवार को 'खान यूनिस का कसाई' भी कहा जाता था। फाइल फोटो

### याह्या सिनवार की मौत : ईरान ने बताया 'रोल मॉडल' हिजबुल्लाह ने कहा- जंग का नया चरण होगा शुरू


याह्या सिनवार की इजराइली हमले में मौत के बाद यूएन में ईरान के मिशन ने हमास लीडर को 'रोल मॉडल' बताया. वहीं हिजबुल्लाह ने इजराइल के खिलाफ युद्ध के 'एक नए और उग्र चरण में प्रवेश' का ऐलान किया. मिशन ने सिनवार के अंतिम क्षणों की ड्रोन फुटेज से ली गई एक स्टिल इमेज शेयर की और सिनवार की तुलना इराकी तानाशाह सद्दाम हुसैन से की. मिशन ने पोस्ट में कहा कि हालांकि, जब मुसलमान शहीद सिनवार को युद्ध के मैदान में खड़े हुए देखेंगे – युद्ध की पोशाक में और खुले में, दुश्मन का सामना करते हुए – तो प्रतिरोध की भावना मजबूत होगी. वह उन युवाओं और बच्चों के लिए आदर्श बनेगा जो फिलिस्तीन की मुक्ति की दिशा में उसके मिशन को आगे बढ़ाएंगे. जब तक कब्जा और हमला जारी है, तब तक प्रतिरोध जारी रहेगा, क्योंकि शहीद हमेशा जीवित और प्रेरणा का स्रोत रहेगा. मिशन ने सिनवार की जो तस्वीर शेयर की वो मौत से चंद सेकेंड्स पहले की है. तस्वीर में सिनवार सोफे पर बैठा हुआ है, उसका एक हाथ घायल है और सिर पर कपड़ा बंधा हुआ है जिससे उसका मुंह भी ढका है. वहीं, लेबनान के हिजबुल्लाह ने कहा कि वह इजराइल के खिलाफ अपने युद्ध में एक नया चरण शुरू कर रहा है, उसने कहा कि उसने सैनिकों को निशाना बनाने के लिए सटीक–निर्देशित मिसाइलों का इस्तेमाल किया. बुधवार देर रात एक बयान में ईरान ने 'इजराइली दुश्मन के साथ टकराव में एक नए और उग्र चरण' की घोषणा की. उन्होंने कहा कि सटीक–निर्देशित मिसाइलों का "पहली बार इस्तेमाल किया जा रहा है.

### हमास बोला-फ़लस्तीनी लोगों की महत्वकांक्षाओं को पूरा करने के अपने रास्ते पर वह चलता रहेगा

हमास के एक वरिष्ठ सदस्य ने अपने गुट के नेता याह्या सिनवार की मौत की पुष्टि की है. एक वीडियो संदेश में हमास के डिप्टी लीडर ख़लील अल–हय्या ने कहा है कि उनका गुट फ़लस्तीनी लोगों की महत्वकांक्षाओं को पूरा करने के अपने रास्ते पर चलता रहेगा. उन्होंने ये भी कहा है कि सिनवार की मौत से हमास और मज़बूत ही होगा. उन्होंने ये भी कहा कि बीते साल सात अक्तूबर को इसराइल से बंधक बनाकर लाए गए लोगों को तब तक नहीं रिहा किया जाएगा, जब तक ग़ज़ा में इसराइली कार्रवाई ख़त्म नहीं होती और उनके सैनिक ग़ज़ा पट्टी से पूरी तरह पीछे नहीं हट जाते.

### यह इजराइल और फिलिस्तीन के बीच राजनीतिक समझौते के लिए एक अच्छा 'अवसर' : जो बाइडेन

अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने हमास नेता याह्या सिनवार की हत्या को इजरायल के लिए 'अच्छा दिन' बताया. उन्होंने कहा कि सिनवार की मौत ने



इजराइल और फिलिस्तीन के बीच राजनीतिक समझौते के लिए एक 'अवसर' प्रस्तुत किया है. बाइडेन ने कहा कि यह इजराइल, अमेरिका और पूरी दुनिया के लिए 'अच्छा दिन' है. मेरे इजराइली दोस्तों के लिए, यह निस्संदेह राहत और यादों का दिन है, वैसा ही दिन जैसा कि 2011 में राष्ट्रपति ओबामा द्वारा ओसामा बिन लादेन को मारने का आदेश दिए जाने के बाद अमेरिका ने देखा था. दुश्मनी खत्म करने की अपील करते हुए बाइडेन ने कहा कि अब गाजा में हमास के सत्ता में न रहने और एक राजनीतिक समझौते के लिए मौका है जो इजराइलियों और फिलिस्तीनियों दोनों के लिए बेहतर भविष्य प्रदान करता है. याह्या सिनवार उन सभी लक्ष्यों को हासिल करने में एक बड़ी रुकावट था. यह बाधा अब मौजूद नहीं है, लेकिन हमारे सामने बहुत काम बाकी है. कहा कि आतंकवादी समूह हमास के नेता के रूप में सिनवार हजारों इजरायलियों, फिलिस्तीनियों, अमेरिकियों और 30 से अधिक देशों के नागरिकों की मौत के लिए जिम्मेदार था.

### याह्या सिनवार : एक 'ग्लोबल टेरेरिस्ट', सतर्क व चालाक व्यक्ति

हमास नेता याह्या सिनवार का जन्म अक्टूबर 1962 में दक्षिणी गाजा पट्टी के खान यूनिस शरणार्थी कैंप में हुआ था. खान यूनिस के स्कूलों में शिक्षा प्राप्त करने के बाद सिनवार ने गाजा की इस्लामिक यूनिवर्सिटी में दाखिला लिया, जहां से उन्होंने अरबी भाषा में स्नातक की डिग्री हासिल की. इसके बाद साल 2011 में शादी की जिससे तीन बच्चे हैं.

सिनवार को पहली बार 1982 में 20 साल की उम्र में हिंसक गतिविधियों में शामिल होने के कारण गिरफ्तार किया गया. चार महीने तक प्रशासनिक हिरासत में रखा गया. रिहाई के एक सप्ताह बाद ही फिर से गिरफ्तार किया गया और बिना मुकदमे के छह महीने तक जेल में रखा गया. 1985 में एक बार फिर गिरफ्तार किया गया और आठ महीने की सजा सुनाई गई. साल 1988 में भी सिनवार की गिरफ्तारी हुई. उस पर दो इजराइली सैनिकों के अपहरण और हत्या के साथ ही इजरायल की मदद के संदेह में चार फिलिस्तीनियों की हत्या का आरोप लगाया गया. इस मामले में आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई. सिनवार ने इजराइल की जेलों में हमास कैदियों की सर्वोच्च नेतृत्व समिति का नेता बना, जहां भूख हड़ताल



पर बैठे बंदियों संग जेल अधिकारियों के संघर्ष को मैनेज करने का काम किया. सिनवार ने जेल में रहते हुए कई बार भागने की कोशिश की, लेकिन कोशिश असफल रहीं. इसी दौरान सिनवार ने अपने खाली समय का उपयोग पढ़ाई और लेखन में किया. हिब्रू सीखी और राजनीतिक, सुरक्षा और साहित्यिक क्षेत्रों में कई किताबें लिखीं और कुछ का अनुवाद किया. साल 2011 में इजराइली सैनिकों के बदले कैदियों की रिहाई समझौते के तहत रिलीज किया गया.

रिहाई के बाद, सिनवार को साल 2012 में हमास के राजनीतिक ब्यूरो के तौर पर चुना गया, जहां उन्होंने सुरक्षा मामलों की जिम्मेदारी संभाली. साल 2013 में हमास की सैन्य शाखा अल–कासम ब्रिगेड का नेतृत्व किया. 2017 में गाजा आंदोलन के राजनीतिक ब्यूरो का प्रमुख चुना गया, और 2021 में फिर से चार साल के लिए इसी पद पर दोबारा चुन लिया गया. सिनवार के घर पर कई बार बमबारी की गई. अमेरिका का घोषित 'ग्लोबल टेरेरिस्ट' एक सतर्क और चालाक व्यक्ति के रूप में जाना जाता रहा. इसकी पहचान सार्वजनिक रूप से बहुत कम बोलने वाले शख्स की रही. सिनवार को साल 2023 में 7 अक्टूबर को इजराइल पर हुए हमास के हमले का मुख्य आर्किटेक्ट माना जाता है. इस्माइल हानिया की तेहरान में हत्या के बाद अगस्त में हमास ने सिनवार को अपना नेता नियुक्त किया था.

अमेरिका की एक ग्रैंड जूरी की तरफ से मामले में तय किए गए आरोप

## पूर्व रॉ अधिकारी विकास यादव ने पन्नू के मर्डर की रची साजिश

एजेंसी। न्यूयॉर्क

अमेरिकी अभियोजकों ने खालिस्तानी अलगाववादी गुरपतवंत सिंह पन्नू की कथित हत्या की नाकाम साजिश में रॉ के पूर्व सीनियर फील्ड अधिकारी विकास यादव के खिलाफ आरोप लगाए हैं. अटॉर्नी जनरल मेरिक गारलैंड ने गुरुवार को कड़े शब्दों में कहा कि आज के आरोप दर्शाते हैं कि न्याय विभाग अमेरिकियों को निशाना बनाने, उन्हें खतरे में डालने, प्रत्येक अमेरिकी नागरिक के अधिकारों को कमजोर करने की कोशिशों को बर्दाश्त नहीं करेगा. यादव को 'एक भारतीय सरकारी कर्मचारी' बताते हुए उन्होंने कहा कि न्याय विभाग ऐसे किसी भी व्यक्ति को जवाबदेह ठहराने की पूरी कोशिश करेगा जो अमेरिकी नागरिकों को नुकसान पहुंचाने और चुप कराने की कोशिश करता है, चाहे वह किसी भी सत्ता के कितना भी करीब क्यों न हो.

यादव और उनके कथित सह-साजिशकर्ता निखिल गुप्ता के खिलाफ दायर आरोपों को गुरुवार को न्यूयॉर्क के संघीय दक्षिणी जिले की अदालत में उजागर किया गया. आरोप एक ग्रैंड जूरी की तरफ से तय किए गए, जो नागरिकों का एक पैनल है. यह पैनल अभियोजन पक्ष द्वारा मामले की शुरुआती प्रेजेंटेशन के बाद यह फैसला लेता है कि पहली नजर में मामला बनता है या नहीं. यादव पर गुप्ता के साथ तीन आरोप लगाए गए हैं. इनमें एक हत्यारे को किराए पर लेने की साजिश, 'मर्डर फॉर हायर' की साजिश, और मनी लॉन्ड्रिंग शामिल हैं. अभियोजन पक्ष की ओर से दायर आरोप-पत्र में ब्रिटिश कोलंबिया में कनाडा स्थित सिख अलगाववादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या का संदर्भ दिया गया, जिसके कारण भारत और कनाडा के बीच संबंधों में गंभीर गिरावट आई.



### दस्तावेज में सैन्य वर्दी पहने यादव की तस्वीर भी

अदालत के दस्तावेजों में सैन्य वर्दी पहने यादव की एक तस्वीर भी शामिल है. अभियोजकों द्वारा दायर 18–पेजों के डॉक्यूमेंट में किसी अन्य भारतीय अधिकारी का नाम नहीं है. न ही इसमें अलगाववादी समूह सिख फॉर जस्टिस के नेता गुरपतवंत सिंह पन्नून का नाम है, जो कथित तौर पर कथित साजिश का लक्ष्य था. इसमें केवल इतना कहा गया कि 'पीड़ित' 'एक वकील और राजनीतिक कार्यकर्ता है जो न्यूयॉर्क शहर में रहने वाला भारतीय मूल का अमेरिकी नागरिक है' और खालिस्तान की स्थापना के लिए 'पंजाब के अलगाव की वकालत करने वाले एक अमेरिकी–बेस्ड संगठन' का नेतृत्व करता है. इसमें कहा गया कि भारत सरकार ने 'पीड़ित' और उसके अलगाववादी संगठन पर प्रतिबंध लगा दिया है.

### रिपोर्ट: 2035 तक 3.84 मिलियन श्रमिकों की कमी से जूझेगा जापान

**टोक्यो।** एक रिपोर्ट में यह बात सामने आई है कि जापान को 2035 तक 3.84 मिलियन श्रमिकों की कमी का सामना करना पड़ेगा. इसका मतलब है कि प्रतिदिन 17.75 मिलियन घंटे का नुकसान होगा. जिजी प्रेस ने पर्सोल रिसर्च एंड कंसल्टिंग कंपनी और चुओ यूनिवर्सिटी की एक रिपोर्ट में दावा किया है कि '2023 की तुलना में श्रमिकों की कमी 1.85 गुना बढ़ने का अनुमान है.

ऐसा इसलिए क्योंकि देश में कामगारों के पक्ष में कार्यशैली सुधार नीति बनाई गई है. ये कार्य और जीवन के बीच सामंजस्य बिठाने के लिए किया गया है, इसकी वजह से ही व्यक्तिगत कार्य घंटों में कमी आई है. मजदूरों की जरूरत जो 2023 में 67.47 मिलियन थी वो 2035 में बढ़कर 71.22 मिलियन होने की उम्मीद है. इसमें महिलाएं, बुजुर्ग कर्मचारी और विदेशी नागरिक शामिल होंगे. इसके साथ ही विदेशी श्रमिकों की संख्या में भी वृद्धि होने का अनुमान है और ये 2.05 मिलियन से बढ़कर 3.77 मिलियन हो जाएगा. हालांकि, 2035 तक प्रति व्यक्ति औसत काम के घंटों में 8.8 प्रतिशत की कमी आने की उम्मीद है, जिसका मुख्य कारण कामगारों की ढलती उम्र और जापानी सरकार द्वारा कार्य शैली सुधार नियम है. श्रमिकों की कमी से निपटने के लिए रिपोर्ट में कार्यशैली सुधारों की आवश्यकता पर बल दिया गया है.

## पुलिस को सलमान के लिए मिला बिश्नोई गैंग का धमकी भरा संदेश

- 5 करोड़ दो या बाबा सिद्दीकी जैसा हश्र भुगतो, कड़ी की गई अभिनेता की सुरक्षा

एजेंसियां। मुंबई



मुंबई ट्रैफिक पुलिस को अभिनेता सलमान खान के लिए लॉरेंस बिश्नोई गैंग की ओर से धमकी मिली है. लॉरेंस बिश्नोई गैंग ने मुंबई ट्रैफिक पुलिस के व्हाट्सएप नंबर पर मैसेज भेजा है. इसमें सलमान खान से पांच करोड़ रुपये की मांग की गई है. मैसेज भेजने वाले ने लॉरेंस बिश्नोई गैंग के हवाले से कहा है कि अगर सलमान खान जिंदा रहना चाहते हैं और लॉरेंस बिश्नोई गैंग से दुश्मनी खत्म करना चाहते हैं, तो उन्हें पांच करोड़ रुपए देने होंगे. इसे हल्के में लेने की गलती न करें. मैसेज में कहा गया कि अगर उन्होंने पैसे नहीं दिए, तो उनका हाल बाबा सिद्दीकी से भी बुरा होगा. मुंबई पुलिस ने कहा कि मामले की जांच शुरू कर दी गई है. मामले में मुंबई पुलिस ने वर्ली पुलिस स्टेशन में मुकदमा दर्ज किया है. मामले की गंभीरता को देखते हुए मुंबई पुलिस ने इस पूरे मामले में जांच शुरू कर दी है.

**सलमान के फार्म की रेकी करते सुक्खा गिरफ्तार:** इस धमकी भरे मैसेज के बाद महाराष्ट्र के रायगढ़ में सलमान खान के पनवेल फार्महाउस के आसपास सुरक्षा बढ़ा दी गई. इससे पहले, गुरुवार को नवी मुंबई की पनवेल पुलिस ने हरियाणा के पानीपत से शूटर सुक्खा को गिरफ्तार किया था. सुक्खा पूर्व में सलमान खान के पनवेल फार्महाउस की रेकी करने और गोली चलाने वाले आरोपियों के साथ शामिल था. गिरफ्तारी के बाद उसे नवी मुंबई में लाया गया है और उसके खिलाफ एफआईआर भी दर्ज की गई है. पुलिस के अनुसार, सुक्खा एक बड़े आपराधिक नेटवर्क का हिस्सा है और इससे पहले भी कई गंभीर आपराधिक गतिविधियों में शामिल रहा है. उसकी गिरफ्तारी के बाद, पुलिस अब यह जांच करेगी कि वह किसके साथ सांठगांठ में था और इस साजिश में अन्य कौन लोग शामिल थे. इस गिरफ्तारी के साथ ही, पुलिस ने सलमान खान की सुरक्षा को लेकर एक बड़ी साजिश का पर्दाफाश किया है. जांच एजेंसियां तेजी से कार्रवाई कर रही हैं ताकि सभी संबंधित लोगों को पकड़ा जा सके. बता दें बीते दिनों ही मुंबई में एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी की गोली मार कर हत्या कर दी गई थी. इस हत्या की जिम्मेदारी लॉरेंस बिश्नोई गैंग ने ली है. अप्रैल महीने से ही सलमान लॉरेंस बिश्नोई गैंग के रडार पर हैं. इस मामले को लेकर अभिनेता 4 जून को मुंबई पुलिस के सामने एक बयान भी दर्ज करा चुके हैं. इस बयान के मुताबिक लॉरेंस बिश्नोई ने अपने गिरोह के सदस्यों की मदद से उनके घर के बाहर गोलीबारी की घटना को अंजाम दिया.

**बड़ी उपलब्धि** भारतीय मूल के वैज्ञानिक के नेतृत्व में एक टीम ने की प्रोटीन के नए कार्य की खोज

## उम्र संबंधी बीमारियों के इलाज के लिए खुले नए रास्ते!

एजेंसी। टोरंटो

भारतीय मूल के एक वैज्ञानिक के नेतृत्व में शोधकर्ताओं की एक टीम ने प्रोटीन के नए फंक्शन की खोज की है, जिससे उम्र से संबंधित बीमारियों का इलाज किया जा सकता है. कनाडा के मैकमास्टर विश्वविद्यालय की टीम ने एक प्रोटीन का एक नया, अज्ञात कोशिका-सुरक्षात्मक कार्य खोजा है, जो उम्र संबंधी बीमारियों के इलाज के लिए नए रास्ते खोल सकता है और बुढ़ापे के दौरान व्यक्ति को स्वस्थ बनाए रखने की दिशा में काम करता है.

नेशनल एकेडमी ऑफ साइंसेज की पत्रिका में प्रकाशित अध्ययन के अनुसार, कोशिकाएं प्रोटीन को गलत तरीके से बना सकती हैं, और सफाई प्रक्रिया बाधित हो सकती है. इसके परिणामस्वरूप, प्रोटीन एक साथ चिपक सकते हैं, जिससे हानिकारक जमाव हो सकता है जो अल्जाइमर और पार्किंसन जैसी बीमारियों से जुड़ा है. शोध की देखरेख करने वाले प्रोफेसर भगवती गुप्ता ने कहा कि प्रोटीन इकट्ठा होने से यदि कोशिकाएं तनाव का अनुभव कर रही हैं तो एंडोप्लाज्मिक रेटिकुलम को इन प्रोटीनों को बनाना बंद करने का संकेत मिलता है. शोध टीम ने पाया कि एमएएनएफ नामक सुरक्षात्मक प्रोटीन का एक वर्ग कोशिकाओं को कुशल और स्वस्थ बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है. पहले के अध्ययनों से पता चला था कि एमएएनएफ कोशिकीय तनाव को कम करने में मदद करता है.

### सेलुलर होमियोस्टेसिस में एमएएनएफ की भूमिका की खोज का उपयोग उपचार को विकसित करने में होगा

ब्रिटिश कोलंबिया विश्वविद्यालय में पोस्ट–डॉक्टरल फेलो शेन टेलर ने कहा कि एमएएनएफ मनुष्यों सहित सभी जानवरों में मौजूद है. हम मौलिक और यांत्रिक विवरण सीख रहे हैं, जिन्हें बाद में उच्च प्रणालियों में परखा जा सकता है. गुप्ता ने कहा कि सेलुलर होमियोस्टेसिस में एमएएनएफ की भूमिका की खोज से पता चलता है कि इसका उपयोग मस्तिष्क और शरीर के अन्य भागों को प्रभावित करने वाली बीमारियों के उपचार को विकसित करने के लिए किया जा सकता है, जो कोशिकीय प्रक्रियाओं को लक्षित करके, कोशिकाओं में इन विषाक्त गांठों को साफ करके और उनके स्वास्थ्य को बनाए रखकर किया जाता है.



**सी एलिगेंस नामक सूक्ष्म कृमियों का अध्ययन :** टीम ने यह समझने की कोशिश की कि यह कैसे होता है, इसके लिए उन्होंने सी एलिगेंस नामक सूक्ष्म कृमियों का अध्ययन किया. उन्होंने सी एलिगेंस में एमएएनएफ की मात्रा में हेरफेर करने के लिए एक प्रणाली बनाई. टीम ने पाया कि एमएएनएफ कोशिकाओं पर महत्वपूर्ण तरीके से काम करती है क्योंकि यह प्रोटीन को तोड़कर कोशिकाओं को स्वस्थ और अव्यवस्था मुक्त रखते में मदद करती है. एमएएनएफ के स्तर में वृद्धि से कोशिकाओं के भीतर एक प्राकृतिक सफाई प्रणाली भी सक्रिय हो जाती है.

## न ईसी और न एससी निष्पक्ष; दोनों भाजपा की बी, सी व डी टीम : राउत

- कहा– विपक्ष को टॉरगेट करने में करते हैं सरकार का सहयोग

एजेंसियां। मुंबई

महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव का बिगुल बजने के बाद शिवसेना (उद्धव ठाकरे) सांसद संजय राउत केंद्र सरकार और सत्तारूढ़ भाजपा पर हमलावर हो गए हैं. इसके साथ ही वह चुनाव आयोग और सुप्रीम कोर्ट पर भी हमला बोल रहे हैं.

राउत ने आरोप लगाया है कि न तो चुनाव आयोग और न ही सुप्रीम कोर्ट निष्पक्ष हैं. राउत ने चुनाव आयोग पर कटाक्ष करते हुए दावा किया कि वहां बैठे लोग पक्षपाती हैं.



शुक्रवार को समाचार एजेंसी एएनआई से उन्होंने कहा, चुनाव आयोग ने कुछ महत्वपूर्ण निर्णय दिए हैं, और हमें लगता है कि वे निर्णय महा विकास अघाड़ी के हितों के खिलाफ हैं, और वे फैसले एकनाथ शिंदे और भाजपा की मदद करेंगे. राउत यहीं नहीं रुके. उन्होंने कहा, चुनाव आयोग और सुप्रीम कोर्ट तटस्थ नहीं हैं. वे भाजपा की बी, सी और डी टीम हैं. राउत ने बीजेपी पर विपक्षी पार्टियों को टारगेट करने के लिए केंद्रीय एजेंसियों का गलत तरीके से इस्तेमाल करने का भी आरोप लगाया. उन्होंने इन कोशिशों की तुलना शिवसेना और एनसीपी के खिलाफ पॉलिटिकल एनकाउंटर से की. उन्होंने कहा, मेरे जैसे लोग जेल गए और वापस भी आ गए. हम जानते हैं कि टारगेट पर कौन है और बीजेपी क्या कर रही है. यह बीजेपी का बिश्नोई गैंग है. उनके हाथों में हथियार नहीं हैं, लेकिन उनके पास सीबीआई और ईडी है. इसका इस्तेमाल वह हम पर हमला करने के लिए कर रहे हैं. इसके बाद भी हम मजबूती से खड़े हुए हैं.

मुद्रक तथा प्रकाशक लगातार इंफोटेनमेंट प्राईवेट लिमिटेड द्वारा लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के पक्ष में, सिमलिया, रिंग रोड, पीएस-रातू, रांची - 835222 से मुद्रित तथा राजकमल प्लाजा, रूम नंबर 102 जयप्रकाश नगर, डीनोवली स्कूल रोड बरटांड़, धनबाद-826001 झारखंड द्वारा प्रकाशित.
संपादक - **सुरजीत सिंह**, स्थानीय संपादक - **दीपक कुमार अम्बष्ठ***. फोन नंबर- 0651-2961734 आर.एन.आई. नंबर - **JHAHIN/2023/84487** ( *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार.)